CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 19°C

मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 17 अप्रैल 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 89 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2083 28 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



नोएडा प्रकरण: 66 गिरफ्तारियों में 45 गैर-श्रमिक पेज 2



विराट कोहली ऑरेंज कैप की रेस में शीर्ष पर पहुंचे खेल टाइम्स




मोटर इंश्योरेंस में रखें इन बातों का ध्यान सम्पादकीय



परमाणु-स्पेस पर रिसर्च करने वाले पांच अमेरिकी वैज्ञानिक गायब पेज 12

## गाजियाबाद में 500 झुग्गियों में लगी भीषण आग

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ एक-एक कर फटे सिलेंडर, सभी लापता बच्चे मिले

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के कनवानी गांव में गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे अचानक भीषण आग लग गई। इस अग्निकांड में 500 से अधिक झुग्गियां देखते ही देखते जल उठीं। आग की लपटें इतनी विकराल थीं कि दूर से ही दिखाई दे रही थीं, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

आग में करीब छह बच्चों के लापता होने की आशंका थी। लेकिन सभी बच्चे मिल गए हैं। कुछ बच्चे भीड़ के बीच होने की वजह से परिजनों को नहीं मिले और कुछ घटनास्थल से दूर खेल रहे थे। बच्चों के मिलने के बाद परिवार वालों की जान में जान आई। आग लगने के तुरंत बाद झुग्गियों में रखे रसोई गैस सिलेंडर एक-एक करके फटने लगे। इन धमाकों की आवाज से पूरा क्षेत्र दहल उठा और लोगों में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस बल और दमकल विभाग की कई टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने बिना देरी किए आग बुझाने का काम शुरू कर दिया। आग पर काबू पाने के लिए दर्जनों दमकल गाड़ियां लगाई गई हैं। अग्निशमन अभियान में कई घंटे लगने की संभावना है, क्योंकि आग बड़े क्षेत्र में फैली है।

# इजरायल और लेबनान के बीच 10 दिन का युद्धविराम

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में लंबे समय से जारी तनाव के बीच एक अहम कूटनीतिक पहल सामने आई है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने घोषणा की है कि इजरायल और लेबनान के बीच 10 दिनों के युद्धविराम पर सहमति बन गई है।

डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि मेरी अभी लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन और इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू से बहुत अच्छी बातचीत हुई। जिसके बाद दोनों देशों ने शांति की दिशा में कदम बढ़ाते हुए युद्धविराम पर सहमति जताई। दुनिया भर में नौ युद्धों को सुलझाना मेरे लिए सम्मान की बात रही है और यह मेरा 10वां होगा, तो चलिए इसे पूरा करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, दोनों देशों के प्रतिनिधि 34 वर्षों में पहली बार वाशिंगटन डीसी में आमने-सामने मिले। इस बैठक में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो भी मौजूद रहे। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने उपराष्ट्रपति और सैन्य अफसरों को निर्देश दिया है कि वे इस अस्थायी युद्धविराम को स्थायी शांति में बदलने के लिए दोनों देशों के साथ काम करें। इससे पहले मंगलवार को अमेरिका ने इजरायल और लेबनान के बीच एक महत्वपूर्ण त्रिपक्षीय बैठक की मेजबानी की, जो 1993 के बाद पहली उच्चस्तरीय पहल थी। अमेरिकी विदेश विभाग के अनुसार, इस बैठक में प्रत्यक्ष वार्ता शुरू करने, युद्धविराम लागू करने, सुरक्षा सहयोग बढ़ाने और व्यापक शांति ढांचे की दिशा में आगे बढ़ने पर सहमति बनी। बैठक में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, काउंसलर माइकल नीडहैम, लेबनान में अमेरिकी राजदूत लिसा ए. जानसन, अमेरिका में इजरायल के राजदूत येचियल लेटर और अमेरिका में लेबनान की राजदूत नादा हमादेह मोवावाद शामिल हुए।



■ डोनाल्ड ट्रम्प का दावा: शांति की दिशा में बड़ा कदम
■ 34 साल बाद आमने-सामने बातचीत

### अमेरिका ने ईरान से निकल रहे 13 जहाजों को लौटाया

**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिकी सेना ने कहा है कि उसने ईरान के बंदरगाहों से निकलने की कोशिश कर रहे 13 जहाजों को वापस लौटा दिया। अमेरिकी सेना ने ईरान के समुद्री इलाके में नाकाबंदी कर रखी है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के मुताबिक, सोमवार से शुरू हुई इस नाकाबंदी के बाद अब तक कोई भी जहाज इसे पार नहीं कर पाया है।

### हिजबुल्लाह का भीषण प्रहार, 24 घंटे में इजरायली ठिकानों पर 39 हमले किए

**बेरूत।** लेबनान के सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह ने दावा किया है कि उसके लड़ाकों ने पिछले 24 घंटों में 39 सैन्य अभियान चलाए हैं।

इन हमलों में इजरायली बस्तियों, सैनिकों की टुकड़ियों और सैन्य वाहनों को निशाना बनाया गया। साथ ही दक्षिणी सीमा और उत्तरी इजरायल में दोनों पक्षों के बीच आमने-सामने की झड़पें भी हुईं। अल जजीरा की रिपोर्ट में बात सामने आई है। इस बीच, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक वीडियो संदेश जारी किया। उन्होंने कहा कि इजरायली सेना दक्षिण लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ अभियान जारी रखेगी। नेतन्याहू ने बिंट जबील को हिजबुल्लाह का मुख्य गढ़ बताया और इसे पूरी तरह खत्म करने का संकल्प लिया। इस बीच, डब्ल्यूएचओ के प्रमुख टेड्रोस एडहानोम घेब्रेयेसस ने लेबनान के अस्पतालों की हालत पर चिंता जताई है। दक्षिण लेबनान का तेबनीन सरकारी अस्पताल गंभीर संकट में है।

## संक्षिप्त समाचार

### स्पाइसजेट व अकासा एयर के विमानों के पंख आपस में टकराए

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब टैक्सीइंग के दौरान स्पाइसजेट का एक विमान अकासा एयर के विमान से टकरा गया। इस घटना में दोनों विमानों को नुकसान पहुंचा, हालांकि राहत की बात यह रही कि सभी यात्री और क्रू पूरी तरह सुरक्षित हैं। जानकारी के अनुसार, स्पाइसजेट का बी737-700 विमान रनवे की ओर बढ़ रहा था, तभी उसका दाहिना विंगलेट दूसरे विमान से टकरा गया। इस टक्कर से दूसरे विमान के लेफ्ट हैंड हॉरिजॉन्टल स्टेबलाइजर को भी नुकसान हुआ। फिलहाल तकनीकी जांच जारी है और नुकसान का आकलन किया जा रहा है। 16 अप्रैल 2026 को दिल्ली से हैदराबाद जा रही अकासा एयर की उड़ान आईक्यूपी 1406 को तकनीकी और परिचालन कारणों से वापस बे पर लौटना पड़ा।

### दिल्ली में जनगणना की शुरूआत, मकान गणना शुरू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में जनगणना 2027 के लिए घरों की गिनती गुरुवार से शुरू हो गई। यह अभियान दो महीने तक जारी रहेगा। अधिकारियों ने बताया कि जनगणना के पहले चरण को 'मकान सूचीकरण और आवास जनगणना' (हाउस लिस्टिंग एंड हाउसिंग सेंसस) के रूप में जाना जाता है, जिसे 30-30 दिनों के दो अलग-अलग चक्रों में पूरा किया जाएगा। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) और दिल्ली छावनी बोर्ड (डीसीबी) क्षेत्रों में यह अभियान 16 अप्रैल से 15 मई तक चलेगा।

### 16 सदस्यों ने राज्यसभा में सदस्यता की शपथ ली

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष नितिन नवीन समेत 16 नवनिर्वाचित सदस्यों ने सदन की सदस्यता की शपथ ली। संसद के मौजूदा बजट सत्र में तीन दिन की विशेष बैठक के पहले दिन सदन की कार्यवाही शुरू होते ही नवनिर्वाचित सदस्यों को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ दिलाई गई।

# बंगाल SIR: ट्रिब्यूनल से राहत पाने वाले डाल सकेंगे वोट

## सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, मतदान से दो दिन पहले भी मिली क्लीनचिट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में चल रही मतदाता सूची के पुनरीक्षण प्रक्रिया (एसआईआर) को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा और अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 142 का उपयोग करते हुए यह सुनिश्चित किया है कि चुनाव से ठीक पहले तक अपीलीय ट्रिब्यूनल से मंजूरी पाने वाले लोगों को मतदान का अधिकार दिया जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जिन लोगों के नाम अपीलीय ट्रिब्यूनल द्वारा चुनाव से दो दिन पहले तक मंजूर किए जाएंगे, उन्हें आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में वोट डालने की अनुमति होगी। कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया है कि 21 अप्रैल या 27 अप्रैल 2026 तक अपीलीय आदेशों को लागू करते हुए एक पूरक संशोधित मतदाता सूची जारी की जाए, ताकि योग्य नागरिकों को मतदान से वंचित न होना पड़े। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन लोगों की अपील लंबित है, उन्हें केवल इसी आधार पर मतदान का अधिकार वापस नहीं दिया जाएगा। यानी अपील प्रक्रिया पूरी होना आवश्यक होगा। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने यह भी कहा कि न्यायिक अधिकारियों द्वारा की गई यह पूरी जांच प्रक्रिया बेहद चुनौतीपूर्ण रही है, जिसे कम समय में पूरा करना एक वास्तविक रूप से कठिन कार्य था। कोर्ट ने यह भी चेतावनी दी कि अपीलीय स्तर पर आपत्तियों के माध्यम से पूरी प्रक्रिया को दोबारा खोलने की कोशिश नहीं की जानी चाहिए, ताकि चुनावी प्रक्रिया बाधित न हो। वहीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सभी लोगों को अपने अधिकारों की पुनः प्राप्ति के लिए ट्रिब्यूनल में आवेदन करना चाहिए।

### चुनाव के दौरान बंगाल के अफसरों के तबादले को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को उन याचिकाओं को खारिज कर दिया, जिनमें चुनाव की घोषणा के बाद पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों में आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के बड़े पैमाने पर किए गए तबादलों को चुनौती दी गई थी। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में चल रही विधानसभा चुनाव प्रक्रिया के बीच वह चुनाव आयोग के इन फैसलों में हस्तक्षेप नहीं करेगा। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखा।



■ सभी लोगों को अपने अधिकारों की पुनः प्राप्ति के लिए ट्रिब्यूनल में आवेदन करना चाहिए: ममता बनर्जी

### नागरिकों को वोट के लिए मजबूर नहीं कर सकते: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अनिवार्य मतदान लागू करने के निर्देश देने की मांग वाली एक जनहित याचिका को खारिज कर दिया। याचिकाकर्ता ने कहा था कि जो लोग मतदान करने से इन्कार करते हैं, उन्हें सरकारी सुविधाओं से वंचित कर देना चाहिए और उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई होनी चाहिए। न्यायालय ने इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया कि चुनावों में भागीदारी को दमनकारी या बाध्यकारी उपायों से लागू नहीं कर सकते। पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि लोकतंत्र में नागरिकों से मताधिकार प्रयोग करने की अपेक्षा होती है, लेकिन राज्य किसी व्यक्ति को वोट देने के लिए मजबूर नहीं कर सकता।

### बैंक धोखाधड़ी मामले में अनिल अंबानी को राहत से इन्कार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अनिल अंबानी की उस याचिका पर राहत देने से इन्कार कर दिया है, जिसमें उन्होंने बॉम्बे उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें बैंकों को उनके ऋण खाते को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत करने की अनुमति दी गई थी।

यह मामला बॉम्बे उच्च न्यायालय के उस फैसले से संबंधित है, जिसमें दो बैंकों को अनिल अंबानी के लोन खाते को धोखाधड़ी वाला खाता घोषित करने की अनुमति दी गई थी। अदालत ने दिसम्बर 2025 के उस आदेश को रद्द कर दिया था, जिसमें अनिल अंबानी को अंतरिम राहत दी गई थी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली उच्चतम न्यायालय की एक पीठ ने टिप्पणी की कि बॉम्बे उच्च न्यायालय की डिवीजन बेंच का आदेश उस मुकदमे पर कोई प्रभाव नहीं डालेगा, जिसका फैसला होना बाकी है और उच्च न्यायालय से मामले का शीघ्र निपटारा करने का अनुरोध किया। न्यायालय ने टिप्पणी करते हुए कहा कि एकल पीठ के आदेश के अनुसार डिवीजन बेंच का आदेश लंबित मुकदमे के गुण-दोष पर विचार नहीं करेगा।

# संविधान में संशोधनों पर पीएम की अपील

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ इस अवसर को जाने न दें, इस मंथन से अमृत निकलेगा, जो विरोध करेंगे उन्हें कीमत चुकानी पड़ेगी: मोदी

**नई दिल्ली।** संसद के विशेष सत्र के दौरान गुरुवार को लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'महिला आरक्षण विधेयक' यानी नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम खुशकिस्मत हैं कि हम इस पल के साक्षी बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा यकीन है कि इस मंथन से अमृत निकलेगा और यह मंथन देश की दिशा और दशा तय करेगा।

पीएम मोदी ने कहा कि आज देश के लिए महत्वपूर्ण दिन है। यह 20-25 वर्ष पहले हो जाना चाहिए था, समय-समय पर इसमें सुधार होते रहते। सदन के सभी साथियों को यह अवसर मिला है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि राष्ट्र के जीवन में कुछ बड़े पल आते हैं, उस समय समाज की मनोस्थिति एक मजबूत धरोहर तैयार कर देती है। मैं समझता हूं कि संसद के इतिहास में ये वैसे ही पल हैं। जरूरत महसूस हुई होती तब इसे लागू कर देते और आज तक इसे परिपक्वता तक पहुंचा देते। हम मदर ऑफ डेमोक्रेसी रहे हैं। हमारी हजार वर्ष की विकास यात्रा रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजनीतिक जीवन में जो लोग सफलतापूर्वक आगे बढ़ना चाहते हैं, उन्हें यह मानकर चलना पड़ेगा कि पिछले 25 से 30 वर्ष में ग्रासरूट लेवल यानी जमीनी स्तर पर महिलाएं लीडर बन चुकी हैं।

### महिला आरक्षण की बात सबसे पहले कांग्रेस ने की, तब भाजपा ने विरोध किया था: प्रियंका

**नई दिल्ली।** महिला आरक्षण को लेकर चर्चा के दौरान कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि सबसे पहले महिला आरक्षण की बात कांग्रेस ने की थी। उन्होंने कहा कि कराची अधिवेशन में इस पर प्रस्ताव पास किया था। उन्होंने कहा कि उस वक्त राजीव गांधी ने ये प्रस्ताव पास किया था और उस समय बीजेपी ने इसका विरोध किया था। प्रियंका गांधी ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस पर चर्चा की, लेकिन ये नहीं बताया कि उस समय इसका विरोध किसने किया था। कांग्रेस सांसद ने कहा कि महिला आरक्षण 2029 तक लागू होना चाहिए। हम सहमत हैं। इसे लागू करने के लिए सीटों की संख्या 50 फीसदी बढ़ानी पड़ेगी और 850 कर दी जाएगी। इसके लिए परिसीमन आयोग बनाया जाएगा, जो सीटों को बढ़ाने के लिए काम करेगा।



वाराणसी: हीटवेव के बीच अपने चेहरों को कपड़े से ढककर जातीं महिलाएं।

# टाइम-100 सूची में सुंदर पिचाई, रणबीर कपूर व विकास खन्ना शामिल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दुनिया की प्रतिष्ठित टाइम मैगजीन ने 2026 की टाइम 100 सूची जारी की, जिसमें भारत से जुड़ी कई प्रमुख हस्तियों को शामिल किया गया।

इस साल सुंदर पिचाई, रणबीर कपूर और शेफ विकास खन्ना को वैश्विक प्रभाव के लिए सम्मानित किया गया। हर साल जारी होने वाली यह सूची मनोरंजन, तकनीक, वित्त, खेल, एक्टिवज्म और अकादमिक क्षेत्रों के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची होती है। टाइम मैगजीन की टाइम 100 सूची में पहले शाहरुख खान, सचिन तेंदुलकर, नरेंद्र मोदी, दीपिका पादुकोण और महात्मा गांधी भी शामिल हो चुके हैं। मशहूर शेफ विकास खन्ना ने इसे गर्व का क्षण बताया। उन्होंने कहा कि 2026 की टाइम 100 सूची में शामिल होना मेरे लिए बेहद गर्व की बात है। खन्ना ने इस सम्मान का श्रेय अपने परिवार को दिया। उन्होंने कहा कि उनकी दादी, मां और बहन के त्याग, आशीर्वाद और मार्गदर्शन से वे इस मुकाम तक पहुंच सके हैं। टाइम 100 2026 की इस सूची में राल्फ लॉरेन, केट हडसन, ईथन हॉक, मार्क केली और हिलारी नाइट जैसे वैश्विक दिग्गजों को उनके क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए शामिल किया गया है। टाइम मैगजीन की 2025 की 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की लिस्ट जारी में किसी भी भारतीय को शामिल नहीं किया गया था। तब 21 साल के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ था, जब लिस्ट में कोई भारतीय नहीं था। रणबीर कपूर समय के साथ, भारत के सबसे बेहतरीन अभिनेताओं में से एक बनकर उभरे हैं। अपनी कलात्मक सोच, बड़े पर्दे पर अपनी धाक और 'रामायणम' और 'लव एंड वॉर' जैसी महागाथाओं के साथ, वह भारतीय सिनेमा को एक ग्लोबल स्टेज पर ले जा रहे हैं।



■ दुनिया के सबसे प्रभावशाली लोगों की लिस्ट में पीएम मोदी, शाहरुख खान और सचिन तेंदुलकर भी रह चुके हैं शामिल

# राजस्थान-एमपी में पारा 42 डिग्री के पार

■ यूपी में 44 डिग्री पारा के साथ बांदा सबसे गर्म

**नई दिल्ली।** राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, दिल्ली, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में पिछले दो दिन से पारा 40 डिग्री सेल्सियस से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है।

राजस्थान के बाड़मेर में 42.8 डिग्री सेल्सियस, मध्य प्रदेश के नौगांव में 42 डिग्री सेल्सियस, उत्तर प्रदेश के बांदा में 44 डिग्री सेल्सियस, महाराष्ट्र के अकोला में 44.2 डिग्री सेल्सियस, छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में 43डिग्री सेल्सियस और आंध्र प्रदेश के अनंतपुर में 43.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। गर्मी के चलते मध्य प्रदेश के बुरहानपुर, हरदा, रतलाम में स्कूलों का समय बदल दिया गया है। महाराष्ट्र के वर्धा में गुरुवार को सभी स्कूल बंद रखने के निर्देश हैं। छत्तीसगढ़ में 20 अप्रैल के बाद स्कूल बंद रखने के आदेश दिए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### लोकसभा ने आशा व तीन पूर्व सदस्यों के निधन पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने महान पार्श्व गायिका आशा भोंसले तथा सदन के तीन पूर्व सदस्यों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को सदन की कार्यवाही शुरू होती ही सदस्यों को बताया कि सदन के पूर्व सदस्य अब्बू हासिम खान चौधरी पश्चिम बंगाल के मालदा से चार बार लोकसभा सदस्य रहे। उनका निधन 85 वर्ष की आयु में आठ अप्रैल को हुआ। श्रीमती मो. हसीना किदवाई का 94 वर्ष की आयु में निधन हुआ। वह केंद्रीय मंत्री भी रही। श्री हरि नारायण राजभर सदन के सदस्य रहे हैं और उन्होंने उत्तर प्रदेश विधानसभा में अपनी सेवाएं दी। सदन ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। बिरला ने महान गायिका आशा भोंसले के निधन की सूचना भी सदन को दी और सदन में उनके निधन पर भी गहरा शोक व्यक्त किया।

### राज्यसभा के उपसभापति पैनल का पुनर्गठन

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के उपसभापति पैनल का पुनर्गठन किया गया है जिसमें कुल छह सदस्यों को शामिल किया गया है। सभापति सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को सदन की बैठक के दौरान सदन के पटल पर जरूरी कागजात रखवाने के बाद इसकी घोषणा की। नया पैनल 15 अप्रैल से प्रभावी हो गया है। इसमें भाजपा के तीन और दूसरे दलों के तीन सदस्यों को जगह दी गई है। उपसभापति के पैनल में में उत्तर प्रदेश से भाजपा के दिनेश शर्मा, नागालैंड से भाजपा की एस-फान्गनॉन कोन्याक, तमिलनाडु से अन्नाद्रमुक सदस्य एम. तंबी दुरै, ओडिशा से बीजू जनता दल के सस्मित पात्रा, छत्तीसगढ़ से कांग्रेस की फूलो देवी नेताम और राजस्थान से भाजपा के घनश्याम तिवाड़ी को शामिल किया गया है।

### हिंसा और अराजकता को लेकर चौंकाने वाले खुलासे सामने आए

# नोएडा प्रकरण: 66 गिरफ्तारियों में 45 गैर-श्रमिक

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ महज श्रमिक असंतोष का मामला नहीं, बल्कि एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा था आंदोलन

**लखनऊ/नोएडा।** उत्तर प्रदेश के नोएडा में हालिया श्रमिक आंदोलन के दौरान फैली हिंसा और अराजकता को लेकर चौंकाने वाले खुलासे सामने आए हैं। प्रारंभिक जांच में संकेत मिले हैं कि यह महज श्रमिक असंतोष का मामला नहीं, बल्कि एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा था, जिसमें बाहरी तत्वों की सक्रिय भूमिका रही।

सूत्रों के अनुसार अब तक हुई 66 गिरफ्तारियों में से 45 लोग ऐसे पाए गए हैं, जो वास्तविक श्रमिक नहीं हैं। आगजनी की घटनाओं में चिन्हित 17 लोगों में से 11 को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें 8 गैर-श्रमिक हैं। वहीं भड़काने के आरोप में चिन्हित 32 में से 19 को हिरासत में लिया गया है। इसके अतिरिक्त 34 ऐसे लोगों को भी पकड़ा गया है, जो श्रमिक न होते हुए भी प्रदर्शन में शामिल होकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे थे। जांच एजेंसियों के मुता. बिक, साजिश रचने के आरोप में 4 लोगों की गिरफ्तारी भी हुई है, जिनके कुछ संगठित नेटवर्क से जुड़े होने की आशंका जताई जा रही है। मामले में कुछ संदिग्ध सोशल मीडिया हैंडल्स और बाहरी राज्यों से आए लोगों की भूमिका भी जांच के दायरे में है। सूत्रों का दावा है कि नोएडा के औद्योगिक ढांचे को प्रभावित करने के लिए व्यापक स्तर पर योजना बनाई गई थी। हिंसा के दौरान आगजनी, पथराव और उकसावे की घटनाओं में शामिल कई लोग स्थानीय श्रमिक नहीं थे, बल्कि बाहर से आए तत्व थे, जिनका उद्देश्य औद्योगिक माहौल को अस्थिर करना था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रशासन ने तत्काल सख्त कदम उठाए। पुलिस और प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से कुछ ही घंटों में हालात पर काबू पा लिया गया। इसके साथ ही श्रमिकों के हित में वेतन वृद्धि की घोषणा के बाद मजदूरों और उद्योग प्रबंधन के बीच समन्वय स्थापित हुआ, जिससे औद्योगिक गतिविधियां तेजी से सामान्य हो गईं। वर्तमान में नोएडा के अधिकांश औद्योगिक क्षेत्रों में कामकाज सामान्य रूप से चल रहा है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले किसी भी तत्व को बख्शा नहीं जाएगा और 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### संयम बरता, सिर्फ हिंसा करने वालों पर कार्रवाई: नोएडा पुलिस

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के नोएडा में हाल ही में हुए श्रमिक असंतोष के दौरान पुलिस की भूमिका को लेकर कुछ संगठनों द्वारा भ्रामक तथ्य प्रसारित किए जाने के बीच नोएडा पुलिस ने स्थिति स्पष्ट करते हुए अपना पक्ष सामने रखा है। पुलिस का कहना है कि पूरे घटनाक्रम में उसकी भूमिका निष्पक्ष, संयमित और संवाद आधारित रही है। पुलिस ने गुरुवार को विज्ञप्ति साझा करते हुए जानकारी दी कि उत्तर प्रदेश सरकार इस मामले में शुरू से ही श्रमिकों के हितों के प्रति संवेदनशील रही है। सरकार द्वारा न्यूनतम वेतन में अंतरिम वृद्धि और मामले की गहन जांच के लिए उच्चस्तरीय समिति का गठन इस प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# माफिया राज खत्म कर डबल इंजन सरकार लाएगी बदलाव

बाराबनी (पश्चिम बंगाल)।



■ यूपी के सीएम ने पश्चिम बंगाल में जनसभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोला

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल के बाराबनी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी के कार्यकर्ता भाजपा समर्थकों को परेशान कर रहे हैं और लोकतांत्रिक माहौल को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं।

योगी ने कहा कि बंगाल की जनता को डरने की जरूरत नहीं है, क्योंकि भाजपा यहां से टीएमसी का 'सूपड़ा साफ' करेगी। उन्होंने बंगाल की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि यह भूमि सदियों से देश को प्रेरणा देती रही है। उन्होंने रवींद्रनाथ टैगोर का जिक्र करते हुए कहा कि इसी धरती ने देश को 'जन गण मन' जैसा राष्ट्रगान दिया। साथ ही 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने का उल्लेख करते हुए उन्होंने इसे स्वतंत्रता आंदोलन का प्रेरणास्रा. ेत बताया। अपने संबोधन में योगी ने स्वामी विवेकानंद, सुभाष चंद्र बोस और अरविदो घोष जैसे महान विभूतियों को याद करते हुए कहा कि बंगाल ने देश को राष्ट्रवाद और बलिदान की प्रेरणा दी है। उन्होंने श्याम प्रसाद मुखर्जी का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके 'एक देश, एक विधान' के सपने को प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में साकार किया गया है। योगी ने कहा कि कश्मीर से धारा 370 हटने के बाद अब वहां भी वही कानून लागू है, जो देश के अन्य राज्यों में है। टीएमसी सरकार पर हमला बोलते हुए योगी ने आरोप लगाया कि राज्य में 'टेरर, माफिया राज और कट मनी भ्रष्टाचार' का बोलबाला है। उन्होंने कहा कि सैंड माफिया, कोल माफिया और लैंड माफिया को खत्म करने का संकल्प भाजपा सरकार ले चुकी है।

# शिक्षा चयन आयोग हुआ सख्त, परीक्षाओं में जीरो टॉलरेंस नीति लागू

शाह टाइम्स ब्यूरो

**प्रयागराज/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश शिक्षा चयन आयोग ने प्रतियोगी परीक्षाओं को पूरी तरह पारदर्शी और नकलविहीन बनाने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। आयोग ने आगामी परीक्षाओं में जीरो टॉलरेंस नीति लागू करने का निर्णय लिया है।

आयोग के अध्यक्ष प्रशांत कुमार ने बताया कि परीक्षा प्रक्रिया की निंगरानी के लिए मुख्यालय में अत्याधुनिक एकीकृत कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि यहां से प्रदेश के सभी परीक्षा केंद्रों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। कंट्रोल रूम में दो दर्जन से अधिक हाई- क्वालिटी स्क्रीन और एआई कैमरों के जरिए रियल-टाइम मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि आयोग आधुनिक तकनीक का उपयोग कर परीक्षा प्रणाली को मजबूत बना रहा है, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता को तुरंत पकड़ा जा सके। नकल, पेपर लीक या अन्य गड़बड़ियों में शामिल पाए जाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। आयोग ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे परीक्षा पूरी ईमानदारी और नियमों के तहत दें। साथ ही, किसी भी अफवाह या भ्रामक सूचना से दूर रहें। इस नई व्यवस्था का उद्देश्य परीक्षा प्रक्रिया में शुचिंता, पारदर्शिता और निष्पक्षता को सर्वोच्च प्राथमिकता देना है, ताकि योग्य अभ्यर्थियों को ही उनका अधिकार मिल सके।

# परिसीमन पर संघीय ढांचे को कमजोर कर रही सरकार: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस ने सत्तारुढ़ दल पर संविधान को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि महिला आरक्षण के नाम पर परिस. ीमन कर संघीय ढांचे को कमजोर कर रही है।


कांग्रेस के गौरव गोगोई ने संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026, और उससे जुड़े दो अन्य विधेयकों पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि महिला आरक्षण को परिसीमन के साथ नहीं जोड़ना चाहिए, हम महिला आरक्षण का पूरा समर्थन करेंगे। भाजपा हर बात में राजनीति करती है। यह महिला आरक्षण लाने का यह विधेयक नहीं है बल्कि पीछे के दरवाजे से परिस. ीमन करने का है। महिला आरक्षण को सुरक्षा कवच बनाकर राजनी. तिक मंशा पूरा कर रही है। गोगोई ने कहा कि भाजपा महिला आरक्षण के पक्ष में नहीं हैं इसलिए इसे विलंब से लेकर आई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने दवाब में जनगणना के साथ जाति जनगणना करने की बात मानी है। जाति जनगणना को लेकर सरकार ने कांग्रेस के ऊपर तरह तरह के आरोप लगाया था।

उन्होंने कहा कि इन सबके बावजूद सरकार जाति जनगणना के पक्ष में नहीं है। वह महिला आरक्षण के माध्यम से विधेयक को जटिल बनाया जा रहा है। महिला आरक्षण के नाम पर परिस. ीमन को बुल्डोज करने का काम कर ही है। सरकार ने संविधान को कमजोर कर खुद को ताकतवर कर रही है। सरकार अपने आप कैसे तय कर सकती है कि सदन की संख्या कितनी हो सकती है। उन्होंने कहा कि परिसीमन की मंशा यह थी कि लोगों को सुचारू रूप से करने के लिए किया गया था। सरकार परिसीमन को हथियार बना रही है। उन्होंने कहा कि देश के दो राज्यों में परिसीमन किया गया, जिसमें एक जगह 2011 की जनगणना का इस्तेमाल किया गया, जबकि दूसरी जगह 2001 की जनगणना का प्रयोग किया गया। इससे साबित होता है कि सरकार में बैठे लोग राजनी. तिक लाभ के लिए अपने हिंसाब से परिसीमन कर रही है। असम में ऐसा परिसीमन हुआ है कि एक पंचायत के लोग तीन विधानसभा में मतदाता है।

### बच्चों के इलाज में नहीं आने देंगे बाधा

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों को भरोसा दिलाया कि उनकी सरकार बच्चों के इलाज में कोई बाधा नहीं आने देगी। योगी ने करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और कहा कि घबराइए मत, बच्चे के इलाज में कोई भी बाधा नहीं आने देंगे। जनता दर्शन में श्रावस्ती से आई एक महिला ने गंभीर बीमारी से पीड़ित बच्चे के इलाज में मदद का अनुरोध किया। साथ में आए बच्चे को देखकर मुख्यमंत्री भावुक हो गए। उन्होंने महिला से आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा। महिला ने कहा कि उनका आयुष्मान कार्ड नहीं बना है, जिसके बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि घबराइए मत, बच्चे के इलाज में कोई भी बाधा नहीं आने देंगे। आयुष्मान कार्ड बनवाएंगे और विवेकाधीन कोष से भी बच्चे के इलाज में आर्थिक सहायता देंगे। महिला का प्रार्थना पत्र लेकर उन्होंने मौके पर मौजूद अफसरों को इस निर्देश के साथ थमाया कि इसे श्रावस्ती के जिलाधिकारी को भेजकर आयुष्मान कार्ड बनवाया जाए और साथ ही डीएम के जरिए इलाज का इस्टीमेट भी शासन को उपलब्ध कराया जाए।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 77988.68
निफ्टी 24196.25



सोना 151700
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 239685
प्रति किलो



# दिग्गज कंपनियों के शेयरों में मुनाफा वसूली, प्रमुख सूचकांक टूटे

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को शुरुआती तेजी के बाद दिग्गज कंपनियों में ऊंचे भाव पर मुनाफावसूली देखी गई और प्रमुख सूचकांक गिरावट में बंद हुए। सुबह 566 अंक चढ़कर खुलने वाला बीएसई का संसेक्स 122.56 अंक (0.16 प्रतिशत) गिरकर 77,988.68 अंक पर रहा।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचक. ांक भी 34.55 अंक यानी 0.14 प्रतिशत नीचे 24,196.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में आज एक हजार अंक से अधिक का उतार-चढ़ाव रहा। यह ऊपर 78,730.32 अंक और नीचे 77,674.93 अंक तक गया। प्रमुख सूचकांकों के विपरीत वृहत बाजार में सभी सूचकांक हरे निशान में रहे। मझौली और छोटी कंपनियों में अच्छी लिवाली देखी गई। निफ्टी मिडकैप- 50 सूचकांक और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.63 प्रतिशत ऊपर रहे। धातु, आईटी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में अच्छी तेजी थी। वहीं, ऑटो, बैंकिंग, वित्त और तेल एवं गैस समूहों ने बाजार पर दबाव बनाया। संसेक्स की कंपनियों में एचडीएफसी बैंक का शेयर पौने दो प्रतिशत और टाइटन का डेढ़ फीसदी टूट गया। महिंद्रा एंड महिंद्रा में करीब एक प्रतिशत की गिरावट रही। भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनीलिवर, एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और इंडिगो के शेयर भी फिसल गए। ट्रेंट का शेयर तीन प्रतिशत और इटरनल का ढाई प्रतिशत ऊपर रहा। अडानी पोर्ट्स भी सवा दो प्रतिशत चढ़ा। बीईएल, इंफोसिस और एलएंडटी के शेयर एक प्रतिशत से दो प्रतिशत के बीच मजबूत हुए। टाटा स्टील, टीसीएस, एशियन पेंट्स, बजाज फिनसर्व, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईटीसी और मारुति सुजुकी के शेयर भी हरे निशान में रहे।

### दिल्ली के चार आईटीआई में नई अत्याधुनिक लैब्स स्थापित होंगी: रेखा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को कहा कि राजधानी के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से चार आईटीआई में नई अत्याधु. निक लैब्स स्थापित की जाएंगी। श्रीमती गुप्ता ने बताया कि आईटीआई जहांगीर पुरी में पावर इलेक्ट्रॉनिक्स लैब स्थापित की जाएगी। यह लैब पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल कंट्रोल सिस्टम, इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन और रिन्यूएबल एनर्जी जैसे क्षेत्रों में उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करेगी। लैब में पीएलसी किट, वीएफडी ट्रेनर, ट्रांसफॉर्मर ट्रेनर, मोटर कंट्रोल पैनल, रिले एवं प्रोटेक्शन सिस्टम, सोलर पीवी ट्रेनिंग किट और स्मार्ट एनर्जी मॉनिटरिंग सिस्टम जैसे आधुनिक उपकरण लगाए जाएंगे।

# चावल, गेहूं, चीनी और दालों के भाव बढ़े, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को लगभग सभी चीजों में तेजी रही। चावल का औसत भाव बढ़ गया। गेहूं, चीनी और दालों में भी तेजी देखी गई जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 45 रुपये बढ़कर 3,856 रुपये प्रति क्विटंल पर पहुंच गई।

गेहूं छह रुपये महंगा हुआ और 2,784 रुपये प्रति क्विटंल बोला गया। आटे की कीमत भी तीन रुपये ऊपर रही। दाल-दलहनों में तेजी रही। उड़द दाल की औसत कीमत 62 रुपये प्रति क्विटंल बढ़ गई। तुअर दाल 41 रुपये और मसूर दाल 40 रुपये मजबूत हुई। चना दाल 33 रुपये और मूंग दाल 32 रुपये प्रति क्विटंल महंगी हुई। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जुलाई का पाम ऑयल वायदा दो रिंगिट टूटकर 4,495 रिंगिट प्रति टन रह गया। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.86 प्रतिशत की बढ़त में 68.18 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया।

स्थानीय बाजारों में ज्यादातर खाद्य तेलों में तेजी का रुख रहा। सूरजमुखी तेल औसतन 88 रुपये और वनस्पति 122 रुपये प्रति क्विटंल महंगा हुआ। पाम ऑयल की कीमत 66 रुपये और मूंगफली तेल की 58 रुपये बढ़ गई। सरसों तेल भी 17 रुपये मजबूत हुआ। वहीं सोया तेल में 24 रुपये प्रति क्विटंल की मंदी देखी गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 39 रुपये प्रति क्विटंल बढ़ गया। चीनी आठ रुपये महंगी हुई।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# महिला आरक्षण में रोड़ा अटकाना चाहता है विपक्ष: भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को कहा कि विपक्ष महिला आरक्षण में रोड़ा अटकाने के लिए बहाने तलाश रहा है और इसे परिसीमन से जोड़कर बेबुनियाद आरोप लगा रहा है।

भाजपा के तेजस्वी सूर्या ने संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026, और उससे जुड़े दो अन्य विधेयकों पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि यह विधेयक ऐतिहासिक है। इससे पहले करीब छह बार यह विधेयक सदन में आया और इसे जानबूझकर पारित नहीं किया गया। समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने तो इस विधेयक को फाड़कर विधेयक को अटकाने का काम किया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वजह से ही नारी वंदन अधिनियम को सदन में पारित किया गया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष परिसीमन के बहाने महिला आध्क्षण विधेयक का विरोध कर रही है। उन्होंने कहा कि विपक्ष परिसीमन के बहाने महिला आरक्षण विधेयक को रोकना चाहती है। विपक्ष दक्षिण भारत के लोगों को इस विधेयक के माध्यम से गुमराह कर रही है। इस परिस. ीमन के माध्यम से छोटे राज्यों को फायदा होगा। उन्होंने विपक्ष के आरोप को खारिज करते हुए कहा कि परिसीमन का क्रियाकलाप पिछले दरवाजे से नहीं बल्कि संविधान के तहत किया जा रहा है। सरकार ने शासन व्यवस्था अच्छी और लोगों की पहुंच निर्वाचित प्रतिनिधि तक आसान बनाने के लिए परिसीमन किया जा रहा है। विपक्ष का आरोप बेबुनियाद है। मोदी सरकार संवैधानिक दायित्वों को निर्वाहन कर रही है। मोदी सरकार टालने की नीति में विश्वास नहीं करती है, बल्कि समस्याओं का समाधान करती है।

# संविधान संशोधन विधेयक के सहारे सत्ता की राजनीति कर रही है भाजपा: अखिलेश

नई दिल्ली, वार्ता



समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी सत्ता में बने रहने के लिए संविधान में 131वें संशोधन के जरिए वह महिला आरक्षण विधेयक के सहारे परिसीमन संबंधी विधेयक को पारित करवाना चाहती है। श्री यादव ने गुरुवार को लोकसभा में 'संविधान 131 वां संशोधन विधेयक 2026' पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि मोदी सरकार आरक्षण विरा. धी है, इसलिए वह एसआईआर के जरिए घपले करवा कर सत्ता में बना रहना चाहती है।

एसआईआर के माध्यम से वोट काटे जा रहे हैं और जब पकड़े जा रहे हैं, तो फिर नई तरकीब लगा कर वोट काटे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार एसआईआर के जरिए लोगों के वोट कटवा रही है और ऐसा कर भाजपा चुनाव आयोग के साथ मिलकर वोट बैंक सुरक्षित करने की राजनीति कर रही है। उनका यह भी कहना था कि उत्तर प्रदेश में एसआईआर के जरिए वोट काटे गए और जब पकड़े गए, तो फॉर्म 7 लेकर उसमें नकली दस्तखत करवाए गए लेकिन इसमें भी पकड़े गए, तो फॉर्म 7 का इस्तेमाल ही बंद करवा दिया गया। अब भाजपा सरकार महिला आरक्षण विधेयक के जरिए महिलाओं के वोट पाकर सत्ता में बना रहना चाहती है और अपने खोए वोट को वापस पाना चाहती है, लेकिन उसे मालूम होना चाहिए कि देश की महिलाएं महंगाई से त्रस्त हैं और अब एलपीजी सिलेंडर ने उनकी नाराजगी और बध दी है इसलिए महिलाओं को रिझाकर उनका वोट हासिल करने का उनका षड्यंत्र भी बेकार हो गया है। सपा नेता ने कहा कि अगर भाजपा सरकार महिलाओं के प्रति संवेदनशील है, तो उसे मेरठ और नोएडा की आंदोलन कर रही महिलाओं की समस्याओं की समस्या के समाधान के लिए कदम उठाने चाहिए और इस तरह का संकट महिलाओं के सामने फिर ना आए विधेयक में इसकी व्यवस्था करनी चाहिए। उनका कहना था कि मोदी सरकार महिला आरक्षण के सहारे रणनीतिक तरीके से राजनीतिक लाभ पाने के लिए परिसीमन के वास्ते संविधान संशोधन विधएक लेकर आई है। सपा नेता ने कहा कि पहले जाति के आधार पर जनगणना आवश्यक है यदि जनगणना होती है, तो उसके आधार पर आरक्षण की व्यवस्था की जा सकती है लेकिन सरकार आरक्षण नहीं देना चाहती, इसलिए वह जनगणना जाति के आधार पर नहीं करना चाहती है। वह अल्पसंख्यकों और खासकर मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण का लाभ नहीं देना चाहती है। यदि जनगणना जाति के आधार पर होती है, तो पिछड़े वर्ग तथा अल्पसंख्यक महिलाओं को इसका वाजिब लाभ मिल सकता है। यादव ने कहा कि यदि सरकार जनगणना जाति के आधार पर नहीं करती है, तो फिर महिला आरक्षण विधेयक धोखा है।

# प्रवक्ता भर्ती प्रारंभिक परीक्षा टली, अब सात जून को होगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के राजकीय इंटर कॉलेजों में प्रवक्ता भर्ती के लिए आयोजित होने वाली प्रारंभिक परीक्षा की तिथि में बदलाव किया गया है। पहले यह परीक्षा 3 मई को प्रस्तावित थी, जिसे अब सात जून को आयोजित किया जाएगा।

परीक्षा तिथि में यह बदलाव राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा नीट-यूजी और उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की जूनियर इंजी. नियर (सिविल) मुख्य परीक्षा के साथ तिथि टकराव के चलते किया गया है। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों की उपलब्धता भी एक प्रमुख कारण रही। कार्यवाहक सचिव गौरव रंजन श्रीवास्तव द्वारा 13 अप्रैल को जारी पत्र में सभी जिला. धिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे परीक्षा केंद्रों से समय से सहमति प्राप्त करें। परीक्षा के आयोजन के लिए सरकारी विद्यालय, डिग्री कॉलेज, विश्व. विद्यालय, पॉलिटेक्निक, इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेजों के साथ सहायता प्राप्त संस्थानों का उपयोग किया जाएगा। निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि बिना सहायता प्राप्त निजी संस्थानों, ब्लैकलिस्टेड या अपर्याप्त संसाधनों वाले केंद्रों को परीक्षा में शामिल नहीं किया जाएगा। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी परीक्षा केंद्र प्रमुख परिवहन सुविधाओं से 10 किलोमीटर के दायरे में हों, ताकि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। परीक्षा केंद्रों की अंतिम सूची स्थानीय खुफिया इकाई और विशेष कार्यबल की रिपोर्ट के आधार पर तैयार की जाएगी।

# सूजडू में फांसी पर लटका मिला विवाहिता का शव

## एक वर्ष पूर्व हुई थी शादी, मोहल्ला जहांगीर पट्टी का मामला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सरकार और प्रशासन तो यही नारा देता है कि बेटी बचाओ बेटी पढाओ और महिलाओं को सम्मान दो, लेकिन यह शायद कागजो तक ही सीमित हो गया है। मामला तो उससे उल्टा हो रहा है।

गत दिवस हमने मेरठ की एक उत्पीडन की शिकार विवाहिता की खबर लिखी थी। इसके बाद एक सप्ताह के भीतर कई ऐसे मामले सामने आ चुके हैं, जहां विवाहिताएं उत्पीडन का शिकार हुई, हालांकि यह कहना भी गलत नही है कि सभी विवाहिताएं दहेज उत्पीडन का शिकार हो रही है। गुरुवार को एक ऐसा ही मामला सामने आया है जहां शादी के 1 वर्ष बाद विवाहिता का शव ससुराल में फंसी पर लटका हुआ मिला। जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। विवाहिता की मौत की खबर सुनते ही परिवार के लोग मृतका की ससुराल पहुंचे और गंभीर आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। डायल 112 पुलिस की सूचना के बाद खालापार पुलिस व वहलना चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शाम को इस सम्बन्ध में पुलिस को तहरीर दी गई है। जैसा कि खालापार कोतवाली क्षेत्र के समीपवर्ती गांव सुजडू के मौहल्ला खेड़ा पट्टी के रहने वाले बदर आलम ने बताया कि उसने अपनी भतीजी 21 वर्षीय निशा पुत्री स्व.भूरा की शादी करीब 1 वर्ष पूर्व गांव के ही मौहल्ला जहांगीर पट्टी के रहने वाले शादाब पुत्र शौकीन से की थी। शादाब मिल में नौकरी करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि शादी में सभी सामान और बाइक दी गई थी लेकिन कार की मांग को लेकर उत्पीडन किया जा रहा था। सच्चाई क्या है ये तो लडकी के परिजन और ससुराल जन जाने। लेकिन मृतका के भाई आमिर, आसिफ, शाहनूर, शाहआलम व लडकी की माता मंजो का कहना है कि कार की मांग को लेकर निशा का उत्पीडन किया जा रहा था और कई रोज से विवाद चल रहा था। लडकी की माता मंजो का तो यह कहना है कि बुधवार की रात्रि उसने बेटी की बीमारी के बारे में सुनकर 30 हजार रूपये दिये थे। लेकिन आज उसकी बेटी फांसी पर लटकी हुई मिली। आमिर ने बताया कि निशा ने अपनी भाभी गुलशाना से रात के समय अपने उत्पीडन की बात बतायी थी। परिजनों का यह भी आरोप है कि 15 फरवरी को निशा को एक बेटी पैदा हुई थी और 20 फरवरी को उसकी मौत हो गई थी। फिलहाल मृतका निशा के परिजन उसके पति शादाब अन्य लोगों पर गंभीर आरोप लगा रहे है अब सच्चाई क्या है ये तो पुलिस जांच का विषय है। हकीकत भी मायके वाले और ससुराल के लोग ही जानते है अब सवाल यह है कि आये दिन विवाहिता की मौत के मामले सामने आ रहे है और सभी के पीछे पति व ससुराल के लोगों का उत्पीडन, दहेज की मांग। यह भी सवाल कहना कोई गलत नही होगा कि सरकार महिलाओं के सम्मान और उनके उत्पीडन के मामले को गंभीरता से ले रही है और आरोपी पक्ष पर लगातार कार्यवाही भी हो रही है, लेकिन इसके बाद भी बेटियां दहेज उत्पीडन का शिकार हो रही है।

## परीक्षा में फैल होने पर छात्र ने फांसी लगाकर जान दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाइंस की साकेत कालोनी निवासी स्व. अनुज भारद्वाज का 17 वर्षीय छोटा पुत्र कृष्णा भारद्वाज भोपा रोड स्थित ग्रेन चौम्बर पब्लिक स्कूल में कक्षा 11वीं का छात्र था। एक सप्ताह पहले स्कूल की ओर से परीक्षा परिणाम जारी किया गया। जिसमें कृष्णा इंग्लिश,विज्ञान समेत तीन विषयों में अनुत्तीर्ण था। इन विषयों में उसके औसत अंक भी नहीं थे। इसको लेकर स्कूल प्रबंधन ने छात्र के अभिभावकों को बुधवार को स्कूल बुलाया था, लेकिन वह किन्हीं कारणों के चलते नहीं पहुंचे। गुरुवार को गन्ना विभाग से सेवानिवृत्त दादा रामबीर शर्मा शादी समारोह में दिल्ली गए थे, जबकि माता रेखा शर्मा स्कूल में अध्यापन कार्य के लिए गई थी।

घर की ऊपरी मंजिल पर बने कमरे में छात्र अकेला था। इंस्पेक्टर आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि दोपहर लगभग 12:00 बजे छात्र ने बचन सिंह कालोनी में अपने एक दोस्त को फोन किया था। जिसमें परीक्षा में फेल होने के कारण तनाव होना बताया। उसके कुछ देर बाद छात्र ने फंदा लगाकर जान दे दी।

## मलिन बस्ती में जली शिक्षा की लौ, किताबें पाकर खिल उठे नन्हें चेहरे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनकपुरी क्षेत्र की मलिन बस्ती में उस समय एक नई उम्मीद की किरण दिखाई दी, जब वर्षों से शिक्षा से वंचित बच्चों के हाथों में किताबें और बैग पहुंचे। मासूम चेहरों पर आई चमक ने यह साबित कर दिया कि अवसर मिलते ही हर बच्चा आगे बढ़ना चाहता है।

प्रदेश सरकार के 'स्कूल चलो अभियान' को गति देते हुए कौशल विकास विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं नगर विधायक कपिल देव अग्रवाल की पहल पर प्रशासन ने विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के तहत न केवल बच्चों का स्कूलों में नामांकन कराया गया, बल्कि उनके लिए अस्थायी विद्यालय भी शुरू कर दिया गया।

गुरुवार को जनकपुरी क्षेत्र में चलाए गए व्यापक जनसंपर्क अभियान के दौरान ऐसे परिवारों से संवाद किया गया, जिनके बच्चे विभिन्न कारणों से अब तक स्कूल नहीं जा पा रहे थे। अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया गया और सभी बच्चों का नामांकन सुनिश्चित कराया गया।इस अवसर पर मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बच्चों का नए विद्यालय में स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षा केवल व्यक्ति का जीवन संवारने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास की मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।उन्होंने बताया कि इस पहल की शुरुआत 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर बच्चों से हुई बातचीत से हुई, जब यह सामने आया कि कई बच्चे आज भी स्कूल से दूर हैं। इसके बाद प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में खाली पड़ी नगरपालिका भूमि को विद्यालय के लिए चिन्हित किया। अवैध कब्जा हटवाकर वहां पढ़ाई की व्यवस्था सुनिश्चित की गई।जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग के समन्वय से बच्चों के लिए मूलभूत सुविधाएं विकसित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। इस पहल में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भी सहयोग दिया और इसे शिक्षा के क्षेत्र में एक सकारात्मक कदम बताया। मलिन बस्ती में शुरू हुई यह छोटी-सी पहल अब बड़े बदलाव की कहानी लिखने की ओर बढ़ रही है।

# नया मोबाइल न मिलने से नाराज किशोर ने लगाई फांसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढ़ाना क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर में बृहस्पतिवार को एक हृदय विदारक घटना हुई। एक 16 वर्षीय किशोर ने परिजनों द्वारा नया मोबाइल फोन खरीदकर न देने से आहत होकर अपने घर में फांसी लगा ली। परिजन जब तक कुछ समझ पाते तब तक किशोर की सांसें थम चुकी थी। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजना चाहा मगर परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। बेटे की मौत से परिजनों में कोहराम मचा गया। सुल्तानपुर गांव निवासी अरमान पुत्र इरफान उम्र करीब 16 वर्ष ने बृहस्पतिवार को घर के एक कमरे में फांसी लगा ली। अरमान कुछ दिनों से परिजनों से नया मोबाइल फोन लेने की जिद कर रहा था। बृहस्पतिवार सुबह भी इसी बात को लेकर घर में कहासुनी हुई। इसके बाद अरमान कमरे में चला गया और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। काफी देर तक बाहर न आने पर परिजनों को शक हुआ। तब दरवाजा तोड़कर अंदर देखा तो अरमान फंदे पर लटका था। घटना से बदहवास हुए परिजन तुरंत अरमान को फंदे से उतारकर निजी हस्पताल लेकर भागे मगर तब तक देर हो चुकी थी। डाक्टरों ने अरमान को मृत घोषित कर दिया। बेटे की मौत की खबर सुनते ही घर में चीख पुकार मच गई। घटना की सूचना मिलते ही बुढ़ाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मौके पर ही शव का पंचनामा भरकर शव परिजनों को सौंप दिया। शव को सायं के समय सुपुर्दे खाक कर दिया गया।

### क्या कहते हैं सीएचसी प्रभारी प्रणव तेवतिया

**बुढ़ाना।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डाक्टर प्रणव तेवतिया का कहना है कि किशोरावस्था भावनात्मक रूप से बेहद संवेदनशील उम्र होती है। इस उम्र में बच्चों में मोबाइल और गैजेट्स की लत तेजी से बढ़ रही है। छोटी छोटी बातों पर नाराज होना और आवेश में आकर गलत कदम उठा लेना आम होता जा रहा है। अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों से लगातार संवाद रखें उनकी भावनाओं को समझें और जरूरत पड़ने पर काउंसलिंग कराएं। डांट फटकार की बजाय प्यार से समझाना ज्यादा जरूरी है।

## युवक से मारपीट, जान से मारने की धमकी का आरोप

**चरथावल।**थाना क्षेत्र के गांव कुटेसरा में एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित फरमान पुत्र कुर्बान ने थाने में तहरीर देकर गांव के ही तीन युवकों पर गंभीर आरोप लगाए हैं।पीड़ित के अनुसार दोपहर वह अपने घर से घेर की ओर जा रहा था।तभी खालिद के घर के पास पहले से घात लगाए बैठे तीन युवकों ने उसे रोक लिया और लात-घूंसों से हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने उसे जमीन पर गिराकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।घटना के बाद घायल अवस्था में पीड़ित थाने पहुंचा, जहां पुलिस ने उसका मेडिकल परीक्षण कराया। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है और जल्द ही आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## कन्या इंटर कालेज में मानव श्रंखला बनाई

**धामपुर।** कन्या इंटर कॉलेज में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं एवं समाज में महिला सशक्तिकरण, सम्मान और जागरूकता का संदेश देना था। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या रेखा देवी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नारी समाज की शक्ति, सम्मान और प्रगति का आधार है।




मुजफ्फरनगर: नवाब अजमत अली गर्ल्स डिग्री कॉलेज में रैली निकालती छात्राएं।

## नवाब अजमत गर्ल्स कॉलेज में जागरूकता रैली का आयोजन

### महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी के लिए बढ़ाया कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नवाब अजमत गर्ल्स डिग्री कॉलेज में नारी वंदन अधिनियम 2023 के समर्थन में एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में महाविद्यालय की छात्राओं ने महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।


कॉलेज प्राचार्या डॉ. अनीता अग्रवाल ने कहा कि लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी सिर्फ उनके स्वाभिमान और सुरक्षा के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए भी जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि नारी वंदन अधिनियम 2023 के क्रियान्वयन से न केवल छात्राओं और महिला शिक्षकों में प्रसन्नता और गौरव का संचार हुआ है, बल्कि यह महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति और भी जागरूक बनाएगा।

इस रैली के माध्यम से कॉलेज ने समाज में महिलाओं के अधिकारों और उनके योगदान को लेकर सकारात्मक संदेश दिया।




मुजफ्फरनगर:मांगों के समर्थन में प्रदर्शन करते कर्मचारी।

# द एसडी पब्लिक स्कूल का कक्षा 10 का उत्कृष्ट रिजल्ट




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 की कक्षा 10वीं की प्रथम बोर्ड परीक्षा में द. एस. डी. पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम अभूतपूर्व रहा है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर विद्यार्थियों की उपलब्धि का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर विद्यालय में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थी क्रमशः सुहानी अग्रवाल (99.40:), तरु गुप्ता (99.20:), अनन्या गोयल (99:) द्वारा उत्कृकृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय की गरिमा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया गया। 43 विद्यार्थियों द्वारा शत प्रतिशत (100 :) अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया गया। जिसमें अंग्रेजी विषय में 15, संस्कृत में 15, सूचना प्रौद्योगिकी में 6 , आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में 6 विद्यार्थियों द्वारा शत प्रतिशत (100 :) अंक प्राप्त किए गए। 65 विद्यार्थियों ने 90: से अधिक अंक प्राप्त किए।

इस शुभ अवसर पर विद्यालय परिसर में आनंद एवं उत्साह का वातावरण व्याप्त रहा। माननीय प्रधानाचार्या श्रीमती नीलम माहना महोदया द्वारा विद्यार्थियों का मुँह मीठा कराकर उन्हें जीवन में निरंतर आगे बढ़ने, उच्च लक्ष्यों को प्राप्त करने तथा अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण हेतु प्रेरित किया एवं हार्दिक शुभकामनाएँ प्रदान की गईं।

किसान आई हॉस्पिटल
डॉ. गालिब हसन
M.B.B.S., D.O., M.S.
नेत्र रोग विशेषज्ञ व फेको सर्जन
(भूतपूर्व नेत्र सर्जन नेहरू हॉस्पिटल, टाउन हॉल, मुजफ्फरनगर)
M: 9897190592
फीस 100/- रूपये मात्र



सुविधाएं- मोतियाबिन्द ऑपरेशन फेको विधि द्वारा विदेशी लैन्स के साथ, शुगर व बी.पी. के मरीजों की पर्दे की जाँच व इलाज, आँखों के समस्त ऑपरेशन सस्ते दामों पर किए जाते हैं।
हमारे यहाँ जॉनसन एण्ड जॉनसन और एल्कोन के लैंस उपलब्ध है।
J&J Alcon
मोतियाबिन्द ऑपरेशन फेको विधि (लेजर) द्वारा विदेशी लेंस के साथ आधुनिक मशीनों द्वारा बिना इंजेक्शन, बिना दर्द और बिना टांके किया जाता हैं।
मोतियाबिन्द ऑपरेशन मात्र 7500/- से शुरु
पताः चरथावल-थानाभवन बस स्टैण्ड, मेन रोड, भारत पैट्रोल पम्प के सामने, मुजफ्फरनगर मो. 9045591662

आवश्यकता है
जामिया इस्लामिया अरबिया मुरादिया स्कूल, चरथावल रोड
(English Medium - कक्षा 1 से 5 तक)
विद्यालय हेतु एक योग्य एवं अनुभवी प्रधानाचार्य (Principal) तथा प्रशिक्षित अध्यापकों (Teachers) की आवश्यकता है।
प्रधानाचार्य के लिए योग्यता:
स्नातक/स्नातकोत्तर (शिक्षा में वरीयता) B.Ed
अध्यापक के लिए योग्यता:
स्नातक/स्नातकोत्तर (संबंधित विषय में) B.Ed/BTC
आकर्षक वेतन (योग्यता एवं अनुभव के अनुसार), अनुशासित एवं शैक्षणिक वातावरण
प्रवेश संबंधित सूचना: प्रवेश प्रारंभ (Admissions Open)
मासिक शुल्क: 50 रु. मात्र, प्रवेश नि:शुल्क (Free Admission)
स्थान: चरथावल रोड: इच्छुक अभ्यर्थी अपना Resume शीघ्र भेजें या संपर्क करें।
M. : 9368215210

जो माता-पिता अपने बच्चों की पढ़ाई से संतुष्ट नहीं हैं और अपने बच्चों को किसी भी क़ीमत पर होशियार और सफल बनाना चाहते हैं तो संपर्क करें!
ESTD. 1995
Unique COACHING CENTRE
UNIQUE SUCCESS POINT
पहले देखे! फिर विश्वास करें!
FREE 10 DAYS DEMO
आपकी एक मीटिंग हमारे साथ आपके बच्चों का जीवन बदल सकती है!
BOTH U.P. & C.B.S.E. BOARD STUDENTS CLASS I TO X
+91 7505612792
+91 9412507193
DIR- LOKESH CHAUHAN
M.Sc (Phy.), B.Ed.

## खतौली बार चुनाव की सरगर्मियां तेज, 21 अप्रैल को हो सकता है मतदान

**खतौली।** तहसील बार एसोसिएशन के वर्ष 2026-27 के चुनाव को लेकर माहौल गरमा गया है। एल्डर कमेटी द्वारा चुनाव कार्यक्रम जारी करते ही संभावित उम्मीदवारों ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है और अधिवक्ताओं से संपर्क अभियान शुरू कर दिया है।

एल्डर कमेटी के चेयरमैन चतरपाल सिंह एडवोकेट और सदस्य रामचंद्र सैनी एडवोकेट व मोहम्मद अरशद एडवोकेट ने बताया कि सर्वसम्मति से चुनाव प्रक्रिया का शेडड्यूल तय किया गया है। इसके तहत 15 अप्रैल को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गई है।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 16 और 17 अप्रैल को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक नामांकन पत्रों की बिक्री और जमा किए जाएंगे। वहीं 18 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच, आपत्तियों की सुनवाई और नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसी दिन वैध प्रत्याशियों की अंतिम सूची भी जारी कर दी जाएगी। एल्डर कमेटी के अनुसार, यदि आवश्यक हुआ तो 21 अप्रैल को सुबह 9 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक मतदान कराया जाएगा, जिसके बाद दोपहर 2 बजे से मतगणना कर परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाए रखने के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। नामांकन के समय प्रत्याशी और प्रस्तावक को अपने सीओपी कार्ड की सत्यापित प्रति देना अनिवार्य होगा। मतदान केंद्र के भीतर मोबाइल फोन ले जाना प्रति. बंधित रहेगा और मतपत्र की फोटो लेने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, मतदान के दिन सभी मतदाताओं को अपना सीओपी कार्ड साथ लाना जरूरी होगा। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही बार एसोसिएशन में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है और चुनावी हलचल तेज हो गई है।

# तीन सिलेंडर में कैसे बजेगी शहनाई?

## शादी से पहले गैस का इंतजाम बना सबसे बड़ी चुनौती

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** शादी-ब्याह का मौसम आमतौर पर खुशियों, तैयारियों और रौनक से भरा होता है, लेकिन इस बार खतौली में माहौल कुछ अलग है। एलपीजी गैस की कमी और केवल तीन सिलेंडर की सीमा ने परिवारों की चिंताओं को बढ़ा दिया है। हालत यह है कि लोग शादी की तैयारियों से पहले गैस सिलेंडर के इंतजाम को लेकर परेशान नजर आ रहे हैं।

नगर में इन दिनों एक दिलचस्प लेकिन चिंताजनक तस्वीर देखने को मिल रही है। शादी का कार्ड छपते ही लोग सीधे आपूर्ति विभाग के दफ्तर पहुंच रहे हैं।

भगवान को पहला न्योता देने की परंपरा के बाद अब दूसरा न्योता अधिकारियों को दिया जा रहा है, ताकि अतिरिक्त गैस सिलेंडर की अनुमति मिल सके। आपूर्ति कार्यालय का ख्रश्य भी बदला-बदला नजर आ रहा है। यहां रोजाना बड़ी संख्या में लोग शादी के कार्ड हाथ में लिए पहुंचते हैं और अधिकारियों से विशेष अनुमति की मांग करते हैं। कोई मेहमानों की संख्या का हवाला देता है, तो कोई घर की मजबूरी बताकर अतिरिक्त सिलेंडर की गुहार लगाता है। कई लोग तो सिफारिशों का सहारा लेने से भी पीछे नहीं हट रहे। उधर गैस एजेंसियों पर भी दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। लोग समय से पहले सिलेंडर बुक कराने और अतिरिक्त व्यवस्था करने में जुटे हैं। उनका कहना है कि महज 2-3 सिलेंडर में सैकड़ों मेहमानों के लिए भोजन बनाना बेहद मुश्किल है, जिससे शादी की व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं।

विशेषज्ञों की मानें तो इस संकट के पीछे अंतरराष्ट्रीय हालात भी एक कारण हैं। ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव का असर गैस आपूर्ति पर पड़ा है, जिससे अप्रैल-मई के विवाह सीजन में दिक्कतें और बढ़ गई हैं। स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि अब शादियों में केवल रिश्तेदार ही नहीं, बल्कि गैस सिलेंडर की व्यवस्था कराने वाले लोग भी खास मेहमान बनते जा रहे हैं। पहली बार ऐसा देखने को मिल रहा है कि शादी की तैयारियों का केंद्र अब आपूर्ति विभाग बन गया है। लोगों को उम्मीद है कि प्रशासन जल्द ही कोई ठोस कदम उठाएगा, ताकि शादी की रौनक वापस लौट सके और खुशियों के इस मौसम में परेशानियों का साया कम हो सके।

## ठग ने एटीएम बदलकर 30 हजार रुपये उड़ाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढ़ाना क्षेत्र में शातिर ठगों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे दिन दहाड़े वारदात अंजाम देकर फरार हो रहे हैं। 05 दिनों में ठगी की 2 घटनाएं हैं मगर पुलिस के हाथ खाली हैं।

एक मामले में एटीएम से पैसे निकालने गए युवक का कार्ड बदलकर शातिरों ने 30 हजार रुपये निकाल लिए तो दूसरे मामले में पीएनबी में राशन डीलर के 50 हजार रुपये 2 महिलाओं ने पार कर दिए। हैरानी की बात ये है कि दोनों पीड़ितों ने बुढ़ाना कोतवाली में प्रार्थना पत्र दे दिये पर 5 दिन बीतने पर भी किसी भी मामले में मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। पहली घटना बुढ़ाना कस्बे में स्थित एक एटीएम बूथ की है। पीड़ित युवक जो कस्बे का ही है बूथ पर पैसे निकालने गया था। वहां पहले से ही मौजूद एक युवक ने मदद के बहाने उसका एटीएम कार्ड बदल दिया। पीड़ित को इसका पता तब चला जब उसके मोबाइल पर खाते से 30 हजार रुपये निकलने का मैसेज आया। आनन फानन में वह बैंक पहुंचा।

खाता ब्लॉक कराया मगर तब तक देर हो चुकी थी। घटना को 5 दिन बीत चुके। उसने पुलिस को सूचना दी मगर पुलिस ने अब तक आरोपी को नहीं पकडा। एटीएम बूथ में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं फिर भी पुलिस आरोपी तक नहीं पहुंच रही। दूसरी घटना बुढ़ाना स्थित पीएनबी की है। यहां क्षेत्र के एक राशन डीलर बैंक में 50 हजार रुपये जमा कराने पहुंचा था। इसी दौरान बैंक में मौजूद 2 महिलाओं ने बातों में लगाकर उसके 50 हजार रुपये पार कर दिए।

## गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल पेश कर रहा एजाज

**( नसीम कुरैशी/महक कुरैशी )**



**बुढ़ाना।** धर्म जाति से ऊपर उठकर इंसानियत और जीव दया का संदेश देते हुए बुढ़ाना कस्बे के एक मुस्लिम युवक ने मिसाल पेश की है। कस्बे के सलमानी समाज से ताल्लुक रखने वाले एजाज सलमानी अपनी दुकान के बाहर घूमने वाले एक गाय के बछड़े की रोजाना सेवा कर रहे हैं। एजाज पिछले कई दिनों से इस बेजुबान बछड़े को अपने हाथों से हरी घास, पानी और केले खिला रहे हैं। उनके इस नेक काम की पूरे कस्बे में सराहना हो रही है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि कुछ दिन पूर्व यह बछड़ा भटककर एजाज सलमानी की दुकान के बाहर आ गया था। भूख व प्यास से व्याकुल बछड़े की हालत देखकर एजाज का दिल पसीज गया। उसी दिन से उन्होंने ठान लिया कि जब तक यह बछड़ा यहां है इसकी देखभाल वे खुद करेंगे। एजाज सलमानी रोज सुबह दुकान खोलने से पूर्व बछड़े के लिए ताजी हरी घास का इंतजाम करते हैं। दोपहर में दुकान पर आने वाले ग्राहकों से बचाकर वे बछड़े को केले भी खिलाते हैं। गर्मी को देखते हुए एजाज ने बछड़े के पीने के लिए पानी का एक टब भी दुकान के बाहर रखा हुआ है। बछड़ा भी अब एजाज से इतना घुल मिल गया है कि उनके दुकान पर पहुंचते ही उनके पास आ जाता है। इस बारे में बात करने पर एजाज सलमानी बेहद सादगी से कहते हैं इसमें तारीफ जैसी कोई बात नहीं है। बेजुबान जानवरों की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। ये बोल नहीं सकते, अपनी भूख प्यास नहीं बता सकते। अगर हम इंसान होकर भी इनका दर्द नहीं समझेंगे तो कौन समझेगा? ऊपर वाले ने हमें इस लायक बनाया है कि हम किसी की मदद कर सकें तो ये हमारा फर्ज है। एजाज का मानना है कि हर धर्म हमें जीवों से प्रेम करना ही सिखाता है। एजाज के इस काम को देखकर बाजार के अन्य दुकानदार और राहगीर भी अब उस बछड़े का ख्याल रखने लगे हैं। कोई पानी पिला देता है तो कोई रोटी दे जाता है। स्थानीय निवासी श्रीमति केला देवी कहती हैं कि एजाज भाई ने साबित कर दिया है कि इंसानियत का कोई धर्म नहीं होता। आज के दौर में जब लोग एक दूसरे के लिए नफरत पाल रहे हैं ऐसे में एजाज भाई का ये काम गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल है। पूरे कस्बे को इन पर नाज है। एजाज सलमानी का यह कदम समाज को यह संदेश दे रहा है कि मोहब्बत और दया का कोई भी मजहब नहीं होता है।

## छात्राओं ने मानव श्रंखला बनाकर दिया नारी शक्ति का सन्देश

**मोरना।** उत्तर प्रदेश शासन के बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत इंटर कॉलिज भोकरहेड़ी में छात्राओं द्वारा मानव श्रंखला बनाई गई।जिसमें भारत व इंडिया नाम को प्रस्तुत किया गया। भोकरहेड़ी में मोरना मार्ग पर स्थित इन्टरकॉलिज भोकरहेड़ी में गुरुवार की सुबह छात्राओं द्वारा मानव श्रंखला बनाई गयी।प्रधानाचार्य कैप्टन प्रवीण चौधरी ने अपने सम्बोधन में कहा कि नारी शक्ति अभियान को लेकर सरकार ने देश की संसद में 33 प्रतिशत हिस्सेदारी महिलाओं के लिये आरक्षित करने का साहसिक व ऐतिहासिक निर्णय लिया है।इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं के प्रति सम्मान बढ़ाना, उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना तथा समाज में समानता की भावना को मजबूत करना है। इसके तहत विद्यालयों में 16 अप्रैल से 20 अप्रैल तक विभिन्न गति. विधियों का आयोजन भी किया जाएगा।शुक्रवार को विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत भाषण, निबंध, पोस्टर प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक और लोकगीत आदि का आयोजन होगा।

## नशा तस्कर को छुड़ाने पर पुलिस का एक्शन, 3 गिरफ्तार

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** मोहल्ला देवीदास में नशा तस्करी के आरोपी को पुलिस हिरासत से छुड़ाने की घटना अब संबंधित लोगों पर भारी पड़ती दिख रही है। मामले में पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि कुल 25 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस की लगातार दबिश के चलते कई नामजद आरोपी अपने घरों पर ताला लगाकर फरार हो गए हैं।

दरअसल, कुछ दिन पहले पुलिस ने क्षेत्र में नशा तस्करी के खिलाफ अभियान चलाते हुए दो किलो से अधिक गांजा बरामद किया था।

इस कार्रवाई में कई युवकों को गिरफ्तार किया गया था, जबकि पूर्व सभासद विनोद शेरवान फरार चल रहा था। बुधवार को पुलिस टीम जब विनोद शेरवान को पकड़ने उसके घर पहुंची, तो घेराबंदी कर उसे हिरासत में ले लिया गया। इसी दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए और पुलिस कार्रवाई का विरोध करने लगे। देखते ही देखते भीड़ ने उग्र रूप ले लिया और पुलिस टीम के साथ धक्का-मुक्की शुरू कर दी। हालात इतने बिगड़ गए कि अतिरिक्त पुलिस बल बुलाना पड़ा, लेकिन अफरा-तफरी के बीच भीड़ आरोपी को छुड़ाकर फरार कराने में कामयाब रही। घटना के बाद पूरे इलाके में पुलिस ने सघन अभियान चलाया। गुरुवार को कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उपेंद्र, सुंदर और सोनू को गिरफ्तार कर लिया, जिन्हें विभिन्न धाराओं में जेल भेज दिया गया।

पुलिस ने इस मामले में 15 नामजद और 10 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मुख्य आरोपी विनोद शेरवान की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं।कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दिनेश चंद बघेल ने साफ कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस पर हमला और आरोपी को छुड़ाना गंभीर अपराध है, और इसमें शामिल सभी लोगों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## सिल्वर ऑक के छात्र-छात्राओं ने लहराया परचम

**मुजफ्फरनगर।** सिल्वर ऑक पब्लिक स्कूल के मेधावी छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई की दसवीं कक्षा के नतीजों में लहरा दिया परचम, आदित्य देशवाल ने 99प्रतिशत अंक प्राप्त करके जिले में तृतीय स्थान प्राप्त किया'

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 10वीं की परीक्षा के नतीजे घोषित कर दिये हैं। परीक्षा परिणाम देखकर सिल्वर ऑक पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। आदित्य देशवाल ने 99izfr'kr अंक प्राप्त करके जिले में तृतीय स्थान प्राप्त किया। आदित्य देशवाल ने अपने संदेश में बताया कि यह सफलताउसने बिना मोबाइल और प्राइवेट टूयशन की सुविधा के बिना प्राप्त की है। उसने यह भी कहा कि यह सफलता उसने केवल पुस्तकें पढ़कर तथा अध्यापकों के मार्गदर्शन एवं माता - पिता के सहयोग से प्राप्त की । विद्यालय में द्वितीय स्थान शगुन पुत्री श्री जीतू 96.2प्रतिशत व तृतीय स्थान तेजस्व ने 96प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय व अपने परिवार का नाम गौरवान्वित किया। इनके अलावा अन्य मेधावी छात्रों में अनंत बालियान 95.6प्रतिशत, अविका पुत्री श्री अर्जुन 95.2प्रतिशत , प्रीत 94.8प्रतिशत , शगुन पुत्री श्री सावन 92.8प्रतिशत , अभिजीत 92. 6प्रतिशत, शौर्य 92.2प्रतिशत, श्रीयांश 88.4प्रतिशत, वंशिका 87. 8प्रतिशत, इशिका पाल 87. 6प्रतिशत, अंशिका पुत्री श्री कविंद्र 85.4प्रतिशत, कार्तिक 84.



8प्रतिशत , फरहाद 84.6प्रतिशत, अभय बालियान 81.8प्रतिशत, लक्ष्य मलिक 81.2प्रतिशत, अभय पंवार 81प्रतिशत, लावण्या 80प्रतिशत, जानवी 79.8प्रतिशत, भूमि 79.4प्रतिशत, आरव पुत्र परीक्षित 79.2प्रतिशत अंक प्राप्त किये। विद्यालय के प्रबंधक श्री संदीप कुमार मलिक व प्रिंसिपल डॉली चौधरी ने सभी छात्र-छात्राओं को अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी।

## सीबीएसई हाईस्कूल रिजल्ट में मेपल्स एकेडमी बुढ़ाना का शानदार प्रदर्शन

**बुढ़ाना।** सीबीएसई द्वारा घोषित हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में मेपल्स एकेडमी बुढ़ाना के छात्र छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर एकेडमी व क्षेत्र का नाम रोशन किया। एकेडमी की छात्रा तनुश्री तोमर ने 96.08 प्रतिशत अंक प्राप्त कर एकेडमी टॉप की। एकेडमी के परिणामों के अनुसार दूसरे स्थान पर कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। छात्र जुनैद व अभिनव चौहान ने 95.08 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया। एकेडमी की छात्रा श्रेष्ठा राजपूत ने 95.06 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान हासिल कर एकेडमी का गौरव बढ़ाया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने अध्यापकों के मार्गदर्शन व अभिभावकों के सहयोग को दिया। तनुश्री तोमर ने बताया कि नियमित पढ़ाई व शिक्षकों द्वारा दी गई टिप्स से ये मुकाम हासिल हुआ। हर वर्ष की भांति मेपल्स एकेडमी बुढ़ाना का परिणाम इस बार भी क्षेत्र में उच्चतम रहा। आज एकेडमी परिसर में उच्च प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। यहां प्रबंधक राजीव गर्ग, प्रधानाचार्या डॉक्टर गरिमा वर्मा, उपप्रधानाचार्य क्षितिज श्रीवास्तव व सब शिक्षक मौजूद थे। सबने छात्र छात्राओं को बधाई देने के साथ उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्या डॉक्टर गरिमा वर्मा ने कहा कि बच्चों की मेहनत, शिक्षकों का समर्पण व अभिभावकों का ब्विास ही इस सफलता की कुंजी है। एकेडमी आगे भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहेगी। परिणाम से एकेडमी परिवार व कस्बे में खुशी का माहौल है।

**समन** वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5, कायदा 1 व 5) **न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय तहसील जानसठ, जिला मुजफ्फरनगर।** वाद सं. T202509550207657 सन् 2025 1.श्रीचन्द पुत्र स्व. श्री कश्मीर 2. जितेन्द्र कुमार पुत्र स्व. श्री रामचन्द्र 3. सतेन्द्र कुमार पुत्र स्व. श्री रामचन्द्र 4. श्रीमति इन्द्रावती पत्नी जोगेन्द्र 5. संजय पुत्र स्व. जोगेन्द्र 6. सोहनवीर पुत्र स्व. जोगेन्द्र 7. पंकज पुत्र स्व. जोगेन्द्र 8. श्रीमति महीपाली पत्नी स्व. श्री सहेन्द्र 9. राजन पुत्र स्व. श्री सहेन्द्र 10. संगम पुत्र स्व. श्री सहेन्द्र समस्त निवासीगण ग्राम जटमुझेडा परगना व तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर ... **प्रार्थीगण / वादीगण बनाम** 1. उसमान पुत्र स्व. न्यादर 2. इरफान पुत्र स्व. न्यादर 3. जावेद आलम पुत्र मुन्ना 4 आजम खां पुत्र मुन्ना 5 सुहेल पुत्र मुन्ना 6. आलम खां पुत्र मुन्ना 7. श्रीमति प्रवीन पत्नी मुर्तजा 8 रूखसार पुत्री मुर्तजा 9 गुलफसा पुत्री मुर्तजा 10. सद्दाम पुत्र मुर्तजा समस्त निवासीगण ग्राम बाकरनगर मजरा रहकडा परगना भोकरहेडी तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर। 11. जिला पंचायत ग्राम रहकडा द्वारा प्रधान ग्राम रहकडा परगना भोकरहेडी तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर **...प्रतिवादीगण** वाद अन्तर्गत धारा 116 उ.प्र. राजस्व संहिता 2006 ग्राम रहकडा परगना भोकरहेडी तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर के दायर की में लिहाजा आपको हुक्म होता है आप 05 बतारीख के जो 05 महा सन् 2026ई. ववक्त बजे दिन में असालमत या माफत वकील के जो मुकदमें हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुत्ताल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाब देही दावा करें और उसी रोज अपना जमला गवाही को जिसकी शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजी को जिस पर अपनी जवाब देही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मगर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगेर हाजिर आपके मुसमूह फैसला होगा। दिनांक 16 माह 04 सन् 2026ई. जारी किया। **इत्तिला** 1. अगर आपको यह सन्देश हो कि आपके गवाह मर्जी से हाजिर न होगे तो व अदालत हाजा से सम्मन वाई मुराद जारी करा सकते है जो गवाह हाजिर न हो वह जबरन हाजिर कराये जाये और किसी दस्तावेज जो किसी गवाह से पेश करने का और किसी इस्तेहाक रखते है। उसे पेश करायी जाये बशर्ते है कि आपका खर्चा जरूरी अदालत में दाखिल कराके उस उसका दरख्वस्त मुरझारायें। 2. अगर आप मतलाबा मुदई का तसलीम करने है तो रूपया मंय खर्चा नॉलिश अदालत दाखिल करे ताकि कार्यवाही हुजताय डिगरी को जो आपकी जान या माल दोनो पर ही करने पड़े।

**उपजिलाधिकारी जानसठ**
**जिला मुजफ्फरनगर**

## जीडी गोयनका का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा

**मुजफ्फरनगर।** सीबीएसई कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में जी डी गोयनका पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस परीक्षा में विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत 100प्रतिशत रहा है। विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं का विवरण में प्रथम स्थान -बादल गोयल 98.2 प्रतिशत, द्वितीय स्थान -अग्रिम जैन 97.8 प्रतिशत, तृतीय स्थान -अवयुक्त सिंह 96.6 प्रतिशत, इन विद्यार्थियों ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करके विद्यालय को गौरवान्वित किया है।विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या श्स्वाति र्मा ने कहा है कि ष्यह उपलब्धि छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के अटूट ब्विास का मधुर परिणाम है। हमें अपने विद्यार्थियों की शैक्षणिक उत्कृष्टता पर गर्व है और हम उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करते हैं।वहीं, उपप्रधानाचार्या श्अंजली आनंदश्जी ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि इन विद्यार्थियों ने खुद को सिद्ध कर दिया।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं मौ आसिफ पुत्र मौ वाजिद ग्राम बसधाड़ा ब्लॉक व थाना शाहपुर तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर का निवासी हूं। मेरे पिता के पासपोर्ट में मेरी माता का नाम नाजमा दर्ज हो गया है जो कि गलत है जबकि मेरी माता का वास्तविक नाम आधार व अन्य कागजों के अनुसार नाजरीन है।

### सार्वजनिक सूचना

एतद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है **श्री नर्मदेश्वर महादेव शिव मन्दिर समिति, ग्राम नौजल पोस्ट खास तहसील व जिला-शामली** के पंजीकरण कराने हेतु ऑनलाइन आवेदन प्राप्त है। उक्त समिति की प्रबन्ध समिति में निम्न पदाधिकारी / सदस्य हैं:- 1. श्री दुष्यंत कुमार अध्यक्ष 2. श्री पारस पुण्डीर उपाध्यक्ष 3. श्री भोपाल सिंह सचिव 4. श्री राजकुमार उपसचिव 5. श्री श्याम सिंह कोषाध्यक्ष 6. श्री राजीव कुमार भारद्वाज उपकोषाध्यक्ष 7. श्री रामकुमार सदस्य 8. श्री विकास कुमार सदस्य 9. श्री राकेश सदस्य 10. श्री सुरेन्द्र कुमार सदस्य 11. श्री अशोक कुमार सदस्य 12. श्री प्रवीन सदस्य 13. श्री गौरव कुमार सदस्य सहित सदस्य के रूप में दर्शाए गये है। यदि किसी व्यक्ति को प्रश्नगत मन्दिर के पंजीकरण के विरूद्ध किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशित होने के दिनांक से 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्रमाणों सहित अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पत्र पर विचार किया जाना सम्भव न होगा और गुण-दोष के आधार पर मन्दिर के पंजीकरण के सम्बन्ध में कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम की धारा 3 (1) के परन्तुक के अन्तर्गत जारी की जा रही है।

**(शिवेन्द्र कुमार पाण्डेय) सहायक रजिस्ट्रार,**
**फर्म्स, सरिसाइटीज तथा चिट्स, सहारनपुर।**

## कुरैशी कब्रिस्तान की चारदीवारी का रास्ता साफ

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढ़ाना के वार्ड 14 में स्थित कुरैशी कब्रिस्तान की सुरक्षा व संरक्षण के लिए लंबे समय से प्रतीक्षित चारदीवारी निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। बुढ़ाना नगर पंचायत के वार्ड 13 के सभासद इमरान कुरैशी ने विकास कार्यों में सहयोगी अन्य सभासदों के साथ मौके पर पहुंचकर कब्रिस्तान की पैमाइश करवाई और निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने के लिए स्थल का जायजा लिया। कुरैशी बिरादरी के इस मुख्य कब्रिस्तान की चारदीवारी न होने से कई तरह की समस्याएं सामने आ रही थी। कब्रिस्तान की भूमि की सुरक्षा को लेकर समाज के लोगों ने नगर पंचायत से मांग की थी। इसी क्रम में सभासद इमरान कुरैशी अन्य सभासदों के साथ कब्रिस्तान पहुंचे। इस मौके पर वार्ड 3 के सभासद सलीम कुरैशी, वार्ड 16 के सभासद पति बालू कुरैशी भी विशेष रुप से मौजूद थे। इन सभासदों ने नपं कर्मचारियों की मौजूदगी में कब्रिस्तान की जमीन की पैमाइश कराई व चारदीवारी के लिए चिन्हांकन कराया। सभासद इमरान कुरैशी ने बताया कि कुरैशी कब्रिस्तान की चार दीवारी का मुद्दा लंबित था। आज हमने कई सभासदों संग मौके का जायजा लिया। पैमाइश का काम पूरा कराया। वहीं बुढ़ाना नगर पंचायत अध्यक्षा उमा त्यागी के निर्देश पर जल्द ही निर्माण कार्य शुरु होगा। इससे कब्रिस्तान की भूमि सुरक्षित होगी। अतिक्रमण भी खत्म होगा। कुरैशी समाज के लोगों ने सभासद इमरान कुरैशी, सलीम कुरैशी और बालू कुरैशी का आभार जताया है।

## दो हफ्ते से गायब मजदूर का नहीं लगा सुराग

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढ़ाना क्षेत्र में स्थित एक भटे पर मजदूरी करने आया बिहार राज्य निवासी एक मजदूर रहस्यमय ढंग से गायब हो गया। काफी तलाश करने के दो हफ्ते बाद ठेकेदार ने पुलिस में गायब मज़दूर की गुमशुदगी दर्ज कराई है। उधर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर गायब युवक की तलाश शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार कृत्यानंद पुत्र रामबिलास निवासी ग्राम और थाना चिरिया बरियारपुर जिला बेग. सराय बिहार ने बुढ़ाना पुलिस को बृहस्पतिवार को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि वह 10 लडकों की लेवर हिन्द ब्रिक फिल्ड अलीपुर अटेरना भटे पर लेकर आया था। वह भटे पर ईंटें पकाने का कार्य लेवर को लेकर करता है। एक लडका ओकिल महतो निवासी ग्राम बाधा थाना मुफासिल जिला बेगुसराय बीती 03 अप्रैल को बिना बताये अलीपुर अटेरना भटे से चला गया था।

**सम्मन इस्तहारी**

न्यायालय उपजिलाधिकारी महोदय बुढाना जिला मु.नगर, वाद संख्या- सन 2026, 1. श्रीमति शबनम पत्नि इकबाल, 2. कु. गुलफसा पुत्री इकबाल, 3. सोफियान पुत्र इकबाल, 4. कु. सबनूर ना. आयु 15 वर्ष पुत्री इकबाल, 5. कु. सौफिया ना. आयु 13 वर्ष पुत्री इकबाल, 6. कु. सुहाना ना. आयु 12 वर्ष पुत्री इकबाल, 7. कु. अलसिफा ना. आयु 15 वर्ष पुत्री इकबाल, संरक्षिका श्रीमति शबनम, पत्नि इकबाल माता स्वयं निवासीगण ग्राम उमरपुर परगना शिकारपुर तहसील बुढाना जिला मुजफ्फरनगर। वादीगण, बनाम, 1. मकसूद पुत्र कालू, 2. श्रीमति बेगम पत्नि खलील, 3. श्रीमती तस्लीमा पत्नी मकसूद, 4. श्रीमति नफीसा पत्नि मौ. बाबू निवासीगण ग्राम उमरपुर परगना शिकारपुर तहसील बुढाना जिला मुजफ्फरनगर। 5. ग्राम पंचायत उमरपुर द्वारा ग्राम प्रधान उमरपुर परगना शिक. ारपुर तहसील बुढाना जिला मुजफ्फरनगर। ....... प्रतिवादीगण, धारा-116 यूपीआरसी 2006, मौजा-उमरपुर, दरगाह वादीगण ने आपके नाम उपरोक्त वाद घोषणात्मक दायर किया है लिहाजा आपको हुकम होता है कि तारीख 27 माह 04- सन् 2026 ई. समय 11 बजे आप असलामत या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से कर वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमर अहम मुसलिका मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई ओर साक्ष्य हो कि जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर जवाबदेही दावा करे और उसी रोज अपना जुमला गवाही को जिसका शहादत पर निजी तमाम दस्तावेज को जिस पर अपनी जवाबदेही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें। अगर बजोर मजकूर जाहिर न होगे मुकदमा बगैर हाजरी आपके मसमूह फैसला होगा। परवाना मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत के आज दिनांक 16 माह 4 सन् 2026 को जारी किया गया है।

**आज्ञा से न्यायालय**
**उपजिलाधिकारी बुढाना**

## व्यापार मंडल में वैभव त्यागी बने युवा जिलाध्यक्ष



**मुजफ्फरनगर।** जिलाध्यक्ष व्यापारियों की आवाज व्यापार मंडल शलभ गुप्ता द्वारा सदर बाजार स्थित कैंप कार्यालय पर जिला महामंत्री जनार्दन विश्वकर्मा की संस्तुति पर वैभव त्यागी को युवा जिलाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया।

नगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि व्यापारियों की आवाज व्यापार मंडल रजी0 मुजफ्फरनगर के जिलाध्यक्ष शलभ गुप्ता द्वारा नगर युवा महामंत्री वैभव त्यागी को उनकी उत्कृष्ट कार्य शैली और व्यापारियों के लिए हमेशा संघर्षरत रहना लगनशीलता को देखते हुए युवा जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी जिला महामंत्री जनार्दन विश्वकर्मा जी की संस्तुति पर सौंपी है 15 दिन मै 21 व्यापारियों की कमेटी गठन करने का निर्देश जिलाध्यक्ष ने दिया। शलभ गुप्ता जिलाध्यक्ष ने वैभव त्यागी को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है उन्होंने कहा युवा वर्ग देश की रीढ़ की हढी होती है।

युवा के अंदर संघर्ष करने की उच्च क्षमता होती है जब जब युवा आर्थिक प्रगति करता है तो देश मजबूत होता है और देश की आर्थिक स्थिति में सुधार होता है जो एक सम्पन्न देश के लिए अच्छा सूचक है आपसे आशा की जाती है कि आप ईमानदारी से व्यापारी के हितों की लड़ाई लड़ेंगे और ज्यादा से ज्यादा व्यापारियों को व्यापार मंडल से जोड़ने का कार्य करेंगे।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर।

पंत्रांक:-101/E-tender/CM-NSY/2026-27 दिनांक 16.04.2026

### अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग के समस्त पंजीकृत/वर्ष 2026-27 में नवीनीकृत/किसी भी शासकीय विभाग में निर्माण कार्यो हेतु पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है, कि **'' मुख्यमंत्री नगर सृजन योजनान्तर्गत''** 31 निर्माण कार्यो हेतु दिनांक 02.05.2026 को अपराहन 3:00 बजे तक ई-निविदाये आमन्त्रित की जाती है। बेवसाईट **http:// etender.up.nic.in** पर निविदा फार्म आनलाईन दिनांक 18.04.2026 की प्रातं 10:00 से दिनांक 02.05.2026 की अपराहन 3:00 बजे तक डाउनलोड तथा अपलोड किया जा सकता है। प्रात ई-निविदाओं को दिनांक 02.05.2026 की अपराहन 4:00 बजे अधिशासी अधिकारी महोदया के समक्ष खोला जायेगा। निविदा सूचना की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त किये जाने हेतु नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग कार्यालय में आकर अथवा ऊपर दी गई वैबसाईट पर लॉग इन कर प्राप्त कर सकते है।

| सहायक अभियन्ता( निर्माण ) | अधिशासी अधिकारी | अध्यक्ष |
|---|---|---|
| नगर पालिका परिषद | नगर पालिका परिषद | नगर पालिका परिषद |
| मुजफ्फरनगर | मुजफ्फरनगर | मुजफ्फरनगर |

# मार्निंग वॉक कर रही किशोरी लापता

## परिजनों ने दूसरे सांप्रदाय के युवक पर लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना की एक कॉलोनी से एक नाबालिग किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता ने कोतवाली बुढाना में तहरीर देकर कॉलोनी के ही एक युवक व उसके साथियों पर बेटी को बहला फुसलाकर ले जाने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि आरोपी के परिजन शिकायत करने पर धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कॉलोनी निवासी एक व्यद्रि ने बुढ़ाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री बीती 15 अप्रैल को सुबह करीब 5 बजे घर से बाहर घूमने के लिए निकली थी। काफी देर तक भी वापस नही लौटने पर परिजनों को चिंता हुई।

परिजनों ने अपनी स्तर से तलाश शुरू की तो पता चला कि उसी कॉलोनी का निवासी सागर पुत्र अशोक उसकी बेटी को अपने दोस्तों संग बहला फुसलाकर कहीं ले गया है।

पीडित का आरोप है कि जब वह सागर के परिजनों से बात करने गया तो वे लड़ने मरने पर उतारू हो गए और धमकी दी कि यदि पुलिस में शिकायत की तो अंजाम बुरा होगा। पीड़ित पिता ने तहरीर में आशंका जताई है कि सागर, उसके परिजन व साथी उसकी नाबालिग बेटी के साथ कोई अनहोनी कर सकते हैं। उन्होंने पुलिस से बेटी को शीघ्र सकुशल बरामद कर सुपुर्दगी में देने तथा आरोपी सागर, उसके परिजनों व साथियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उधर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## युवक की बाइक की टक्कर से मौत

**छपार।** हाइवे पर भारत मेडिकल कॉलेज के निकट सड़क पार करते हुए एक युवक को बाइक ने टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर घायल हो गया। घायल को राहगीरों ने एम्बुलेंस से जिला चिकित्सालय भिजवाया वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बृहस्पतिवार को बस दिल्ली से हरिद्वार जा रही थी। बस भारत मेडिकल कॉलेज के सामने एक ढाबे पर रुकी तो हरियाणा के जनपद रो. हतक के कस्बा कलानोर निवासी 23 वर्षीय यश जुनेजा सड़क पार कर दूसरी साइड में जाने लगा तो रुडकी की ओर से तेज गति से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर घायल हो गया। घायल को राहगीरों व पास के ही ढाबा कर्मियों ने उसे एम्बुलेंस से मुजफ्फरनगर जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड व अन्य कागजातों से उसके परिजनों को सूचना दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया गया है कि बाइक वाले को भी चोटें आई। वह कुछ देर बाद बाइक सहित चला गया।

## चोरी की गई बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**भोपा।** गंग नहर पुल से गांव बेहडा थ्रू मार्ग पर पुलिस ने रात्रि में चेकिंग के दौरान चोरी की गई बाइक के साथ दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गुरुवार को उन्हें कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेजा गया है। प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक गोपाल सिंह सिंह अपनी टीम के साथ बुधवार की रात्रि में भोपा गंग नहर पुल से गांव बेहडा थ्रू की ओर जाने वाले रास्ते पर चेकिंग कर रहे थे कि अचानक बाइक सवार दो संदिग्ध युवक आए। पुलिस ने उन्हें रोक लिया तथा बाइक की नंबर प्लेट व चेसिस नंबर को चेक किया गया तो मालूम हुआ किया कि बाइक चोरी की है। पूछताछ में आरोपितों ने अपने नाम राज सिंह गांव भिक्की थाना सिखेडा व सन्नी गांव कूकडा थाना नई मंडी बताएं। जिसमें सन्नी ने बताया कि दो साल पहले सहारनपुर के फतेहपुर थाना क्षेत्र से बाइक को चोरी करना बताया।

# भाजपा की बैठक में बनाई गई संगोष्ठी की रूपरेखा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव आंबेडकर सम्मान अभियान 2026 के तहत विधानसभा स्तरीय संगोष्ठी की तैयारियों को लेकर बुढ़ाना में भाजपा नेताओं की बैठक आयोजित हुई। भाजपा नेता कुलदीप बागड़ी के आवास पर हुई।

इस बैठक में पूर्व विधायक उमेश मलिक पहुंचे और कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में निर्णय लिया गया कि डॉक्टर आंबेडकर सम्मान अभियान के अंतर्गत विधानसभा स्तरीय संगोष्ठी शुक्रवार को दोपहर 12 बजे बुढ़ाना कस्बे के शंकर पैलेस में होगी। पूर्व विधायक उमेश मलिक ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपीं। उन्होंने कहा संगोष्ठी में हर



वर्ग को आमंत्रित करें ताकि बाबा का शिक्षित बनो संगठित रहो संघर्ष करो का संदेश हर घर पहुंचे।घ कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को लेकर भी गहन मंथन हुआ। यहां शाहपुर मंडल अध्यक्ष परमेश सैनी, भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मोनू मलिक, अंकुश राठी, भाजपा मंडल अध्यक्ष मोनू ठाकुर, सभासद प्रवीण, सोनू कुमार, नितिन बागड़ी समेत बड़ी संख्या में भाजपा पदा. धिकारी कार्यकर्ता मौजूद थे। सबने संगोष्ठी को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया। भाजपा नेता मोनू मलिक ने कहा कि संगोष्ठी में विधायक, सांसद, पाटह्र के वरिष्ठ नेता भी आमंत्रित हैं। कार्यक्रम में बाबा के जीवन पर आधारित विचार गोष्ठी, प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

# हेरिटेज पब्लिक स्कूल के आरव काकरान ने छुआ 98 का आंकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपार।** बसेड़ा में शुक्रताल मार्ग पर स्थित हेरिटेज पब्लिक स्कूल के छात्र आरव काकरान ने हाईस्कूल परीक्षा में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलिज व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अन्य छात्रों का परीक्षा परिणाम भी शानदार रहने पर प्रबंधन द्वारा छात्रों को सम्मानित किया गया वहीँ अभिभावकों में खुशी की लहर दौड़ गयी है।

हेरिटेज पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या खुश्बू शर्मा ने बताया कि कक्षा दसवीं के छात्र आरव काकरान ने 98 प्रतिशत के साथ प्रथम, आयुष राठी 97.9प्रतिशत द्वितीय, अनिरुद्ध 94.4प्रतिशत तृतीय स्थान प्राप्त किया । अन्य मेधावी छात्र-छात्राओं का परिणाम हिमानी 94.2प्रतिशत, राशि 93प्रतिशत, स्नेह चौधरी 92.2प्रतिशत, अर्णव वशिष्ठ 91.2प्रतिशत, छवि सिंहानिया 89.4प्रतिशत, गर्वित चौधरी 88प्रतिशत, आर्यष राठी 88प्रतिशत, अनिशा 87प्रतिशत, अनंत कुमार 86.2प्रतिशत, किरण प्रभा 86प्रतिशत, आरव सिंह 85प्रतिशत, प्रज्ञा त्यागी 84प्रतिशत, जानवी 82.2प्रतिशत, अखिल 82.2प्रतिशत, अंशिका देशवाल 79प्रतिशत, नित्या त्यागी 78.4प्रतिशत, नैतिक चौधरी 78.2प्रतिशत, कृतिका 78प्रतिशत रहा है। प्रबंधक नीरज बालियान ने



छात्रों को सम्मानित कर बधाई देते हुए कहा कि अभिभावकों के सहयोग से यह उपलब्धि हासिल हुई है। यह सभी के मेहनत लगन और अनुशासन तथा निरन्तर अध्ययन का परिणाम है। भविष्य में भी इस प्रकार के प्रयासों को और गति दी जायेगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से राहुल, नैन सिंह, नितिश, अनुराधा, माधवी, अवनीश, अंकित, पूनम सिंह आदि मौजूद रहे।

## एसडी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने लहराया सफलता का परचम

**मोरना।** ककरौली में जानसठ मार्ग स्थित एस.डी.पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है।शानदार परिणाम को लेकर विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गयी।प्रधानाचार्या अंजु शर्मा ने बताया कि प्रथम स्थान पर सूरज ने 86.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, द्वितीय स्थान पर तलहा ने 84.4 प्रतिशत अंक जबकि तृतीय स्थान पर राधिका ने 83.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।सामाजिक विज्ञान में सूरज ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। अंग्रेजी विषय में तलहा ने 95 अंक वह रिहान ने 92 अंक और सूरज ने 91 अंक प्राप्त किए।हिंदी विषय में राधिका ने 91 अंक तथा रिहान व मयंक ने 89 अंक अर्जित किए।विज्ञान विषय में तलहा ने 84 अंक प्राप्त किए।गणित विषय में राधिका ने 83 अंक प्राप्त किए। प्रबंधक कृष्णपाल सिंह ने सभी विद्यार्थियों को इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## नारी शक्ति वन्दन कार्यक्रम का आयोजन

**बुढ़ाना।** बीईओ किरण यादव के अनुपालन में कंपोजिट स्कूल डूंगर में स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक चौधरी जमील अहमद के नेतृत्व में नारी शक्ति वन्दन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय में उपस्थित समस्त बालिकाओं व अध्यापिकाओं द्वारा नारी शक्ति मानव श्रृंखला बनाकर म्यूजिक द्वारा शक्ति का प्रदर्शन किया गया तथा विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक चौधरी जमील अहमद द्वारा विद्यालय में 70 प्रतिशत से भी अधिक उपस्थित वाली बालिकाओं के अभिभावकों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक चौधरी जमील अहमद ने बताया कि स्कूलों में नारी शक्ति वंदन अभियान आज 16 अप्रैल से शुरु होकर आगामी 20 अप्रैल तक बालिकाओं में आत्मविश्वास, सुरक्षा और नेतृत्व क्षमता बढ़ाने के लिए एक विशेष कार्यक्रम है। इस दौरान स्कूलों में आत्मरक्षा प्रशिक्षण, रानी लक्ष्मी बाई आत्महत्या प्रशिक्षण योग, सांस्कृतिक कार्यक्रम और 70 प्रतिशत से भी अधिक उपस्थित वाली समस्त छात्राओं के अभिभावकों का सम्मान किया जा रहा है। यह कार्यक्रम विद्यालय में आज से शुरु होकर 20 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य छात्राओं को सशक्त, आत्मनिर्भर और जागरूक बनाना है और साथ ही समाज में उनकी भागीदारी को भी बढ़ाना है।

## छात्र रणवीर ने बढ़ाया कस्बे का मान

**पुरकाजी।** कस्बे के छात्र रणवीर वर्मा ने 10वीं में 94.3प्रतिशत अंक प्राप्त कर बढ़ाया क्षेत्र का मान।कस्बे के छात्र रणवीर वर्मा ने मोंटफोर्ट स्कूल, रुड़की से हाईस्कूल (10वीं) परीक्षा में 94.3प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षे त्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस शानदार सफलता से परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है।रणवीर वर्मा पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा जिला कार्यकारी सदस्य डॉक्टर संदीप वर्मा के सुपुत्र एवं प्रमुख समाजसेवी राम अवतार वर्मा के पौत्र हैं। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं परिजनों ने



हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।विद्यालय के शिक्षकों ने रणवीर वर्मा की मेहनत, लगन और अनुशासन की सराहना करते हुए इसे अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताया। वहीं परिजनों ने इस सफलता का श्रेय रणवीर वर्मा की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। रणवीर वर्मा की सफलता पर वरिष्ठ भाजपा नेता संजय वर्मा भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय पवार भाजपा मंडल महामंत्री विपिन गोयल व्यापार मंडल के महामंत्री तनवीर आलम भारतीय किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष प्रदीप कौशिक पूर्व सभासद शिवकुमार पाल पप्पू धीमान आदि सहित व्यापारियों एवं राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों के लोगों ने रणवीर वर्मा को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है

## उत्कृष्ट रहा एसएफडीएवी स्कूल का परीक्षा परिणाम

**मुजफ्फरनगर।** एस एफ डी. ए. वी पब्लिक स्कूल मुजफ्फरनगर ने एक बार फिर उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को कायम रखते हुए इस वर्ष 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम दर्ज कर जिले में अपनी अलग पहचान बनाई है। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय में जश्न का माहौल बन गया और छात्रों, अभिभावकों व शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस शानदार सफलता में सारा राहत ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल कर सबका गौरव बढ़ाया। वहीं अन्तरा गुप्ता ने 94.4 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि ग्रेसी ने 90 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान पर जगह बनाई। तीनों मेधावी छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय नियमित अध्ययन, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया।विद्यालय की प्रधानाचार्य पूनम पंवार ने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह परिणाम छात्रों की मेहनत, शिक्षकों की लगन और अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि विद्यालय आगे भी इसी तरह गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता रहेगा। विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## धीर सिंह बने शुकतीर्थ जाट धर्मशाला कमेटी के निर्विरोध अध्यक्ष

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ स्थित जाट धर्मशाला एवं समाज सुधार सभा की प्रबंध समिति के अध्यक्ष पद पर गांव बेहडा थ्रू के चौधरी धीर सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुए है। क्षेत्र के गांव गांव से आए समाज के गणमान्य लोगों ने उन्हें माला पहनाकर बधाई दी। चुनाव अधिकारी एवं प्रधानाचार्य शेखर सिंह के द्वारा तीर्थ नगरी शुकतीर्थ स्थित जाट धर्मशाला एवं समाज सुधार सभा की प्रबंध समिति का चुनाव कार्यक्रम घोषित किया गया। जिसके तहत बुधवार को अध्यक्ष पद के लिए गांव बेहडा थ्रू के चौधरी धीर सिंह व गांव नंगला मंदौड के चौधरी कल्याण सिंह ने पर्चा खरीदा है। गुरुवार को चौधरी धीर सिंह ने अपने प्रस्तावक रामपाल सिहं व समर्थक महकार सिंह के साथ अध्यक्ष पद परनामांकन किया। जिसके चलते अध्यक्ष पद पर केवल एक ही नामांकन होने के चलते चौधरी धीर सिंह निर्विरोध निर्वाचित हो गए। जाट समाज महासभा के संरक्षक जगदीश बालियान, जिलाध्यक्ष देवेंद्र चौधरी, प्रकाशवीर बाबूजी, मनोज कुमार, गन्ना समिति के पूर्व चेयरमैन सतीश कुमार, सुरेंद्र चेयरमैन, भाकियू के बिजेंद्र आर्य आदि गांव गांव से आए गणमान्य लोगों ने उन्हें माला पहनाकर बधाई दी।

# अक्षय तृतीया पर बाल-विवाह जागरूकता कार्यक्रम

**मुजफ्फरनगर।** बृहस्पतिवार को होली चाइल्ड पब्लिक इण्टर कॉलेज, जडौदा, मुजफ्फरनगर के सभागार में जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन संस्था ग्रामीण समाज विकास केन्द्र, मुजफ्फरनगर के तत्वाधान में बाल विवाह की रोकथाम की जागरूकता के अन्तर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डॉ0 सतेन्द्र कुमार चौधरी, सब-इन्स्पेक्टर जगतसिंह, चाइल्ड हेल्प लाईन के सदस्य सचिन कुमार, धनीराम एवं प्रधानाचार्य प्रवेन्द्र दहिया द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों को प्रधानाचार्य प्रवेन्द्र दहिया द्वारा स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। सिविल जज डॉ0 सतेन्द्र कुमार ने बताया कि यदि आप और हम कही भी अपराध होते हुए देखते है तो उसके खिलाफ तुरन्त आवाज उठायें। बाल विवाह एक सामा. जिक कुरीति है, जो न केवल बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास को प्रभावित करती है, बल्कि उनके भविष्य को भी अंधकारमय बना देती है। यह कानूनन दंडनीय अपराध है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के अंतर्गत बाल विवाह करने, करवाने या इसमें सहयोग करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है। जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन संस्था ग्रामीण विकास समाज विकास केन्द्र सचिव मेहचन्द ने कहा कि संस्था भारत सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का हिस्सा है और जनपद मुजफ्फरनगर के शासन व प्रशासन के साथ सदैव अग्रणीय भूमिका में रहेगी। अक्षय तृतीया पर कहना चाहते है कि बाल विवाह अपराध है, चुप्पी भी अपराध है इसलिए किसी भी अपराध के खिलाफ चुप मत रहिये, आवाज उठाइयें। संस्था द्वारा बाल विवाह जैसे कुरीति को समाप्त करने के लिए विद्यालय की छात्राओं द्वारा बाल विवाह नुक्कड नाटक एवं भाषण दिये, जिनकों प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर उत्साहवर्धन किया। जगत सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार, प्रशासन महिलाओं एवं बालकों की सुरक्षा हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत सुरक्षा हेल्प लाईन नं0-1098, 112, 1090 आदि के बारे में जागरूक किया और समस्त विद्यार्थियों से यातायात नियमों का पालन जैसे- हेलमेट, शीटबेल्ट का उपयोग सदैव करें और समाज को भी जागरूक करें।




# बोर्ड परीक्षा में जेवी पब्लिक स्कूल का जलवा

**मुजफ्फरनगर।** जेवी पब्लिक स्कूल में सी.बी.एस.ई. बोर्ड का 10वीं कक्षा का परिणाम घोषित होते ही जे वी पब्लिक स्कूल के समस्त छात्र / छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गयी। विद्यालय के छात्र परम चोधरी द्वारा 96: अंक प्राप्त कर नया कीर्तीमान स्थापित करते हुए विद्यालय को गौरान्वित किया। विद्यालय का कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम शत प्रतिषत रहा। विद्यालय में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का विवरण/ परीक्षा



परिणाम में परम चोधरी 96 प्रतिशत प्रथम स्थान, वैष्णवी शर्मा 95.4 प्रतिशत द्वितीय स्थान, अवनी सिंह 94.2 प्रतिशत तृतीय, स्थान, अक्षत कश्यप 93.4 प्रतिशत चतुर्थ स्थान, शिवम सिंह 92.4 प्रतिशत पंचम स्थान, रीत मित्तल 92.4 प्रतिशत पंचम स्थान, अथर्व गौड 90.6 प्रतिशत पंचम स्थान प्राप्त किया।

# दीवान सिंह स्कूल के छात्र-छात्राओं के खिले चेहरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** दीवान सिंह पब्लिक स्कूल तितावी के छात्र-छात्राओं के चेहरे कक्षा 10 सीबीएसई रिजल्ट प्रकार खिल उठे। सीबीएसई 2026 कक्षा 10 का रिजल्ट देखकर दीवान सिंह पब्लिक स्कूल तितावी के छात्र-छात्राओं में बहुत ही खुशी का माहौल है विद्यालय का कक्षा 10 का शत प्रतिशत रिजल्ट रहा स प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रा रिया पुत्री हरेंद्र सिंह ने 91.8प्रतिशत , द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा अवनी पुत्री नवीन कुमार ने 90.2प्रतिशत व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा माही पुत्री कन्हैया ने 85.8प्रतिशत अंक प्राप्त किया स अनामिका 81प्रतिशत अर्पण चौधरी 80प्रतिशत अनन्य भारद्वाज 79.



4प्रतिशत देव तोमर 79प्रतिशत आरिश 73.8प्रतिशत अविका चौधरी 70.2प्रतिशत आशुतोष 69.2प्रतिशत वंशिका 68.8प्रतिशत वैष्णवी 65.6प्रतिशत प्रशांत कुमार 64.2प्रतिशत दिव्यांश 63प्रतिशत शिवम कुमार 61.6प्रतिशतअक्ष कुमार 61प्रतिशत दीपांशु 60प्रतिशत अंक प्राप्त किया शेष विद्यार्थी भी अच्छे अंक प्राप्त कर सफल हुए स विद्यालय के परिणाम आने पर विद्यालय में छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, इस अवसर पर प्रबंधक डॉक्टर विपिन कुमार सिंह प्रधानाचार्य विकास शर्मा विद्यालय के अधिशासी समन्वयक प्रवीण कुमार पुंडीर ने छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# शराब की आदत से लिवर को नुकसान

**मुजफ्फरनगर।** आज के समय में शराब का सेवन कई लोगों की सामाजिक और व्यक्तिगत दिनचर्या का हिस्सा बन चुका है। अक्सर यह एक-दो पेग से शुरू होकर धीरे-धीरे रोज़ की आदत में बदल जाता है और कई बार व्यक्ति को पता भी नहीं चलता कि वह शराब पर निर्भर होता जा रहा है। इसका सबसे अधिक असर हमारे शरीर के महत्वपूर्ण अंग लिवर पर पड़ता है, जो शरीर को डिटॉक्स करने का काम करता है।

लंबे समय तक अत्यधिक शराब पीने से लिवर की कोशिकाओं में फैट जमा होने लगता है, जिसे अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज कहा जाता है। यदि समय रहते इस पर ध्यान न दिया जाए तो यह सूजन, स्कारिंग और यहां तक कि लिवर फेलियर जैसी गंभीर स्थिति में बदल सकता है। हालांकि अच्छी बात यह है कि शुरुआती चरण में इस नुकसान को सही कदम उठाकर पूरी तरह से ठीक किया जा सकता है।



'मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नोएडा के सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एवं लिवर ट्रांसप्लांट विभाग के सीनियर डायरेक्टर डॉ. के. आर. वासुदेवन, ने बताया' हफैटी लिवर डिजीज की शुरुआती अवस्था में अक्सर कोई स्पष्ट लक्षण दिखाई नहीं देते, जिससे इसे पहचानना मुश्किल हो जाता है। फिर भी कुछ लोगों को लगातार थकान, पेट में असहजता या बिना कारण वजन कम होने जैसे संकेत महसूस हो सकते हैं। यदि इन संकेतों को नजरअंदाज किया जाए, तो स्थिति धीरे-धीरे गंभीर होकर हेपेटाइटिस या सिरोसिस जैसी बीमारियों का रूप ले सकती है। लिवर हमारे शरीर का एक ऐसा अंग है जिसमें खुद को दोबारा ठीक करने की अद्‌भुत क्षमता होती है। अगर समय रहते सही कदम उठाए जाएं और जीवनशैली में सुधार किया जाए, तो शुरुआती चरण में फैटी लिवर को पूरी तरह से रिवर्स किया जा सकता है। इसके लिए सबसे जरूरी है कि हम शराब के लिवर पर पड़ने वाले प्रभाव को समझें और अपनी आदतों में बदलाव लाएं। 'डॉ. वासुदेवन, ने आगे बताया' हछोटे लेकिन लगातार किए गए बदलाव लिवर को स्वस्थ बनाने में बड़ा योगदान देते हैं। शराब का सेवन कम करना या पूरी तरह छोड़ना सबसे महत्वपूर्ण कदम है। यह चुनौतीपूर्ण हो सकता है, लेकिन सपोर्ट ग्रुप, काउंसलिंग और परिवार का साथ इस सफर को आसान बना सकता है।

# स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का विधिवत शुभारंभ

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश भारत स्काउट एवं गाइड प्रादेशिक प्रधान केंद्र लखनऊ एवं सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर मेरठ एवं सहारनपुर मंडल अमित सैनी की अनुमति के अनुपालन में एवं ज़िला संस्था मुज़फ़्फ़रनगर के तत्वाधान में पाँच दिवसीय बी. एड. स्काउट मास्टर गाइड कैप्टेन विशिष्ट परिचयात्मक प्रशिक्षण शि. विर का शुभारंभ डी.ए.वी पी.जी कॉलेज मुज़फ़्फ़रनगर के अध्यापक शिक्षा विभाग में 16 अप्रैल 2026 को किया गया। शिविर के उद्घाटन के अवसर पर ध्वजारोहण के पश्चात मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्राचार्य प्रो योगेश कुमार त्यागी ने शिविरार्थियों को अनुशासित रहते हुए कठोर परिश्रम तथा लगन के साथ राष्ट्र निर्माण के लिए तत्पर रहने का आहवान किया।

कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में प्रो सुषमा सैनी, समन्वयक भारत




स्काउट्स एवं गाइड (रोवर / रेंजर) माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर ने छात्रों को जीवन में मानवीय मूल्यों को अपनाकर एक सच्चा मानव बनने पर बल दिया, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो मुक. `श चांद, ज़िला आयुक्त रोवर रेणु गर्ग ज़िला सहायक आयुक्त (गाइड) उपस्थित रहे। उद्घाटन सत्र की बेला पर विभागाध्यक्षा प्रो संगीता श्रीवास्तव ने समस्त अतिथियों का स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया तथा शिविर में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को कर्म ही पूजा है के सिद्धांत पर चलने का संदेश दिया।

छात्र-छात्राओं द्वारा इस अवसर पर देशभक्ति व प्रेरणादयी कविता एवं समूह गीत प्रस्तुत किये गए, कार्यक्रम का संचालन भारत भूषण अरोरा ज़िला संगठन आयुक्त स्काउट द्वारा किया गया। शिविर प्रशिक्षक के रूप में भारत भूषण अरोरा, प्रभा दहिया, रेणु गर्ग उपस्थित रहे इन्होंने आज शिविर में झंडा-गान, प्रार्थना नियम एवं प्रतिज्ञा, सलामी सिद्धांत व टोली का विभाजन आदि का प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर डॉ. रेखा रानी शिविर प्रभारी एवं तरूण कुमार उपस्थित रहे। शिविर को सफल बनाने में मुकेश यादव, अनिल सिंह, दलनायक अभिनव बालियान एवं दलनायिका मानसी धीमान का विशेष योगदान रहा।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकप्रतिशत**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयप्रतिशत**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# हनी ट्रैप और फर्जी लोन में फंसा युवक, दी जान

- मरने से पहले बनाए दो वीडियो, ब्लैकमेलिंग से था परेशान।
- परिजनों ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** सोशल मीडिया पर हनी ट्रैप और फर्जी लोन एप के जाल में फंसे एक युवक ने मान. सिक रूप से परेशान होकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली। मरने से पहले युवक ने दो वीडियो बनाकर अपनी आपबीती बयां की और उन्हें अपने परिचितों को भेज दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पीड़ित परिवार ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी सुहैल पुत्र इस्लाम ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसका भाई बिलाल 27 वर्ष ने विगत14 अप्रैल को अपने दोस्तों और परिवार के लोगों को दो वीडियो भेजे थे। वीडियो में उसने जहरीला पदार्थ खाने की बात कहते हुए बताया कि फर्जी एप और झूठे लोन के जाल ने उसकी जिंदगी नरक बना दी है। उसने यह भी कहा कि उसके इस कदम के लिए परिवार का कोई सदस्य जिम्मेदार नहीं है।वीडियो देखने के बाद परि. जनों और दोस्तों में हड़कंप मच गया। उन्होंने बिलाल से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन बात नहीं हो सकी। सूचना मिलते ही परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। काफी देर बाद उसका शव गांव के खेतों में मिला। शव मिलने की सूचना पर परिवार में चीख-पुकार मच गई।परिजनों ने बताया कि सुपुर्द-ए-खाक करने के बाद जब बिलाल के मोबाइल का लॉक खुलवाया गया तो उसके व्हाट्सएप पर आधा दर्जन पाकिस्तानी नंबरों से मैसेज मिले। इनमें उससे लोन के नाम पर रुपये मांगते हुए लगातार दबाव बनाया जा रहा था। परिजनों के अनुसार, बिलाल ने पिछले कुछ दिनों में तीन लाख रुपये से अधिक रकम अलग-अलग खातों में भेजी थी, लेकिन इसके बावजूद ब्लैकमेलर उसकी फर्जी अश्लील फोटो बनाकर उसे और उसके परिचितों को भेजने की धमकी देकर लगातार पैसे मांग रहे थे। परिजनों के मुताबिक, बिलाल की मौत के बाद भी आरोपियों द्वारा उसके मोबाइल नंबर पर कॉल और व्हाट्सएप मैसेज किए जा रहे हैं। फर्जी अश्लील फोटो भेजकर पैसे की मांग की जा रही है और बात करने पर गाली-गलौज की जा रही है। पीड़ित परिवार ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।



### मृतक के परिजनों में मचा कोहराम

मृतक बिलाल के छोटे भाई सुहैल ने बताया कि बिलाल के तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं, जिनमें छह वर्षीय पुत्र आहद, तीन वर्षीय पुत्री मायरा और एक वर्षीय पुत्री मानौर शामिल हैं। घटना के बाद से माता-पिता, पत्नी, भाई-बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है। लगभग 3 वर्ष पूर्व भाई परवेज की भी हादसे के दौरान दुखद मौत हो गई थी।

# शॉर्ट सर्किट से लगी आग, कई किसानों की गेहूं की फसल जली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील में विगत बुधवार कई किसानों की गेहूं की फसल में आग लग गई थी, किसानों ने आरोप लगाया की खेतों के ऊपर से गुजर रही एचटी बिजली लाइन में शॉर्ट सर्किट होने से गेहूं की खड़ी फसल में आग लगी है। जिस कारण गेहूं की फसल में आग लगी है किसानों ने थाने पर तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर प्रदेश सरकार से मुआवजे की गुहार लगाई है। गुरुवार को किसानो ने बताया कि गेहूं की फसल में लगी आग से पीड़ित रामकुमार पुत्र सीताराम के करीब 5.5 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। इसके अलावा गांव के अन्य किसानों में केशोराम पुत्र जयसिंह की करीब 6 बीघा, राजपाल पुत्र सीताराम की लगभग 8.5 बीघा, शहसपाल पुत्र सीताराम की 5.5 बीघा, राकेश पुत्र मिसम्बर की करीब 14 बीघा, चरण सिंह पुत्र बंदभान की 4 बीघा, महेंद्र पुत्र बेहराम की 10 बीघा, अमित पुत्र रोशनलाल की 3 बीघा तथा कृष्णपाल पुत्र राजपाल की 3 बीघा गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। हालांकि आग लगने की सूचना पर दमकल विभाग व पुलिस मौके पर पहुंची थी और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया था, लेकिन तब तक भारी नुकसान हो चुका था। पीड़ित किसानों ने बताया कि आग लगने से उनकी पूरी मेहनत पर पानी फिर गया है। पीड़ित किसानों ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है और प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

# भारतीय संस्कृति को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में गुरूवार को हनुमान धाम शानी मंदिर के पुरोहित अंजनी तिवारी द्वारा बालिकाओं को ईश्वर में आस्था रखने और भारतीय संस्कृति के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने बालिकाओं से कहा कि पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में आकर हम अपनी संस्कृति और सभ्यता से दूर होते जा रहे हैं। हमें अपनी परंपराओं को याद रखना चाहिए, जैसे बड़ों का सम्मान करना, छोटों के साथ प्यार से रहना और घर आए अतिथि का सम्मान करना। यह हमारे सांस्कृतिक मूल्य हैं, जिन्हें हमें संजोकर रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि आजकल हम मोबाइल का अधिक उपयोग करते हैं, जिसके कारण हम अपने परिवार और समाज दूर हो गए।

# महिला ने ससुराल पक्ष पर लगाए मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बा निवासी महिला ने अपने ससुराल पक्ष के सदस्यों पर मारपीट और मानसिक उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। पीड़िता अनीता के अनुसार, उसके ससुर, देवरानी और बुआ ने उसके साथ मारपीट की और लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। गुरुवार को पीड़िता ने बताया कि पुलिस ने उसके पति को एक दिन के लिए थाने में हिरासत में रखा था। हालांकि, जब वह स्वयं थाने पहुंची और पुलिस को पूरी स्थिति से अवगत कराया, तो उसके पति को तत्काल छोड़ दिया गया। अनीता ने अपने ससुराल में असुरक्षा महसूस करने की बात कहते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने तहरीर के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# चेकिंग के दौरान बाइक चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक शातिर बाइक चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चला रहे थे। इसी दौरान पूर्वी यमुना नहर स्थित फ्फतेहपुर पुलिया के निकट संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच की जा रही थी। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम को एक युवक बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल पर आता दिखाई दिया।पुलिस टीम ने जब बाइक सवार को रुकने का इशारा किया तो उसने रफ्तार बढ़ाकर मौके से भागने का प्रयास किया। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को मोटरसाइकिल सहित दबोच लिया। तलाशी और पूछताछ के दौरान युवक संतोषजनक जवाब नहीं दे सका, जिसके बाद उसे थाने लाकर सख्ती से पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम आसिफ पुत्र मंजूरा निवासी गांव आल्दी बताया। उसने स्वीकार किया कि बरामद मोटरसाइकिल उसने जनपद सहारनपुर से चोरी की थी। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि आरोपी के आपरा. धिक इतिहास की भी जांच की जा रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि वह किसी संगठित गिरोह से जुड़ा है या नहीं।



# जूनियर इंजीनियर संगठन ने किया संपर्क संवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** खेड़ीकरमू स्थित संगठन भवन पर राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन की मासिक बैठक गुरूवार को संपर्क संवाद और प्रशिक्षण कार्यक्रम के रूप में आयोजित की गई। बैठक में जनपद के समस्त अवर अभियंता और प्रोन्नत अभियंता सम्मिलित हुए। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई, जिनमें कर्मचारियों के अधिकारों, बिजली वितरण की स्थिति, और आगामी योजनाओं पर जोर दिया गया।

केंद्रीय अध्यक्ष इं जीवी पटेल ने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से प्रभारी व्यवस्था को समाप्त कराने, जूनियर इंजीनियरों के लिए थर्ड टाइम बैच 8700 दिलाने, फेसियल अटेंडेंस को समाप्त करने, और निजीकरण के खिलाफ विरोध जारी रखने पर चर्चा की गई। इसके साथ ही, जूनियर इंजीनियरों के समर्पण के आदेश को समाप्त करने और वितरण ट्रांसफार्मर के क्षतिग्रस्त होने की दर को न्यूनतम करने के उपायों पर विचार किया गया। कहा कि हम संगठन के माध्यम से ऊर्जा मंत्री और अन्य संगठनों के बीच 2023 में हुए समझौते को ऊर्जा प्रबंधन द्वारा लागू नहीं किए जाने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे। ऊर्जा प्रबंधन के द्वारा एकतरफा कार्रवाई, निलंबन और पित की कार्यवाही का संगठन पुरजोर विरोध करेगा। जूनियर इंजीनियरों ने बैठक में बिजनेस प्लान और तकनीकी योजना में बहुत कम कार्य स्वीकृत होने की समस्या उठाई, जिससे ट्रांसफार्मर डैमेज रेट बढ़ रहे हैं और जर्जर लाइनों के कारण विद्युत दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। संगठन ने ट्रांसफार्मर और लाइनों के अनुरक्षण के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध न कराने और एकतरफा कार्यवाही करने पर कड़ी आपत्ति जताई। इसके साथ ही, जूनियर इंजीनियरों ने गर्मी के मौसम में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सरकार के मनसूबों के तहत समर्पण और कार्यों को पूरा करने का संकल्प लिया। इस बैठक में जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार, इं. डीपी गुप्ता, इं. साहब सिंह, अधिशासी अभियंता रविंद्र कुमार, सुरजीत कुमार, फुरकान अहमद, अजय शर्मा, रणजीत मौर्य, रिंकल सिंह, धीरज सिंह, विजय शंकर कुशवाहा, प्रेम सिंह, बलवंत कुमार, अशोक कुमार, साजिद अहमद, नीतीश कुमार उपस्थित रहे।



# ठेकेदार ने अवैध तरीके से खोदी किसानों की जमीन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** मेरठ-करनाल हाईवे से दुल्लाखेड़ी तक प्रस्तावित पीडब्ल्यूडी सड़क निर्माण कार्य को लेकर गुरुवार को उस समय विवाद खड़ा हो गया, जब ठेकेदार द्वारा बिना अनुमति किसानों के खेतों से जेसीबी मशीन के जरिए मिटी उठाने का कार्य शुरू कर दिया गया।

स्थानीय किसानों ने इसका विरोध करते हुए काम रुकवा दिया। सूचना मिलने पर कांग्रेस नेता अश्वनी शर्मा मौके पर पहुंचे और उन्होंने एसडीएम ऊन निधि भारद्वाज को पफोन कर मामले की शिकायत की। इस पर एसडीएम ने मामले की जानकारी न होने की बात कहते हुए पीडब्ल्यूडी विभाग से संपर्क करने की बात कही। किसानों ने साफ कहा कि जब तक राजस्व विभाग द्वारा जमीन की पैमाइश नहीं की जाती, तब तक किसी भी हालत में जेसीबी नहीं चलने दी जाएगी। साथ ही ठेकेदार से एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) दिखाने की मांग की गई। किसानों के सख्त रुख के चलते ठेकेदार मौके से जेसीबी मशीन लेकर चला गया। किसानों का आरोप है कि बिना सूचना दिए उनकी जमीन पर अतिक्रमण कर जेसीबी से गहरी खाई खोद दी गई है। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अवनी शर्मा ने कहा कि सिंचाई विभाग की भूमि से लगभग 10 फीट आगे बढ़कर किसानों के खेतों में खुदाई की जा रही थी, जो पूरी तरह गलत है। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण क्षेत्र के लिए अच्छी बात है, लेकिन किसानों की सहमति और संतुष्टि भी जरूरी है। यदि भूमि अधिग्रहण किया जा रहा है तो विभाग को स्पष्ट करना चाहिए कि किसानों को कितना मुआवजा दिया जाएगा।

बिना पैमाइश और एनओसी के इस प्रकार खुदाई करना नियमों के विरुद्ध है। इस दौरान मनीष तोमर, राजीव प्रजापति, अनिल कुमार, राजकुमार, शिवकुमार, नितिन शर्मा, विशाल तोमर, निशांत तोमर, प्रधान ओमवीर तोमर, महक सिंह, कमला देवी, सुदेश देवी सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।



# सीडीओ ने की समीक्षा बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारत स्काउट और गाइड जिला संस्था शामली की जिला वित्त समिति और जिला कार्यकारिणी की बैठक गुरूवार को विकास भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला मुख्यायुक्त और सीडीओ विनय कुमार तिवारी ने की, जबकि सहायक प्रदेशिक संगठन आयुक्त अमित कुमार ने बैठक को संबोधित किया।

सीडीओ ने बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के कार्यों की समीक्षा की गई और आगामी सत्र 2026-27 के लिए प्रादेशिक मुख्यालय द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप शत-प्रतिशत गुणवत्ता परक कार्यक्रम संचालित करने की प्रस्तावित कार्य योजना तैयार की गई। साथ ही, निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार पंजीकरण एवं नवीनीकरण कार्यों को पूर्ण करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में चर्चा की गई कि जिला संस्था के वित्तीय संसाधनों को बढ़ाने के लिए कौन-कौन सी रणनीतियां अपनाई जा सकती हैं। इसके अतिरिक्त, प्रादेशिक प्रशिक्षण एवं एडवेंचर केंद्र शीतलाखेत अल्मोड़ा में आयोजित होने वाले शिविरों में अधिक से अधिक प्रतिभागिता सुनिश्चित करने के लिए कार्य योजना तैयार की गई। बैठक में गीता रानी को एएलटी गाइड का पार्चमेंट, रविंद्र कुमार को जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट, श्रवण कुमार को जिला संगठन आयुक्त स्काउट और गायत्री देवी को जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड का अधिकार पत्र प्रदान किया। बैठक में बीएसए लता राठौर, डॉ. अमित मलिक कैप्टन लोकेंद्र सिंह, डॉ. प्रतिभा सैनी, डॉ. नीरा सिंह, डॉ. पूजा मालिक, डॉ. पूनम तोमर, अनुराधा, पूजा चौधरी, विनोद वर्मा, कुलदीप कुमार, डॉ. नीती त्यागी मौजूद रहे।

# ग्रीन सिटी के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शामली में सफाई कर्मचारियों के शोषण होने का आरोप लगाते हुए ग्रीन सिटी कम्पनी के कर्मचारियों ने कलक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। उन्होने नगरपालिका शामली के ठेकेदार रासिद खान द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन के बजाय केवल 6000 रुपये प्रतिमाह देने का आरोप लगाया है। गुरूवार को दिए ज्ञापन में उन्होने कहा कि वे सुबह-शाम शहर की सफाई में लगे रहते हैं, लेकिन समय पर वेतन न मिलने और वेतन की राशि में कटौती होने के कारण उनका घर का खर्च भी मुश्किल से चल पा रहा है। कर्मचारियों ने यह भी आरोप लगाया कि ठेकेदार की शर्त के अनुसार वेतन का भुगतान नहीं हो रहा है और उनका शोषण किया जा रहा है। उन्होंने कर्मचारियों के साथ हो रहे शोषण की जांच करने और उन्हें न्यूनतम वेतन दिलवाने की अपील की है। इस अवसर पर प्रदीप, कमल, रोहित, पवन, संजय मौजूद रहे।

# कुश्ती खिलाड़ी अनंत बडसर का शव सहारनपुर में रेलवे स्टेशन पर मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** दथेडा के प्रतिभावान कुश्ती खिलाडी अनंत बडसर का शव सहारनपुर जंक्शन पर पडा हुआ मिला। रात्रि के समय में एक ट्रेन वहॉ से गुजरी को लो. को पायलट की नजर शव पर पडी,जिसके बाद जीआरपी को घटना की जानकारी दी गई। जीआरपी ने शव को कब्जे मे लिया और शव की पहचान कर परिजनो को जानकारी दी। गुरूवार की दोपहर करीब तीन बजे मृतक के शव का अन्तिम संस्कार कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

चौसाना चौकी क्षैत्र के दथेडा गांव निवासी अनंत बडसर पुत्र धर्मपाल का शव बुधवार की रात्रि मे सहारनपुर रेलवें जंक्शन पर दो पटरियों के बीच पडा मिला। जानकारी के अनुसार अनंत बडौत में कोच गोरव कुमार की एकेडमी में रहकर तैयारी कर रहा था। गुरूवार की सुबह को अनंत बडसर बिना बताये वहॉ से निकल गया। परिजन बताते है कि अनंत के फोन पर सम्पर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उसका फोन बंद मिला। इसके बाद परि. जनो ने अनंत की तलाश शुरू कर दी लेकिन तमाम कोशिशों के बाद भी कुछ पता नही लगा। देररात्रि करीब बारह बजे सहानपुर जंक्शन से गुजरने वाली एक ट्रेन के लोको पायलट की नजर पटरी के किनारे एक शव को देखकर जीआरपी को मामले की जानकारी दी। संबंधित जीआरपी टीम लोको पायलट की बताई जगह पर पहुॅची और शव को बरामद किया। शव की तलाशी के दौरान मिले फोन को ऑन किया गया तो तभी परि. जनो की कॉल मोबाईल पर पहुॅची,जिससे शव की शिनाख्त हो सकी। जीआरपी ने शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। गुरूवार को दोपहर 12 बजे दथेडा मे अनंत के घर पहुॅचा तो कोहराम मच गया। करीब तीन बजे शव का अन्तिम संस्कार कर दिया गया। वही जीआरपी ने मामले को दर्ज करते हुए मौत के कारणों का पता लगाने को जांच शुरू कर दी है।

### 22-24 तक होगा सर्वेक्षण

**शामली।** राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग, उप्र के निर्देशानुसार 20 से से 24 तक जनपद शामली में बिलोच जाति से सम्बन्धित शिकायतों के निस्तारण हेतु आयोग के शोध/ सर्वेक्षण दल द्वारा शोध/ सर्वेक्षण का कार्य तथा जनपद शामली में दिनांक 20-04-2026 को अपराह में शोध दल द्वारा प्रस्तावित है।

# समस्याओं को लेकर शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ के पदाधिकारी महिलाओं ने गुरूवार को कलक्ट्रेट पहुंचकर डीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। जिसमें जनगणना 2026 के अंतर्गत शिक्षकों को सौंपी जा रही ड्यूटी में उत्पन्न विभिन्न समस्याओं और व्यवहा. रिक कठिनाइयों को उजागर किया है।

शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष पूनम तोमर ने दिए ज्ञापन में कहा कि शिक्षकों की मूल शैक्षणिक जिम्मेदारियों और जनगणना कार्य के बीच संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता है। दिव्यांग और अस्वस्थ शिक्षकों को डयूटी मुक्त रखा जाये। गर्भवती और गम्भीर रूप से बीमार महिला शिक्षकों और जिनके छोटे बच्चों की देखभाल कर रही महिला कार्मिकों को भी जनगणना कार्य से मुक्त करे। जिन शिक्षकों और कार्मिकों के सेवानिवृत्त होने में केवल दो वर्ष शेष हैं, उन्हें भी डयूटी न दी जाये। शिक्षकों पर अनावश्यक अतिरिक्त कार्यभार न डाला जाए और कार्य का विभाजन संतुलित और व्यवहारिक रूप से किया जाए। जनगणना कार्य में संलग्न शिक्षकों और कार्मिकों को शासनादेश के अनुरूप उचित मानदेय प्रदान किए जाने की मांग भी की गई है। जनगणना 2026 के दौरान शिक्षकों की सुरक्षा, स्वास्थ्य, आवागमन और अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की जाए और उन्हें प्रतिकर अवकाश प्रदान किया जाए। इस अवसर पर साईस्ता प्रवीन, एकता रानी, अनीता चौधरी, अलका बंसल, सलूजा मलिक, पूजा तोमर, कल्पना, दिव्या, प्रिया शर्मा, नीरज, प्रतिभा सैनी आदि मौजूद रही।



# भतीजों पर 8 लाख की ठगी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** चन्दनपुरी निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक ने अपने ही भतीजों पर बैंक खाते से लाखों रुपये की ठगी करने का आरोप लगाया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने तीन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

पीड़ित महमूद हसन मूल निवासी बराला थाना कैराना, ने बताया कि वह सहारनपुर में शिक्षक पद से सेवानिवृत्त होने के बाद करीब 10 माह पूर्व गांव लौटे थे। आरोप है कि उन्होंने अपने भतीजे आजम के घर में भरोसे के चलते अपना बैग रखा, जिसमें बैंक पासबुक, चेकबुक व जरूरी दस्तावेज थे।

इसी दौरान भतीजों आजम, आरिफ व तोकीर ने शादी के नाम पर उनसे 4.80 लाख रुपये उधार ले लिए। आरोप है कि इसके बाद तीनों ने चेकबुक से चेक चोरी कर फर्जी हस्ताक्षर के जरिए आरटीजीएस के माध्यम से खाते से करीब 12 लाख रुपये निकाल लिए। बाद में 4 लाख रुपये वापस खाते में आ गए, जबकि 8 लाख रुपये हड़प लिए गए। घटना का खुलासा बैंक पासबुक में एंट्री कराने पर हुआ। विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित का कहना है कि थाना झिंझाना व उच्च अधिकारियों को शिकायत देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिसके बाद उसने न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया। कोर्ट के आदेश पर अब पुलिस ने संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# विवाहिता को ससुराल पक्ष ने लाठी-डंडों व ईंटों से पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गांव जहानपुरा निवासी असजद पुत्र यूनुस ने कोतवाली कैराना में दी तहरीर में बताया कि उसकी सगी बहन हारुना पत्नी कुरबान गांव तित्तरवाड़ा में अपने घर पर बच्चों के साथ थी। 14 अप्रैल की रात करीब नौ बजे उसका जीजा कुरबान पुत्र जफरू, आरिफ पुत्र जफरू और गुलिस्ता उर्फ गुल्लो पत्नी आरिफ, लाठी-डंडों से लैस होकर जबरन घर में घुस आए। आरोप है कि तीनों ने आते ही हारुना के साथ गाली-गलौच शुरू कर दी और जान से मारने की नीयत से उस पर हमला बोल दिया। लाठी-डंडों के साथ ही घर में पड़ी ईंटों से ताबड़तोड़ वार किए गए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर लहूलुहान हो गई। हमलावरों ने घटना के दौरान जान से मारने की धमकी भी दी। महिला की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और किसी तरह बीच-बचाव कर उसे बचाया।

# भैंस चोरी कांड में हरियाणा पुलिस की कैराना में ताबड़तोड़ दबिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** हरियाणा के जींद जनपद में दर्ज भैंस चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए सीआईए-4 की टीम ने गुरुवार को कैराना कोतवाली क्षेत्र में दबिश दी। टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर कई स्थानों पर छापेमारी की, लेकिन कोई भी आरोपी हाथ नहीं लग सका। जानकारी के अनुसार, जींद ॡहरियाणाॠ से सीआईए-4 की टीम एएसआई राजेश के नेतृत्व में कैराना कोतवाली पहुंची। यहां उन्होंने आमद दर्ज कराते हुए स्थानीय पुलिस को साथ लिया और पहले से गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर संभावित ठिकानों पर दबिश दी। एएसआई राजेश ने बताया कि जींद थाने में भैंस चोरी का मुकदमा दर्ज है, जिसमें कुछ आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने कैराना क्षेत्र में अन्य साथियों के होने की जानक. ारी दी थी, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई।

पुलिस टीम ने संदिग्ध ठिकानों पर गहन तलाशी अभियान चलाया, लेकिन कोई सफलता हाथ नहीं लगी। इसके चलते हरियाणा पुलिस को खाली हाथ लौटना पड़ा।

# नारी शक्ति अधिनियम के समर्थन में बाइक रैली



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नारी शक्ति अधिनियम के समर्थन में महिलाओं ने नगर में बाइक रैली निकाली।

मुख्य अतिथि क्षेत्रीय मंत्री पुरुषोत्तम जाटव, भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई के नेतृत्व में नगर विधायक राजीव गुंबर व मेयर डा. अजय कुमार सिंह ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महानगर मीडिया प्रभारी ने बताया भारतीय जनता पार्टी का यह स्पष्ट मत है कि महिलाओं का सशक्तिकरण ही राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। इसी सोच के साथ पार्टी निरंतर महिलाओं के हित में कार्य कर रही है और आगे भी करती रहेगी। प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा नूतन शर्मा ने कहा यह बाइक रैली देश की महिलाओं के आत्मविश्वास, साहस और बदलते भारत की तस्वीर को प्रस्तुत करती है। क्षेत्रीय मंत्री महिला मोर्चा रमा गुप्ता ने कहा हम सभी से आग्रह करते हैं कि वे इस सकारात्मक पहल का समर्थन करें। उपाध्यक्ष वर्षा चोपड़ा ने कहा कि महिलाओं के सम्मान एवं अधिकारों को और अधिक सुदृढ़ बनाने में सहयोग दें।

रैली में अन्नू बजाज, सिमरन गुंबर, अल्पना तलवार, सरोज शर्मा, नीलू राणा, कंचन धवन, आरती शर्मा, सोनम कश्यप, किरण मेहता, मोनिका राजपूत, नूतन तोमर, ज्योति प्रणामी, अनु बजाज, ऋतु कालरा, सिमरन को. हली, सारिका गुप्ता, रेखा रोहिला, परवीन चौधरी, नंदिनी बाटला, आशा सब्बरवाल, हरजीत, नीलिमा राणा, गौरी शर्मा, बीना भाटी, उमा अरोड़ा, ऋतु, बबली, दिव्या गुप्ता, रुचि, आरती, प्रीति, दीप्ति राजपूत, रीता, सुमन मित्तल, बरखा कल्याण, सीमा कात्यानी साक्षी प्रजापति, शिवानी प्रजापति, प्रियंका आनंद, सारिका सक्सेना, शिखा, अदिति, पारुल, स्तुति, चारु, आकृति आदि उपस्थित रहे।

# मानव मंदिर में लगाया स्वास्थ्य शिविर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत चलाये जा रहे 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान के तहत मानव मंदिर में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया।

स्वास्थ्य विभाग की 7 सदस्य टीम ने मानव मंदिर मे मौजूद सभी वृद्धजनों की स्क्रीनिंग करते हुए उनका हाल जाना और आवश्यकता अनुसार दवा दी। 44 वृद्धजनों का वहीं पर टीबी विभाग की पोर्टेबल डिजिटल मशीन ले जाकर छाती का एक्सरे किया। 9 व्यक्तियों के जाँच के लिए बलगम के नमूने भी लिए गये। चिकित्साधिकारी डा रीतू राणा, वरिष्ठ क्षय रोग लैब पर्यवेक्षक एम पी सिंह चावला, वरिष्ठ उपचार सहायक विजेंद्र कुमार, फार्मासिस्ट सचिन कुमार, एक्स रे टेक्निशियन अंकुश कुमार, स्टॉफ नर्स सरिता रानी, कॉर्डिनेटर आर वरुण चौधरी रहे शिविर मे सपूटम ट्रांसपोर्टर आयुष ठाकुर और मोबाइल वैन चालक आर्यन सारासर का भी योगदान रहा।

## बाबा साहब ने दलितों, शोषितों व वंचितों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ा : वीरेंद्र

**नजीबाबाद।** समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव वीरेंद्र यादव एड. ने नगर के मौहल्ला जाब्तागंज स्थित यादव धर्मशाला में अम्बेडकर जयंती पर एक कार्यक्रम का आयोजन कर बाबा साहब के चित्र पर फूल-माला चढ़ा कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर सपा के वरिष्ठ नेता मुनव्वर अली ने संविधान निर्माता बाबा साहब के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। सपा अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव वीरेन्द्र यादव ने कहा कि बाबा साहब ने दलितों, शोषितों, वंचितों को संविधान रूपी कवच से शिक्षा समानता आदि अधिक. ार देकर समाज की मुख्य धारा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर देवेश यादव, समर यादव, प्रदीप कुमार, संजीव कुमार, राजीव यादव, कुलदीप यादव, प्रदीप गुप्ता, नवेद अहमद आदि उपस्थित रहे। साथ ही सपा नेता वीरेंद्र यादव ने ग्राम परमावाला में बाबा साहब की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया।

# साउथ एशियन में अभिनव ने जीते दो स्वर्ण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** श्रीलंका में जू-जित्सु साउथ एशियन चैंपियनशिप में दो स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाडी अभिनव सैनी का भव्य स्वागत किया गया।

सर्किट हाउस रोड पार्वती धाम कॉलोनी में स्थित विन स्पोर्ट्स अकादमी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कोच मोहित शर्मा ने बताया कि अभिनव सैनी ने श्रीलंका में आयोजित जू-जित्सु साउथ एशियन चौंपियनशिप में -94 किलोग्राम भार वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक जीतकर न केवल अपने क्षेत्र, बल्कि पूरे देश का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि के उपलक्ष्य में खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन हेतु यह सम्मान समारोह आयोजित किया गया।समारोह में खेल क्षेत्र से जुड़े कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर भारतीय कुराश एसोसिएशन के सचिव विक्रांत कश्यप, फुटबॉल से जुड़े अमित कुमार चौधरी, जिला जू-जित्सु एसोसिएशन के सचिव मोहित शर्मा, वरिष्ठ खेल शिक्षक एवं मानवाधिकार कार्यकर्ता रविन्द्र कुमार शर्मा, दिव्यांश कश्यप, अंशुल वत्स, निकिता जैन, ध्रुवेश, संजीव कुमार आदि उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने अभिनव सैनी को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## पुलिस ने दुष्कर्म का आरोपी पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** गुरुवार थाना फतेहपुर पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के वांछित आरोपी को मात्र 6 घंटे में गिरफ्तार कर लिया।

थानाध्यक्ष विनय शर्मा के कुशल नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी मोहम्मद नवी पुत्र मोहम्मद कासिम, निवासी ग्राम गंदेवड़ा, थाना फतेहपुर को छुटमलपुर कस्बे से गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में शामिल थे उपनिरीक्षक विजयपाल सिंह, उपनिरीक्षक अमित सोनी, हैड कांस्टेबल लक्ष्मी प्रसाद और हैड कांस्टेबल प्रशांत कुमार शामिल रहे।

# स्वस्थ बीज गन्ना बुवाई अच्छी उपज का आधार: ओपी सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उप गन्ना आयुक्त ओ. पी. सिंह ने किसानों से वार्ता करते हुए कहा कि स्वस्थ तथा निरोग बीज से की गई बुवाई से अच्छी फसल ओर लाभकारी खेती निश्चित होती है।

उप गन्ना आयुक्त मंडल के विभिन्न क्षेत्रों तथा गन्ना बुवाई, ओर सहफसली गन्ना खेती तथा आर. एम. डी. से गन्ना पेड़ी की तैयारी के साथ साथ वर्तमान में बसन्त कालीन गन्ना बुवाई सीजन में चल रही गन्ना बुवाई के लिए किसानो से विस्तृत संवाद किया। उन्होंने कहा कि गन्ने की फसल की बुवाई करते समय जो सबसे ध्यान रखने की जरूरत होती है वह है गन्ने का बुवाई के लिए लिया गया बीज, इसमें उन्होंने कहा कि आप हमेशा स्वीकृत गन्ना प्रजातियां ही बुवाई करें और ध्यान रखें कि बुवाई के लिए स्वस्थ गन्ना ही लिया जाए और इसकी सबसे अच्छी पहचान तो यह है कि उसमें कोई रोग अथवा बीमारी नहीं लगी हो और बहुत ज्यादा पतला भी नहीं हो तथा उसके पत्तियां भी स्वस्थ हों।गन्ने के टुकड़ों की कटाई भी बहुत ध्यान से किया जाना चाहिए और कभी भी दो आंख से बड़ा गन्ने का टुकड़ा नहीं काटना चाहिए क्योंकि ज्यादा बड़े टुकड़ों की बुवाई करने से जमाव घट जाता है। गन्ने की बुवाई करने से पहले बीज को उपचारित करना ही करना चाहिए इससे बहुत सी बीमा.



रियों से बचाव हो जाता है। उन्होंने स्वयं किसानो को गन्ने के स्वस्थ टुकड़ों की पहचान भी करवाई तथा उपचारित करने के आसान ओर असर कारक टिप्स भी किसानो को बताए। जनपद के शेरमऊ चीनी मिल क्षेत्र में गन्ने के खेत की बुवाई को स्वयं देखा ओर उपस्थित चीनी मिल ओर विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि गन्ने की बुवाई के समय किसानों को आवश्यक जानकारी के लिए लगातार फील्ड का निरीक्षण ओर भ्रमण करते रहें, निरीक्षण के समय अन्य विभागीय तथा चीनी मिल के अधिकारी ओर फील्ड स्टाफ उपस्थित रहे।

# गड्ढों के कारण खाद्यान्न से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** सरकारी खाद्यान्न से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली सड़क में बने गहरे गड्ढों की चपेट में आकर बीचो-बीच पलट गई जिससे साढ़ौली कदीम गांव के उचित दर विक्रेता वेगपाल सिंह का सरकारी खाद्यान्न सड़क पर बिखरने के बाद खराब हो गया।

गन्देबढ़ रायपुर मार्ग बुरी तरह क्षति ग्रस्त होने के चलते आए दिन दुर्घटनाएं बढ़ती ही जा रही है इतना ही नहीं इस सड़क मार्ग से गुजरने वाले तमाम सरकारी विभागों में तैनात व अन्य लोग परेशान है पुलिस, एंबुलेंस, स्कूली छात्र- छात्राओं एवं राहगीरों के सामने चिलकाना-गन्देवड मार्ग चुनौती बना हुआ है एंबुलेंस कर्मियो का कहना है कि जब भी आकस्मिक सेवा के लिए कॉल आती है तो हमें सोचने पर मजबूर होना पड़ता है कि जिला अस्पताल तक पहुंचेंगे कैसे यदि मरीज को परेशानी हुई तो कौन होगा जिम्मेदार कई बार एंबुलेंस की गाड़ियां, स्कूली गाड़ियां गहरे गड्ढों की चपेट में आकर खराब हो चुकी है। गुरुवार को इस मार्ग पर बड़ी दुर्घटना घटने से बच गई। ग्रामीणों ने कहा कि अगर जल्द ही सड़कों के गड्ढों को नहीं भरा गया तो उन्हें मजबूरन आन्दोलन करने करने के लिए विवश होना पड़ेगा।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हमारा मकसद: डा. खालिद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मंडी समिति रोड स्थित पाइन हिल्स एकेडमी ने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी स्थापना के मात्र दो वर्षों के भीतर एक बड़ी पहचान कायम की है। स्कूल के उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों और अनुशासन को देखते हुए क्षेत्र के अभिभावकों में स्कूल के प्रति भारी उत्साह और विश्वास देखने को मिल रहा है। महिला शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए पाइन हिल्स एकेडमी ने लड़कियों के लिए एडमिशन फ्री रखा है। स्कूल की इस पहल की क्षेत्र में काफी सराहना हो रही है।

मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. खालिद ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल साक्षरता फैलाना नहीं, बल्कि एक ऐसा वातावरण तैयार करना है जहाँ बच्चा मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बने। दो वर्षों की यह तरक्की हमारे शिक्षकों की मेहनत और अभिभावकों के भरोसे का परिणाम




है। हम भविष्य में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रेसिडेंट सऊद खान ने अपने संदेश में कहा कि पाइन हिल्स एकेडमी में हम हर बच्चे की व्यक्तिगत क्षमता पर ध्यान देते हैं। लड़कियों के लिए मुफ्त प्रवेश हमारी एक छोटी सी कोशिश है ताकि कोई भी बेटी शिक्षा से वंचित न रहे। हमारा स्टाफ और हम सब मिलकर स्कूल को क्षेत्र का सर्वश्रेष्ठ संस्थान बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

अकादमी में बढ़ती भीड़ को नियंत्रित करने और हर बच्चे की मजबूत नींव तैयार करने के उद्देश्य से नए एडमिशन फिलहाल रोक दिए गए हैं। साथ ही, जिन विद्यार्थियों का प्रवेश हो चुका है, उनके लिए यहाँ से कक्षा 12 तक की पढ़ाई की पूरी तैयारी कराई जा रही है। जल्द ही पाइन हिल्स अकादमी को कक्षा 12 तक कर दिया जायेगा।

प्रधानाचार्य सैय्यद समीर का स्कूल के विकास और छात्रों के उज्ज्वल भविष्य निर्माण में विशेष योगदान रहा है। उनके मार्गदर्शन में विद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है।

स्कूल परिसर में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इसमें बच्चों के लिए सुरक्षित प्ले ग्राउंड, स्वच्छ क्लासरूम और पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरों के जरिए कड़ी निगरानी शामिल है। स्कूल का क्वालीफाइड स्टाफ न केवल बच्चों को किताबी ज्ञान दे रहा है, बल्कि उनके नैतिक विकास पर भी जोर दे रहा है।

# कोर्ट के आदेश पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** ग्राम धौलाहेड़ी स्थित एक प्लाट को फर्जी तरीके से बेचने के आरोप में हरियाणा निवासी पीड़ित व्यक्ति के शिकायती पत्र पर संज्ञान लेते हुए न्यायालय ने पुलिस को पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की जांच करने के आदेश किये।

पीड़ित रूप चन्द पुत्र देशराज निवासी गढी कोटहा थाना रायपुर रानी जिला पंचकुला हरियाणा प्रदेश ने न्यायालय में शिकायती पत्र दाखिल कर अरविन्द सिंह पुत्र पिरथी सिंह, छतरपाल पुत्र पिरथी सिंह निवासी ग्राम धौलाहेडी, बीसीराम पुत्र कन्टू निवासी मोहल्ला कोठीवाला कस्बा सुल्तानपुर चिलकाना, निशु पुत्र सतपाल निवासी ग्राम रघुनाथपुर थाना चिलकाना व वाजिद पुत्र खुरशैद निवासी ग्राम धौलाहेडी पर एक राय होकर षड्यंत्र रचते हुए ग्राम धौलाहेड़ी स्थित पीड़ित के रिहायशी प्लाट को कूटरचित दस्तावेज के आधार पर खरीदने, बेचने व गवाही करने का आरोप लगाया।

न्यायालय जूनियर मजिस्ट्रेट द्वितीय सहारनपुर के समक्ष प्रस्तुत होकर पीड़ित ने अवगत कराया कि विपक्षीगण उपरोक्त ने आपस मे एक राय होकर नाजायज फायदा कमाने तथा पीड़ित को हानि पँहुचाने के उद्देश्य से आपराधिक षडयन्त्र रचा।

# 119वीं रैंक लेने वाली रिंकी सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेड़ी।** जीवा लाइब्रेरी में यूपीपीसीएस-2024 परीक्षा में 119वीं रैंक हासिल करने वाली रिंकी धीमान को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लाइब्रेरी संच. ालक डॉ. ओम कुमार ने उन्हें पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

गुरुवार को गागलहेड़ी की जीवा लाइब्रेरी में रिंकी धीमान का एक कार्यक्रम में स्वागत किया गया लाइब्रेरी के संचालक डॉ ओमकुमार ने फूलों का गुलदस्ता देकर रिंकी का सम्मान किया है।रिंकी ने यूपीपीसीएस परीक्षा में 119वी रैक हासिल की है जिसमें उसका चयन वाणिज्यिक कर सहायक आयुक्त के पद पर हुआ है। वह गागलहेड़ी क्षेत्र के चोरा देव गांव की रहने वाली हैं। उन्होंने घर से ही पढ़ाई की है उनके पिता कारीगरी का काम करते हैं।उनकी माता गृहणी है ।अपनी मेहनत और लगन से रिंकी ने यह मुकाम हासिल कर क्षेत्र और माता-पिता का नाम रोशन किया है।लाइब्रेरी में मौजूद सैकड़ों छात्र छात्राओं ने रिंकी को शुभकामनाएं दीं। रिंकी ने लाइब्रेरी पहुंचकर छात्रों से संवाद कर परीक्षा की तैयारी के अहम टिप्स भी साझा किए। इस दौरान डॉ ओम कुमार, डॉ आशीष, सरोजना, सोनम, पारुल, विधि यादव, खुशी धीमान, प्रियंका धीमान, सागर बिंदल, दक्षिण, विशाल, मयंक, हिमांशु, लक्की, आयुष बिंदल मौजूद रहे।

# भाकियू तोमर ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** भाकियू तोमर के मंडल प्रभारी मुजीबुर्रहमान इदरीसी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री व ऊर्जा मंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर प्रीपेड विद्युत मीटर से संबंधित समस्याओं का शीघ्र समाधान कराए जाने की माँग की।

भाकियू तोमर मंडल प्रभारी मुजीबुर्रहमान इदरीसी द्वारा एसडीएम को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि विद्युत विभाग द्वारा क्षेत्र के अधिकांश विद्युत उपभोक्ताओं के यहाँ स्मार्ट मीटर लगाए गए थे जिन्हें बाद में प्रीपेड कर दिया गया।जबकि स्मार्ट मीटर लगाते समय विद्युत उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के प्रीपेड होने की जानकारी नहीं दी गई थी।बहुत से लोगों के यहाँ बिना कोई अनुमति लिए भी मीटर लगा दिए गए।एक बड़ा तबका आर्थिक रूप से इतना सक्षम नहीं है कि वह अचानक बन्द हुई बिजली को अग्रिम धनरा. शि जमा करा कर बिजली चालू करा ले।इस कारण अनेक लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।



ऊर्जा मंत्री द्वारा प्रीपेड स्मार्ट मीटर की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है और बहुत से विद्युत उपभोक्ता पुनः पुराने मीटर ही लगवाने के इच्छुक हैं।

अत: आपसे निवे. दन है कि विद्युत विभाग को प्रीपेड स्मार्ट की जगह पुराने मीटर लगवाने के इच्छुक लोगों के यहाँ मीटर बदलने हेतु निर्देशित करें और इसकी प्रक्रिया को सरल रखा जाए।

इस दौरान असद मियां, मुस्तकीम,अरशद गुड्डू, रियाज, रहमान सभासद, शादाब, मुर्तजा, सोहनवीर, गौरव, राहुल, विशाल, फैजान, सोनू टिकरोल, हाफिज काजिम, यास्मीन ,सलीम,अब्दुल रहमान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र शौकीन व पुत्रवधू इकरा को नाफरमानी के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**तव्वाब पुत्र मौहम्मद अख्तर निवासी हाकम शाह कालोनी पास मौहम्मदी मस्जिद गली नं.-6, थाना कुतुबशेर, जिला सहारनपुर।**

**सूचना**

मैने अपने पुत्र समीर को गलत व्यवहार व नाफरमानी के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**मौ. रहीस पुत्र वहीद निवासी ग्राम हथौली, पोस्ट सढौली कदीम, थाना बेहट, जिला सहारनपुर**

# साइबर अपराध से बचाव के दिए टिप्स



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना प्रभारी ने साइबर क्राइम तथा मिशन शक्ति पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, जिनसे बचाव के लिए लोगों को जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं से कहा कि अनजान लिंक पर क्लिक न करें।

सुल्तानपुर के नव जनोदय इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति के अंतर्गत उन्होंने महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन पर विशेष जोर देते हुए कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर बिना डर के पुलिस से संपर्क करना चाहिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पुलिस प्रशासन महिलाओं की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

उन्होंने विभिन्न पुलिस हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताते हुए कहा कि किसी भी तरह का साइबर क्राइम अथवा अन्य समस्या आने पर इन नंबरों पर तुरंत कॉल किया जाए। पुलिस तुरंत आपके द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंचेगी। इस दौरान महिला एसआई सुमन माधुरी भारद्वाज, कांस्टेबल कुलदीप सिंह सहित कालेज की शिक्षिकाएं नीरु, अनिता, शगुन, आंचल, काजल आदि उपस्थित रही।

## फंदे से लटका मिला अधेड़ का शव

**चिलकाना।** गांव बुड्डाखेड़ा के निकट आम के एक बाग में 50 वर्षीय व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थितियों में रस्सी के फंदे से लटका हुआ मिलने पर पूरे गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मामले की जांच की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बुडडाखेड़ा से साईफन पुलिया की ओर जाने वाले मार्ग पर स्थित आम के एक बाग में 50 वर्षीय व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थितियों मे एक पेड़ पर रस्सी के फंदे से लटका हुआ मिला। घटना की सूचना आग की तरह फैल गई और देखते ही देखते घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची तथा मृतक की शिनाख्त मुस्तकीम पुत्र शब्बीर निवासी ग्राम बुड़ाखेड़ा के रूप में की गई।

पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे सीओ सदर मुनीश चन्द्र व थाना प्रभारी द्वारा शव का पंचनामा भरवाए जाने पश्चात पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया तथा घटना के कारणों का पता लगाने के लिए फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलवाया गया।

# विधायक ने प्रदान किए मुआवजा प्रमाण पत्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** गत दिनों हुई भारी ओलावृष्टि से गंगोह ब्लाक के किसानों को काफी नुकसान हुआ था। उनकी गेंहू की तैयार फसल जमीन पर बिछ गई थी और काफी क्षतिग्रस्त हो गई थी। जिसकों बेहद गंभीरता से लेते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने त्वरित प्रभाव से मुआयना कराकर किसानों को राहत दिलाने के लिए मुआवजा प्रमाण पत्र जारी कर दिये है।

प्रदेश सरकार की ओर से मंडी समिति में कार्यक्रम आयोजित कर विधायक चौ. किरत सिंह द्वारा 375 किसानों को मुआवजा प्रमाण पत्र प्रदान किये गए। विधायक किरत सिंह ने सरकार को किसान हितैषी बताते हुए कहा कि सरकार किसानों के लिए सतत प्रयासरत रहती है। इसी क्रम में ओलावृष्टि के कारण गेहूं की फसल को हुए भारी नुकसान की क्षतिपूर्ति हेतू राहत देने के लिए तत्काल पात्र किसानों को मुआवजा प्रमाण पत्र दिए गए। भाजपा जिला उपाध्यक्ष चौ. सत्यपाल सिंह, तहसीलदार प्रियंक सिंह, मंडी सचिव सोहनव. ीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# निजी अस्पताल में प्रसव के बाद महिला की मौत

## चिकत्सक पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए किया हंगामा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** नगर के एक निजी अस्पताल में प्रसव के बाद महिला की मौत हो जाने से नाराज परिजनों ने हंगामा किया। आरोप है कि प्रसव के बाद महिला की हालत बिगड़ गए, परिजनों को बिना बताए ही उसे दूसरे अस्पताल में भेज दिया गया। हंगामे के चलते अस्पताल का स्टाफ मौके से फरार हो गया। पीडित परिजनों ने चिकित्सक पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

मुजफ्फरनगर जनपद के ग्राम कुटेसरा निवासी फुरकान ने 32 वर्षीय पत्नी गुलिस्तां उर्फ भूरा को बृहस्पतिवार की सुबह 11 बजे प्रसव पीड़ा होने पर रेलवे स्टेशन के समीप एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों ने बताया कि दोपहर



तीन बजे गुलिस्तां ने एक स्वस्थ बेटी को जन्म दिया। डिलीवरी नॉर्मल हुई थी, लेकिन कुछ ही देर बाद उसकी हालत अचानक बिगड़ने लगी।

मृतका के पति फुरकान और ससुर नय्यूम का आरोप है कि अचानक गुलिस्तां के मुंह से झाग निकलने लगा और उसका शरीर नीला पड़ने लगा। चिकित्सक ने बिना उन्हें बताए खुद ही उसे दूसरे अस्पताल भेज दिया। गुलिस्तां की मौत होने के बाद उन्हें इसकी जानक. ारी दी गई। वहीं, महिला की मौत की खबर से परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने चिकित्सक पर इलाज में लाप. रवाही और गुमराह करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। जिसके चलते अस्पताल का स्टाफ मौके से फरार हो गया।

मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को बामुश्किल शांत किया। पुलिस का कहना है कि तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। मामले की जांच की जा रही है। पति फुरकान ने बताया कि पत्नी के यह तीसरा बच्चा हुआ है इससे पूर्व उसने जुड़वा बच्चो को जन्म दिया था।

# लोक जनशक्ति पार्टी पदाधिकारियों का स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** लोक जनशक्ति पार्टी (राम. विलास) की आयोजित बैठक में पार्टी की युवा मोर्चा के नवमनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत किया गया।

रेलवे रोड स्थित पार्टी कार्यालय पर आयोजित बैठक में राष्ट्रीय महासचिव राघवदास अग्रवाल की संस्तुति पर पश्चिम उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष लक्ष्य अहलावत ने अजय कुमार जाटव को जिला अध्यक्ष, राक. ेश कुमार भगत को विधानसभा अध्यक्ष और साजन वाल्मीकि को नगर अध्यक्ष मनोनीत किया। नवमना. ेनीत पदाधिकारियों ने पार्टी हित में कार्य करते रहने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि उन्हें दी गई जिम्मेदारी का निष्ठा से निर्वहन किया जाएगा।

पदाधिकारियों ने पार्टी हाईकमान का आभार जताया। महिला प्रकोष्ठ की पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पूजा गर्ग व मुकेश अग्रवाल ने नए पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर



स्वागत करते हुए कहा कि नई टीम सहारनपुर जिले में ही नहीं बल्कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पार्टी की मजबूती के लिए काम करेगी। इस मौके पर मा. सुरेंद्र चौधरी, सुरेशपाल राठी, आशीष मित्तल, राहुल गर्ग, नवनीत, वंशु, राजीव सैनी, अली मोहम्मद, शिवकुमार, रजत अग्रवाल, सनी सैनी आदि शामिल रहे।

# सीबीएसई हाईस्कूल की परीक्षा में नाम कमाने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सीबीएसई का घोषित हाईस्कूल के रिजल्ट में देवबंद के स्कूलों का प्रदर्शन शानदार रहा। बेहत. रीन रिजल्ट देख बच्चों के चेहरे खिल उठे। स्कूलों में मेधावी बच्चों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया वहीं अभिभावकों ने मिठाईयां बांटकर अपने होनहार बच्चों की सफलता का जश्न मनया।

नवाज गर्ल्स पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य डा. फौजिया अब्दुल्लाह नवाज ने बताया कि उनके स्कूल में आमना मुकर्रम ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया जबकि 97.8 प्रतिशत अंकों के साथ अशरा मुशर्रफ, हनिफा, अनम व जुवैरिया ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। स्कूल प्रबंधक डा. नवाज देवबंदी ने मेधावी छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। दून वैली स्कूल की प्रधानाचार्य सीमा शर्मा ने बताया कि उनका परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। तनिश्का सैनी ने सर्वोच्च स्थान प्राप्त करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया। आद्रिका शर्मा दूसरे व पूर्वी अग्रवाल तीसरे नम्बर पर रहीं। प्रबंधक राजकिशोर गुप्ता डायरेक्टर अनुराग सिंघल ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल में छात्रा आरिफा कैसर ने 98 प्रतिशत अंकों के साथ उच्च स्थान प्राप्त किया। जबकि अफ्फान








मसूद रमजी ने 97 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे नम्बर पर रहे। चेयरमैन साद सिद्दीकी व अहमद सिद्दीकी ने बच्चों को पुरस्कृत कर उत्साह वर्धन किया। दून हिल्स एकेडमी की प्रधानाचार्य डा. अनंजली वर्मा ने बताया कि 95.3 अंकों के साथ राव अफजाल ने प्रथम जबकि अनुभूति 93.4 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। प्रबंधक डा. प्रदीप वर्मा व डायरेक्टर तनुराज वर्मा ने मेधावी बच्चों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया।

बेनिसन स्कूल के प्रधानाचार्य श्रीकांत चौधरी ने बताया कि सैयद इब्राहीम ने 95 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम और लविश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रबंधक नदीम चौधरी व शाइस्ता चौधरी ने बच्चों का उत्साह



वर्धन किया। सर्वोदय ज्ञान स्कूल के प्रधानाचार्य रुपेश कुमार सैनी ने बताया कि रितिकेन 96.6 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, हुसन याद अली 92.2 अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहे।



मेपल्स एकेडमी की प्रधानाचार्या डा. चित्रा जोशी ने बताया कि आरोही त्यागी ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त स्कूल टॉप किया।

जबकि 97.4 अंकों के साथ गगन राणा, अनुषी व आराध्या चौधरी दूसरे स्थान पर रहे। कक्ष 10 की बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को राज्य मंत्री बृजेश सिंह द्वारा छात्रवृत्ति वितरित कर सभी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर व पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। आरके पब्लिक स्कूल की प्रधानचार्या मोनिका कपूर ने बताया कि उनके स्कूल का रिजल्ट शानदार रहा। प्रबंधक राजेश चौहान व डा. कुलदीप राणा ने सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# ट्रेन से कटकर मजदूर की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** रेलवे फाटक के पास ट्रेन से कटकर मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की पहचान तल्हेड़ी बुजुर्ग गांव निवासी 30 वर्षीय संजय कुमार के रुप में हुई है।

सहारनपुर-मुजफ्फरनगर रेल मार्ग पर स्थित साखन कलां रेलवे फाटक से कुछ दूरी पर रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति का शव क्षत-विक्षत हालत में पड़ा देख हड़कंप मच गया। फाटक पर तैनात गेटमैन ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस के मुताबिक सुबह लगभग आठ बजे के आसपास उन्हें जानकारी मिली। मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लिया

**■ मृतक की पहचान तल्हेड़ी बुजुर्ग गांव निवासी 30 वर्षीय संजय कुमार के रुप में हुई**

गया। तलाशी में उसकी जेब से कुछ भी ऐसा नहीं मिला जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। उसके संबंध में व्हाटसअप से आसपास के ग्राम प्रधानों को सूचना भेजी गई। जिसके बाद उसकी शिकायत संजय कुमार के रुप में हुई। पुलिस का कहना है कि यह हादसा है या खुदकुशी पुलिस इसकी जांच कर रही है। ग्रामीणों ने बताया कि संजय बेहद मेहनती व्यक्ति था और मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। उसकी शादी करीब पांच साल पहले हुई थी। उसके दो छोटे बच्चे हैं।

## गुलदार के हमले से ग्रामीण घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** खेत पर पशुओं के लिए चारा काट रहे ग्रामीण पर गुलदार ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम मंधोरा निवासी भजन सिंह पुत्र हरिराज सिंह आज खेत पर पशुओं के लिए चारा लेने गए थे। वे खेत में चारा काट ही रहे थे कि तभी घात लगाकर बैठे गुलदार ने उन पर झपटा मार दिया। अचानक हुए इस हमले से भजन सिंह बुरी तरह लहूलुहान हो गए। चीख-पुकार सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे। लोगों की भीड़ को आता देख गुलदार खेतों की ओर भाग निकला।

# निशांत मित्तल अध्यक्ष नितिन गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष बने

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** श्रीहित हरिवंश संदेश सेवा ट्रस्ट की आयोजित बैठक में संगठन के प्रथम वार्षिकोत्सव के लिए प्रबंध कार्यकारिणी घोषित की गई है। इसमें निशांत मित्तल को अध्यक्ष और नितिन गुप्ता को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया है।

श्रीहित हरिवंश संदेश सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीहित निकुंज चंद्र गोस्वामी महाराज ने बताया कि पिछले वर्ष की कार्यकारिणी के अनुभव, कार्यों एवं सेवाओं का अवलोकन करते हुए इस वर्ष नए व पूर्व सदस्यों से सम्मिलित कर नई प्रबंध कार्यकारिणी गठित की गई है, जो वार्षिकोत्सव के सभी आयोजन, व्यवस्थाओं एवं संचालन की जिम्मेदारी संभालेगी। उन्होंने बताया कि हुलाश राय सिंघल, शिवओम राणा, सेठ कुलदीप, गजराज राणा को संरक्षक, डॉ. विनय शर्मा महासचिव, गगन मित्तल, ऋषि कपूर, संजय सलूजा और पुनीत छाबडा उपाध्यक्ष, आशीष मित्तल, निखिल अग्रवाल, सचिन छाबडा, मनीष गर्ग सचिव, अभिषेक सिंघल कोषाध्यक्ष व अंशुल शर्मा सह कोषाध्यक्ष बनाया



गया है। जबकि मनीष गिरधर और कुणाल गिरधर को स्वागत अध्यक्ष नियुक्त किया गया। गगनदीप सेठी, सूर्याप्रताप, प्रियांशु गर्ग, दीपक अग्रवाल, जॉली चौधरी, रोहित सिंघल, सुनील सैनी, राहुल गर्ग को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। श्रीहित निकुंज चंद्र गोस्वामी ने नवगठित कार्यकारिणी पर पूर्ण विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि यह टीम निष्ठा, समर्पण एवं सेवाभाव के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेगी तथा प्रथम वार्षिकोत्सव को ऐतिहासिक बनाएगी।

## चेकिंग के दौरान शातिर तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पुलिस ने चैकिंग के दौरान मादक पदार्थ के शातिर तस्कर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने ऑपरेशन सवेरा के अंतर्गत नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर अभियान के चलते पुलिस ने चैकिंग के दौरान मादक पदार्थो की तस्करी करने के शातिर नशा तस्कर मुस्तकीम उर्फ शमी को मंगलौर रोड स्थित कब्रिस्तान के गेट के पास से गिरफ्तार किया। कोतवाली प्रभारी रोजंत त्यागी ने बताया कि आरोपी के कब्जे से 13.25 ग्राम स्मैक बरामद हुई। बताया कि आरोपी के खिलाफ देवबंद कोतवाली में एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट, आबकारी अधिनियम और 110 जी के अंतर्गत पांच मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस ने आरा. ेपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## मधुर मेमोरियल का शानदार प्रदर्शन

**स्योहारा।** मधुर मेमोरियल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई की कक्षा 10वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। दिव्यांशी ने 93. 8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जारा ने 91.2 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, सक्षम भटनागर ने 89.2 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# द एसडी पब्लिक का कक्षा 10 का उत्कृष्ट रिजल्ट

**मुजफ्फरनगर।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 की कक्षा 10वीं की प्रथम बोर्ड परीक्षा में द एसडी पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम अभूतपूर्व रहा है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर विद्यार्थियों की उपलब्धि का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर विद्यालय में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थी क्रमश: सुहानी अग्रवाल 99.40 प्रतिशत, तरु गुप्ता 99.20प्रतिशत, अनन्या गोयल 99 प्रतिशत द्वारा उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय की गरिमा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया गया। 43 विद्यार्थियों द्वारा शत प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया गया। जिसमें अंग्रेजी विषय में 15, संस्कृत में 15, सूचना प्रौद्योगिकी में 6 , आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में 6 विद्यार्थियों द्वारा शत प्रतिशत अंक प्राप्त किए गए। 65 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। इस शुभ अवसर पर विद्यालय परिसर में आनंद एवं उत्साह का वातावरण व्याप्त रहा। प्रधानाचार्या नीलम माहना द्वारा विद्यार्थियों का मुंह मीठा कराकर उन्हें जीवन में निरंतर आगे बढ़ने, उच्च लक्ष्यों को प्राप्त करने तथा अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण हेतु प्रेरित किया एवं हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की गईं।



## छात्र-छात्राओं ने आश्रम में वितरित की सामग्री

**मुजफ्फरनगर।** वृद्ध महिला आश्रम में वृद्ध, असहाय महिलाओं को राशन, फलाहार, दूध, कपड़े एवं धनराशि का वितरण आज दिनांक 15 अप्रैल 2026 को डी.ए.वी. कॉलेज मुजफ्फरनगर के समाजशास्त्र विभाग के द्वारा नई मण्डी पटेल नगर में स्थित वृद्ध महिला आश्रम में समाजशास्त्र विभाग के शिक्षकों एवं छात्र - छात्राओं द्वारा वृद्ध, असहाय महिलाओं को वृद्धाश्रम में राशन, फल, दूध, कपड़े एवं धनराशि का वितरण किया गया। इसमें समाजशास्त्र विभाग की सहायक आचार्या मती आभा सिंघल एवं विभाग के सहायक आचार्य संजय सिंह तथा अर्थशास्त्र विभाग की सहायक आचार्या डॉ. अर्चना सिंघल भी उपस्थित रही। समाजशास्त्र विभाग के छात्र - छात्राओं में तनु, रिया, पूजा पाल, नीतू, रक्षिता चौधरी, मौ. फैसल, मौ. नदीम, नैनसी, प्राची एवं विभाग के कर्मचारी सुभाष चन्द आदि मौजूद रहे। शिक्षकों एवं छात्र - छात्राओं के द्वारा वृद्ध महिलाओं से बातचीत कर उनकी समस्याओं की जानकारी प्राप्त की गई एवं उनके साथ समय व्यतीत किया गया। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. योगेश त्यागी, समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अमित मलिक एवं स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम प्रभारी डॉ. राहुल शर्मा का विशेष योगदान एवं मार्गदर्शन रहा।

# न्यायिक अधिकारियों की कार्यशैली और अधिवक्ताओं का व्यवहार नगीना बार की पहचान: अनुपम सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** बार एसोसिएशन नगीना द्वारा तहसील परिसर में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नगीना में कार्यरत तीन न्यायिक अधिकारियों, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (ADJ) अनुपम सिंह, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (ACJM) अक्षयदीप यादव और सिविल जज असगर अली के स्थानांतरण होने पर उनके सम्मान में आयोजित किया गया था। दो वर्ष का सफल कार्यकाल पूरा करने के बाद इन अधिकारियों की विदाई पर अधिवक्ताओं ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। समारोह को संबोधित करते हुए एडीजे अनुपम सिंह ने कहा कि सरकारी सेवा में स्थानांतरण एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, लेकिन नगीना में बिताया गया समय उनके लिए यादगार रहेगा। उन्होंने नगीना बार के अधिवक्ताओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां के वकीलों का न्यायालय के प्रति सम्मान, मेहनत और कार्य में पारदर्शिता सराहनीय है। एसीजेएम अक्षयदीप यादव और सिविल जज असगर अली ने भी अपने संबोधन में बार और बेंच के बीच रहे मधुर संबंधों को याद किया और अधिवक्ताओं के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत में अधिवक्ताओं ने तीनों न्यायिक अधिकारियों का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। बार एसो. के निवर्तमान अध्यक्ष अशोक कुमार त्यागी और निवर्तमान महासचिव नईम अहमद ने तीनों अधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विदाई समारोह में वरिष्ठ अधिवक्ता मौहम्मद आरिफ खान, नवनिर्वाचित अध्यक्ष दीपक विश्नोई, और नवनिर्वाचित महासचिव मौहम्मद नईम सहित कई वक्ताओं ने अधिकारियों के कार्यकाल की सराहना की। उन्होंने कहा कि इन अधिकारियों ने अपने कार्यकाल के दौरान न्याय प्रक्रिया को सुगम बनाने और वादकारियों को त्वरित न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर एल्डर कमेटी के चेयरमैन जयकिशन शर्मा, मतलूब अहमद, प्रेम कुमार शर्मा, अमीर सिंह, निशात अहमद, जहीर अहमद खान, फरीद अहमद खान, संजीव कुमार, अरशद जावेद, नवेद इकराम, विजयपाल सिंह, शहजाद आलम, अंबरीश कुमार, दीपक सक्सेना, मौ. शाकिर, विनीत अग्रवाल, दीपक जोशी सहित भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता निवर्तमान अध्यक्ष अशोक कुमार त्यागी ने की तथा संचालन निवर्तमान महासचिव नईम अहमद द्वारा किया गया।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र सलमान मेरे कहने-सुनने से बाहर है एवं गलत संगत का शिकार है और समझाने पर मार पिटाई करता है जिससे परेशान होकर मैं उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद करती हूं। आज के बाद उसके किसी भी लेनदेन व अनैतिक कार्य की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**श्रीमति शाहजादी बेगम**
पत्नि शमीम अहमद, निवासी- मुस्तफा मस्जिद के पास, गोल्डन कालोनी थाना मण्डी, जिला सहारनपुर।

**सूचना**

मैंने अपना नाम सईद SAID से बदलकर शहीद अहमद SHAHID AHMED रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना वह पहचान जाए !

SHAHID AHMED S/O HAMID VILLAGE SAKHAN KALAN POST SAKHAN KHURD PS. DEOBAND DISTT. SAHARANPUR. U.P.

# MI ने पंजाब को 195 रन पर रोका

### क्विंटन डी कॉक ने शतक लगाया, नमन धीर की फिफ्टी, अर्शदीप को 3 विकेट

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई इंडियंस ने आईपीएल सीजन के 24वें मैच में पंजाब किंग्स को 196 रन का टारगेट दिया है। वानखेड़े स्टेडियम में पंजाब ने टास जीतकर गेंदबाजी चुनी। मुंबई ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 195 रन बनाए। ओपनर क्विंटन डी काक ने 112 रन की शतकीय पारी खेली। 60 बाल की पारी में उन्होंने 8 चौके और 7 छक्के लगाए। उनके अलावा, नमन धीर ने 50 रन बनाए।

पंजाब की ओर से अर्शदीप सिंह ने 3 विकेट झटके। मार्को यानसन और शशांक सिंह को एक-एक विकेट मिला है। 20वें ओवर में 9 रन बने और एक विकेट भी गिरा। यहां पर तिलक वर्मा 8 रन बनाकर रनआउट हो गए। लेकिन, टीम को 200 रन तक नहीं पहुंचा सके। 18वें ओवर



की 5वीं बाल पर अर्शदीप सिंह ने शेरफन रदरफोर्ड (एक रन) को बोल्ड कर दिया।

अर्शदीप सिंह को तीसरा विकेट मिला है। पंडया 14 रन बनाकर आउट, बार्टलेट ने कैच किया 18वें ओवर में मुंबई ने चौथा विकेट गंवाया। यहां कप्तान हार्दिक पंड्या को श्रेयस अय्यर और जेवियर बार्टलेट ने मिलकर लान्ग ऑन बाउंड्री पर कैच किया। 17वें ओवर की आखिरी बाल पर क्विंटन डी काक ने जेवियर बार्टलेट की बाल पर छक्का लगाकर शतक पूरा किया। उन्हें 53 बाल लगी। 14वें ओवर में शशांक सिंह ने नमन धीर (50 रन) को जेवियर बार्टलेट के हाथों कैच कराया। उन्होंने शतकीय साझेदारी तोड़ी। 11वें ओवर में मुंबई ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया। डी काक ने जेवियर बार्टलेट की दूसरी बाल पर चौका लगाया और टीम का स्कोर ट्रिपल डिजिट में पहुंचाया। 10वें ओवर में क्विंटन डी काक ने फिफ्टी पूरी कर ली है। उन्होंने चहल की तीसरी बाल पर छक्का लगाया। फिर चौथी बाल पर सिंगल लेकर अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 28 बाल पर इस सीजन में अपना पहला अर्धशतक लगाया। 9वें ओवर में क्विंटन डी काक ने विजयकुमार वैशाख की बाल पर दो चौके लगाए। उन्होंने पहली और तीसरी बाल को बाउंड्री के बाहर पहुंचाया। 7वें ओवर की पहली बाल पर मुंबई ने 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया। नमन ने चहल की बाल पर छक्का लगाकर टीम को 50 पार पहुंचाया। डी काक ने भी एक चौका और एक छक्का लगाया। इसके सहारे दोनों ने फिफ्टी पार्टनरशिप भी पूरी कर ली। टॉस हारकर बैटिंग कर रही मुंबई की शुरुआत खराब रही। टीम ने पावरप्ले में 48 रन बनाने में 2 विकेट गंवा दिए। रायन रिकेल्टन 2 और सूर्यकुमार यादव जीरो पर आउट हुए।

# चोटिल खलील अहमद आईपीएल से हुए बाहर

**चेन्नई, वार्ता।** दाई जांघ में चोट के कारण चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं। सीएसके की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है कि इस चोट को ठीक होने में 12 हफ्तो से अधिक का समय लगेगा। खलील की चोट से सीएसके की मुश्किलें और बढ़ गई हैं, क्योंकि टीम पहले से ही एमएस धोनी और नाथन एलिस के बिना खेल रही है।

धोनी अभी पिडली की चोट से उबर रहे हैं और उनकी रिकवरी दो सप्ताह से अधिक खिच चुकी है। हालांकि धोनी टीम के साथ ट्रेनिंग कर रहे हैं, लेकिन अभी तक उन्होंने पूरी तरह से अभ्यास शुरू नहीं किया है। नाथन एलिस पूरे सीजन से बाहर हैं, जबकि उनके रिप्लेसमेंट स्पेंसर जॉनसन भी चोट से उबर रहे हैं और अभी तक टीम से नहीं जुड़े हैं। महाराष्ट्र के तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी और रामकृष्ण घोष खलील की जगह लेने के विकल्प हैं। जहां बाएं हाथ के मुकेश चौधरी सीधे तौर पर उनकी जगह ले सकते हैं, वहीं घोष दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं जो बल्ले से भी योगदान दे सकते हैं। घोष ने 2025-26 घरेलू सीजन में महाराष्ट्र के लिए शानदार प्रदर्शन किया था। विजय हजारे ट्रॉफी में उन्होंने जयपुर में हिमाचल प्रदेश के खिलाफ 42 रन देकर सात विकेट लिए थे।



इसी टूर्नामेंट में उन्होंने मुंबई के खिलाफ 27 गेंदों पर नाबाद 64 रन भी बनाए थे। सीएसके ने अब तक पांच मैचों में दो जीत हासिल की हैं।

**खेल विशेष**

### ओलंपियन माने ने सोनी और शाह के साथ शुरुआती बढ़त बनाई

**जोहान्सबर्ग, वार्ता।** ओलंपियन उदयन माने, जो एएम ग्रीन आईजीपीएल इनविटेशनल साउथ अफ्रीका में अपनी पहली जीत की तलाश में थे, ने बोगी फ्री शुरुआत की और पहले दिन 7-अंडर 65 का कार्ड खेलकर दो अन्य के साथ बराबरी पर थे। तीनों मैदान से एक-एक शॉट आगे थे, लेकिन एक बड़ा ग्रुप उनका पीछा कर रहा था क्योंकि छह अन्य उनसे दो शॉट के अंदर थे। हैदराबाद के मिलिंद सोनी, जिन्होंने पिछले हफ्ते मॉरिशस में संयुक्त-6 पर रहने से पहले अच्छी शुरुआत की थी, ने 65 के साथ एक और अच्छी शुरुआत की, जैसा कि इंडियन अमेरिकन मानव शाह ने भी किया, जिनके रिकॉर्ड में लैटिनोमेरिका टूर पर जीत शामिल है। भरे हुए लीडरबोर्ड पर पिछले साल के एएम ग्रीन आईजीपीएल रैंकिंग्स विनर पुखराज सिंह गिल (66) एक अंक पीछे अकेले चौथे स्थान पर थे, जबकि 11 बार के एशियन टूर विनर गगनजीत भुल्लर, इन-फॉर्म करणदीप कोचर और उभरते हुए सार्थक छिब्बर सभी 5-अंडर 67 के साथ पांचवें स्थान पर थे।

### आर वैशाली ने जीता फिडे विमेंस कैंडिडेट्स का खिताब

**साइप्रस/ नई दिल्लीं।** भारतीय महिला शतरंज खिलाघी आर वैशाली ने फिडे विमेंस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया। वह यह खिताब को जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी हैं। केन्द्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने इस उपलब्धि पर वैशाली को बधाई दी। बुधवार को 14 राउंड के इस मुकाबले में आखिरी राउंड में कतेरीना लाग्नो को हराकर वैशाली ने खिताब अपने नाम किया। इस खिताबी जीत के साथ ही उन्होंने इस साल के आखिर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप का टिकट मिल गया है, जहां उनका सामना चीन की जू वेनजुन से होगा। केन्द्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए आर वैशाली को बधाई दी है। डा. मांडविया ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, ъ भारत की नारी शक्ति हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। फिडे महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाली पहली भारतीय बनकर इतिहास रचने पर आर वैशाली को हार्दिक बधाई।

### रामसे पीटी ने 50 मी ब्रेस्टस्ट्रोक तैराकी स्पर्धा में जीता स्वर्ण पदक

**लंदन, वार्ता।** ब्रिटेन के ओलंपिक पदक विजेता एडम रामसे-पीटी ने पुरुषों की 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक तैराकी स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए जीबी स्विमिग चैंपियनशिप 2026 का खिताब अपने नाम किया। यह दोनों दिनों में उनका दूसरा खिताब है। बुधवार को लंदन एक्वेटिक्स सेंटर में हुए मुकाबले में 31 साल के इस तैराक ने पूल में निर्धारित दूरी को 26-64 सेकंड में पूरा कर स्वर्ण पदक जीती। उन्होंने उभरते हुए सितारे और अपने ट्रेनिंग पार्टनर फिलिप नोवाकी को हराया।

# ऑरेंज कैप की रेस में कोहली सबसे आगे

**बेंगलुरु, वार्ता।** विराट कोहली आईपीएल में रन बनाने वालों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गए और ऑरेंज कैप अपने नाम कर ली। उन्होंने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 34 गेंदों पर 49 रन बनाए और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को चिन्नास्वामी स्टेडियम में 147 रन का लक्ष्य हासिल करने में मदद की। इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में पहली बार उतरते हुए कोहली ने आरस. ीबी के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए और इस सीजन में अपने कुल रन 228 तक पहुंचा दिए।

सनराइजर्स हैदराबाद के विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन 224 रन के साथ दूसरे स्थान पर हैं। यह पहली बार था जब आरसीबी ने कोहली को इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में इस्तेमाल किया। टीम ने पहले गेंदबाजी चुनी थी और वह प्लेइंग ग्ग का हिस्सा नहीं थे। इससे पहले मुंबई इंडियंस के खिलाफ



मैच में भी वह मैदान से बाहर रहे थे। को. हली ने बताया कि उस मैच में उनके घुटने में दर्द हुआ था और बुधवार के मैच से पहले भी वह पूरी तरह फिट नहीं थे। रजत पाटीदार बुधवार को एलएसजी के खिलाफ 13 गेंदों पर 27 रन बनाकर तीसरे स्थान पर पहुंच गए। कोहली, क्लासन और पाटीदार के अलावा ईशान किशन और वैभव सूर्यवंशी ही ऐसे बल्लेबाज हैं जिनके इस सीजन में 200 से ज्यादा रन हैं। पर्पल कैप लीडरबोर्ड चेन्नई सुपर किंग्स के तेज गेंदबाज अंशुल कम्बोज और गुजरात टाइटंस के प्रसिद्ध कृष्णा 10 विकेट के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर बने हुए हैं।

## हम मैच में हमेशा आगे रहे: विराट कोहली


**बेंगलुरु, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने बुधवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ शानदार ऑलराउंड परफॉर्मेंस देते हुए सिर्फ 15-1 ओवर में 149 रन का टारगेट चेज करते हुए पांच विकेट से जीत हासिल की। आरसीबी की बॉलिंग यूनिट ने शानदार कोशिश से नींव रखी,

जिसमें भुवनेश्वर कुमार ने फ्रेंच. इजी के लिए अपने बेस्ट फिगर (3/27) के साथ आगे बढ़कर लीड किया, जबकि रसिख सलाम ने 4/24 के करियर के बेस्ट आईपीएल फिगर के साथ शानदार परफॉर्मेंस दी। जोश हेजलवुड ने आरसीबी के लिए सीजन का सबसे किफायती स्पेल (1/20) फेंककर इस कोशिश को पूरा किया, क्योंकि अटैक ने प्लान को सटीकता से पूरा किया। यह मैच क्रुणाल पांड्या (2/38) के लिए भी एक अहम मील का पत्थर साबित हुआ, जिन्होंने आईपीएल में 100 विकेट पूरे किए, जिससे आरसीबी की ऑल-राउंड गहराई और मजबूत हुई। जीत के बाद कोहली ने कहा कि बॉलिंग ग्रुप ने इसे बहुत अच्छे से सेट किया, भुवी ने हमारे लिए अपने सबसे अच्छे फिगर के साथ शानदार प्रदर्शन किया, रसिख ने 4/24 के साथ शानदार प्रदर्शन किया, और जोश फिर से अविश्वसनीय रूप से किफायती रहे। और क्रुणाल को 100 आईपीएल विकेट तक पहुंचने पर बधाई, यह एक शानदार मील का पत्थर है। हम आगे बढ़ते रहेंगे। बॉलिंग परफॉर्मेंस पर बात करते हुए, हेजलवुड ने कहा कि विकेट शायद थोड़ा धीमा था, लेकिन मुझे लगता है कि जिस तरह से हमने इतनी जल्दी एडजस्ट किया और उसका इस्तेमाल किया, वह वाकई बहुत अच्छा था। हम सभी के बीच कम्युनिकेशन फर्स्ट रेट का रहा है। भुवी और रसिख खासकर शानदार थे, भुवी ने उन हार्ड लेंथ पर हिट किया और इसे अच्छी तरह से शेप दिया, और डेथ ओवरों में रसिख की स्किल असाधारण थी।

# कलाई की चोट के चलते अल्काराज बार्सिलोना ओपन से बाहर

**बार्सिलोना, वार्ता।** टॉप सीड कार्लोस अल्काराज कलाई की चोट के कारण बार्सिलोना ओपन से हट गए हैं। 22 साल के स्पेन के खिलाड़ी ने मंगलवार को अपने पहले राउंड के मैच में क्वालिफायर ओटो विरटेनन को सीधे सेटों में हराया था, लेकिन मैच के दौरान उन्हें तकलीफ हुई। अल्काराज को गुरुवार को चेक रिपब्लिक के टॉमस माचाक के साथ खेलना था, लेकिन दाहिनी कलाई के मेडिकल टेस्ट के बाद उन्होंने टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है।

अल्काराज ने कहा कि मैच के दौरान रिटर्न करते समय मुझे लगा कि मेरी कलाई जवाब दे गई है। टेस्ट के बाद, हमने देखा कि यह हमारी उम्मीद से कहीं ज्यादा गंभीर चोट है, और मुझे अपने शरीर की सुननी होगी ताकि भविष्य में इसका मुझ पर असर न पड़े। अल्काराज को इस हफ्ते की शुरुआत में जानिक सिनर ने



दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी के तौर पर रिप्लेस किया था। उन्होंने कहा कि मुझे अपनी टीम - डॉक्टर्स और फिजिकल थेरेपिस्ट - के साथ जल्द से जल्द घर जाकर अपनी रिकवरी शुरू करनी है और आने वाले टूर्नामेंट्स के लिए जल्द से जल्द हेल्दी होना है, या होने की कोशिश करनी है। अल्काराज को उम्मीद है कि वह लगातार तीसरी बार फ्रेंच ओपन जीतने के लिए समय पर फिट हो जाएंगे, 2026 का टूर्नामेंट 18 मई से शुरू होगा। वह मोंटे-कार्लो मास्टर्स के फाइनल में सिनर से हारने के सिर्फ 48 घंटे बाद बार्सिलोना में एक्शन में लौटे थे। उस जीत का मतलब था कि इटैलियन नवम्बर के बाद पहली बार रैंकिंग में टॉप पर लौट आए। अल्काराज, जिन्होंने 2022 और 2023 में बार्सिलोना ओपन जीता था और पिछले साल हारे हुए फाइनलिस्ट थे।

### चीन को हराकर जापान अंडर 20 महिला एशिया कप के फाइनल में

**बैंकॉक, वार्ता।** जापान ने बुधवार को एफसी अंडर20 महिला एशिया कप के सेमीफाइनल में चीन को 2-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। माओ इतामुरा ने पांचवें मिनट में दाएं पैर से गोल करके जापान को शुरुआती बढ़त दिलाई, और नोआ फुकुशिमा ने 24वें मिनट में थाईलैंड के थम्मासैट स्टेडियम में दाएं पैर से फ्री किक मारकर बढ़त दोगुनी कर दी। जापान ने मैच पर ज्यादातर कंट्रोल किया, हालांकि चीन की गोलकीपर लियू चेन ने दूसरे हाफ में अपनी टीम को मुक. ाबले में बनाए रखने के लिए कई कोशिशों को नाकाम कर दिया। चीन को सबसे अच्छा मौका आखिरी सीटी बजने से ठीक पहले मिला, लेकिन लू जियायु गोल नहीं कर पाईं। हार के बावजूद, चीन 11 अप्रैल को क्वार्टर फाइनल में उज्बेकिस्तान को 2-1 से हराकर पोलैंड में होने वाले फीफा अंडर 20 महिला वर्ल्ड कप के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुका था।

# टखने की चोट के चलते डेविड पेन भी आईपीएल से आउट

**हैदराबाद, वार्ता।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज डेविड पेन टखने की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल)2026 के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। पेन टीम में जैक एडवर्ड्स की जगह आए थे, जो पहले ही पैर की चोट के कारण बाहर हो गए थे। एसआरएच ने अभी तक पेन की जगह किसी दूसरे खिलाड़ी का नाम नहीं बताया है।

35 साल के पेन इस सीजन में सिर्फ दो मैच खेले। उन्होंने सीजन के पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 35 रन देकर 2 विकेट लिए थे, जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 35 रन देकर कोई विकेट नहीं ले पाए थे। 2016 की चैंपियन टीम चोटों की मार झेल रही है। इंग्लैंड के ऑलराउंडर ब्रायडन कार्स भी हाल ही में चोट के कारण बाहर हो गए थे। उन्हें सीजन की शुरुआत में नेट सेशन के दौरान हाथ में चोट लग गई थी। वह एक भी मैच नहीं खेल पाए थे,

जिसके बाद एसआरएच ने उनकी जगह श्रीलंका के तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका को टीम में शामिल किया था। हालांकि, चोटों के



मामले में एसआरएच के लिए कुछ अच्छी खबर भी है।

कप्तान पैट कमिस को सिडनी में अपनी पीठ का स्कैन करवाने के बाद टीम में वापस शामिल होने की मंजूरी मिल गई है। कमिस ने इस सीजन में अभी तक कोई मैच नहीं खेला है, लेकिन वह 25 अप्रैल को जयपुर में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में वापसी करने की उम्मीद कर रहे हैं।

# पीडब्ल्यूएल स्टार्स का ग्लोबल स्टेज पर दबदबा जारी

**नई दिल्ली, वार्ता।** इस साल की शुरुआत में प्रोफेशनल रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) की सफल वापसी का असर अब अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भी साफ दिखाई दे रहा है। सीजन 5 में हिस्सा लेने वाले कई भारतीय और विदेशी पहलवानों ने प्रमुख वैश्विक प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया है।

जनवरी में नोएडा इंडोर स्टेडियम में आयोजित पीडब्ल्यूएल सीजन 5 में विश्वस्तरीय पहलवानों के साथ भारत के स्थापित और उभरते प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिससे यह एक शीर्ष प्रतिस्पर्धी मंच के रूप में और मजबूत हुआ। लीग का प्रभाव अब अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट्स में खिलाड़ियों के प्रदर्शन में नजर आ रहा है, जो एक मजबूत घरेलू प्रतिस्पर्धी ढांचे की अहमियत को दर्शाता है। इस सूची में सबसे आगे सुजीत कलकल रहे हैं, जो पुरुषों के 65 किंग्रा वर्ग में दुनिया के शीर्ष पहलवानों में शामिल हो चुके हैं। वर्तमान में ईरान के विश्व चैंपियन और ओलंपिक रजत पदक विजेता रहमान अमौजाद के बाद विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज सुजीत ने पीडब्ल्यूएल सीजन 5 में दिल्ली दंगल वॉरियर्स का प्रतिनिधित्व किया था, जहां उन्होंने सात में से छह मुकाबले जीतकर उपविजेता का स्थान हासिल किया। लीग के बाद से सुजीत ने लगातार तीन अंतर्राष्ट्रीय स्वर्ण पदक जीते हैं, जिसमें जाग्रेब और मुहामेत मालो रैंकिंग सीरीज के साथ-साथ इस महीने की शुरुआत में किर्गिस्तान के बिश्केक में एशियन चैंपियनशिप का खिताब शामिल है। महिला 53 किंग्रा वर्ग में मीनाक्षी गोयत भी पीडब्ल्यूएल सीजन 5 की बड़ी सफलता बनकर उभरी हैं। पंजाब रॉयल्स का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने लीग में अपने तीनों मुक. ाबले जीते और फिर नेशनल ट्रायल्स में अंतिम पंघल को हराकर भारतीय टीम में जगह बनाई। इसके बाद उन्होंने मुहामेत मालो टूर्नामेंट और बिश्केक में एशियन चैंपियनशिप दोनों में रजत पदक जीतकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी दावेदारी मजबूत की है। अन्य प्रमुख प्रदर्शनकर्ताओं में ओलंपिक रजत पदक विजेता अमन सहरावत द्धपुरुष 61 किंग्राञ्च, जिन्होंने टाइगर्स ऑफ मुंबई डैंगल्स के लिए खेलते हुए जाग्रेब और बिश्केक में रजत पदक जीते, जबकि दिनेश धनखड़ (पुरुष 125 किंग्रा) ने पंजाब रॉयल्स के लिए दोनों प्रतियोगिताओं में कांस्य पदक हासिल किए। हरियाणा थंडर्स की नेहा सांगवान ने भी मुहामेत मालो में रजत और बिश्केक में कांस्य पदक जीतकर प्रभावित किया।सबसे उत्साहजनक प्रदर्शन उभरते हुए भारतीय पहलवान अभिमन्यु (पुरुष 70 किंग्रा) का रहा। 24 वर्षीय सीआईएसएफ कांस्टेबल, जिन्होंने लीग में यूपी डॉमिनेटर्स का प्रतिनिधित्व किया, ने बिश्केक में फाइनल में मंगो. लिया के दिग्गज और पूर्व एशियन गेम्स चैंपियन टॉमोर-ओचिरिन तुलगा को हराकर स्वर्ण पदक जीता। लीग का प्रभाव अंतर्राष्ट्रीय सितारों पर भी देखने को मिला। कनाडा की विश्व पदक विजेता कार्ला गोडिनेज गोंजालेज, जिन्होंने दिल्ली दंगल वॉरियर्स का प्रतिनिधित्व किया, ने जाग्रेब में रजत पदक जीता।

# मुंबई इंडियंस ने अथर्व अंकोलेकर की जगह कृष भगत को साइन किया



**मुंबई, वार्ता।** मुंबई इंडियंस (एमआई) ने अथर्व अंकोलेकर की जगह कृष भगत को साइन किया है, जो चोट की वजह से टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 से बाहर हो गए हैं। 21 साल के भगत ने पंजाब के लिए सात फर्स्ट-क्लास मैच और नौ लिस्ट ए मैच खेले हैं। वह दाएं हाथ के मीडियम पेसर हैं और लिस्ट ए क्रिकेट में हाफ-सेंचुरी भी लगा चुके हैं।

बाएं हाथ के स्पिनिंग ऑल-राउंडर अंकोलेकर 2020 में भारत की अंडर 19 वर्ल्ड कप टीम का हिस्सा थे और 2019 में बांग्लादेश के खिलाफ एसीसी अंडर 19 एशिया कप के फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच भी थे। भगत अपने बेस प्राइस 30 लाख रुपये में एमआई में शामिल हुए।

# 24 व 25 को आएगी विधानसभा की प्राक्कलन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन ने उत्तर प्रदेश विधान विधान सभा की प्राक्कलन समिति के जनपद में 24 एवं 25 अप्रैल को प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम तथा समीक्षा बैठक की तैयारियों के संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में पंचायती राज विभाग, नगर विकास विभाग, उप्र जल निगम ग्रामीण तथा उ0प्र0 जल निगम शहरी, कृषि विपणन एवं विदेश व्यापार विभाग, परिवहन विभाग, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग, आबकारी विभाग, राजस्व विभाग, कारागार विभाग, महिला बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, ऊर्जा विभाग, गृह विभाग, राज्य कर विभाग, सिंचाई एवं जलसंसाधन विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग, सहकारिता विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, पर्यटन विभाग, समाज कल्याण विभाग, श्रम एवं सेवायोजन विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग तथा लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 सेतु निगम एवं उ0प्र0 निर्माण निगम आदि विभागों के बिन्दुओं पर गहनता से समीक्षा की गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित सभी विभागों को निर्देश दिए कि विगत 05 वर्षो का विवरण एवं आख्या प्रमाणित कर 20 अप्रैल तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर परवीन कुमार, पीडीडीआरडीए प्रणय कृष्ण सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# विधायक उमर अली खान ने किया बाढ़ परियोजना का उद्घाटन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बेहट विधायक उमर अली खान ने ग्राम खुजनावर में बाढ परियोजना का फीता काटकर उदघाटन किया।

बेहट विधानसभा में चाचाराव एवं सोलानी नदी के किनारे पर स्थित विभिन्न ग्रामों की बाढ से सुरक्षा हेतु कटाव निरोधक कार्यो की नवीन बाढ परियोजना शुरू की गयी है। जिसमें आज विधायक उमर अली खान ने खुजनावर में बाढ परियोजना का शुभारंभ करते हुए कहा कि क्षेत्र के लोगों को इससे काफी लाभ होगा। उन्होने कहा कि मैं हमेशा बेहट विधानसभा के लोगों के लिए विकास कराता रहूंगा।

# निजीकरण के विरोध में अभियान शुरू



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** निजीकरण व उत्पीड़न के खिलाफ विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर जनजागरण अभियान शुरू किया गया। यह अभियान 21 मई तक चलेगा।

विरोध सभा को केन्द्रीय पदाधिकारी जितेन्द्र सिंह गुर्जर, मोहम्मद वसीम एवं निखिल कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण, ओबरा-अनपरा परियोजनाओं को ज्वाइंट वेंचर के माध्यम से निजी हाथों में सौंपने तथा ट्रांसमिशन में निजीकरण के प्रयास उपभोक्ताओं व कर्मचारियों के हित में नहीं हैं। उन्होंने ग्रेटर नोएडा व आगरा में निजी कंपनियों के खिलाफ मिल रही शिकायतों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। समिति ने सेवा नियमों में किए गए बदलाव, फेशियल अटेंडेंस के नाम पर वेतन कटौती, जबरन स्मार्ट मीटर लगाने और अभियंताओं पर वसूली जैसे आदेशों का विरोध करते हुए इन्हें वापस लेने की मांग की। संघर्ष समिति ने जनता, किसानों व उपभोक्ताओं से अपील की कि यह संघर्ष सस्ती, सुलभ व विश्वसनीय बिजली व्यवस्था बचाने का है। साथ ही आश्वस्त किया कि आंदोलन के दौरान भी उपभोक्ताओं को प्राथमिकता पर निर्बाध बिजली सेवा दी जाती रहेगी।

## तीन पकड़े

**चिलकाना।** चैकिंग के दौरान पुलिस ने तीन आरोपियों को चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफतार किया है।

चैकिंग के दौरान पुलिस टीम ने अब्दुल्लाहपुर अहाडी की ओर से फिरोजाबाद जाने वाले रास्ते पर बिना नम्बर प्लेट की बाइक पर सवार तीन युवकों को रोका तो जांच में पता चला कि यह मोटरसाइकिल हरियाणा से चोरी की गयी थी जिसका चेसिस नम्बर भी मिटा दिया गया था। जहां उनकी पहचान अंशुल सैनी पुत्र जगपाल निवासी मोहल्ला कोठीवाला सुल्तानपुर, आमिर पुत्र इकराम निवासी मोहल्ला जाकिर हुसैन कस्बा चिलकाना व आमिश पुत्र मेहताब निवासी ग्राम पटनी थाना चिलकाना के रूप में की गई।

# ग्लोकल विश्वविद्यालय में पदयात्रा निकाल बनाई मानव श्रंखला






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम के अंतर्गत ग्लोकल विवि में पदयात्रा एवं मानव श्रृंखला का आयोजन किया।

विश्वविद्यालय के अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति एकेडमिक, प्रोफेसर डॉ. ओम कुमार हर्ष और अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति फाइनेंस सैयद निजामुद्दीन के संरक्षण तथा कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी की प्रेरणा से डॉ. सना जकी एवं शहनाज के निर्देशन में पदयात्रा का आयोजन किया गया। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शोभा त्रिपाठी की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। डॉ. शशांक के निर्देशन में मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य समाज में नारी सम्मान एवं अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस अवसर पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शोभा त्रिपाठी, डायरेक्टर आईक्यूएसी तथा पैरामेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. डॉ. संजय कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# स्कूलों में सम्मानित हुए सीबीएसई कक्षा 10 के मेधावी छात्र-छात्राएं









**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहारनपुर।** सीबीएसई बोर्ड कक्षा 10 के परीक्षा परिणाम में उच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र छात्राओं को स्कूलों में मिठाई खिलाकर प्रोत्साहित किया गया।

मंसूर कालोनी स्थित न्यू ऐरा अकादमी की हादिया ने 98.80 अंकों के साथ टॉपर रही। इसके अलावा अलफीना व हबीबा ने 94.6, मौहम्मद फाइज ने 94.2, अनशाल ने 92.6, बुशरा ने 91.6, वजीहा अंसारी ने 91.4, मौहम्मद आतिफ ने 91.4, इलमा जारा ने 91 व मरियम सैफी ने 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। सभी बच्चों को प्रबंधक व प्रधानाचार्य ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

सीबीएसई कक्षा 10 के परीक्षा परिणाम में शेमफोर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल की रिया चौहान ने 98.2 प्रतिशत अंक लाकर पहला स्थान प्राप्त किया है। श्रीमती नीरज चौहान व श्री मंजीत सिंह चौहान की पुत्री रिया चौहान ने सर्वोच्च अंक लाकर अपने माता-पिता व स्कूल का नाम रोशन किया है। आने वाले समय में रिया चौहान साफ्टवेयर इंजीनियर बनकर देश का नाम भी रोशन करना चाहती है।

इसके अलावा मनस्वी शर्मा ने 96, जिया परवीन ने 94.6, देवांश कश्यप 90.2, सनेही अरोरा 90.6, अलीना नाज 90.4, शिफा जावेद 92, नमरा खान 89.4, रिषव गोसाई 87.2, हंसिका शर्मा 85, कैफ 85 प्रतिशत अंक लाकर क्रमश: दूसरे, तीसरे, चौथे, पांचवे, छठे, सातवे, आठवे, नवे, दसवे व ग्यारहवे स्थान पर रहे। विद्यालय के चेयरमैन अशोक अग्रवाल, प्रधान निदेशक विकास अग्रवाल व निदेशक हिमान अग्रवाल व प्रिंसिपल वंदना सक्सेना ने सभी छात्रों को बधाई देते हुए उनका मुंह मीठा करवाया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

ब्राउनवुड पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने ब्ठैम् कक्षा 10 परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों में मोहम्मद उमैर ने 97.4% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। उनके साथ सिदरा अख्तर ने 97% अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त तैय्यब ने 95.4%, जैनब हुसैन ने 95.2%, तथा सना इदरीस और सारा अमजद ने 94% अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

विद्यालय की निदेशक श्रीमती सफिया सुबूही ने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहने के लिए प्रेरित किया।

गागलहेडी क्षेत्र के अकबरपुर खजूरी गांव की मेधावी छात्रा ओजस्वी यादव ने सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 10वीं की परीक्षा में शानदार 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किये है। ओजस्वी यादव एथेनिया हाई स्कूल मोहि. उद्दीनपुर की छात्रा हैं। ओजस्वी ने अपनी सफलता का पूरा श्रेय अपने माता-पिता और सम्मानित शिक्षकों को देते हुए कहा कि मेरी मेहनत तो थी, लेकिन माता-पिता का मार्गदर्शन और शिक्षकों का सहयोग ही मुझे इस मुकाम तक ले आया।

श्री रूपराम इंटर नेशनल एकेडमी में कक्षा 10 का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा। सृष्टि सैनी ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय कस्बे व क्षेत्र को गौरवान्वित किया। विद्यालय प्रबंधक डॉ अमित कुमार सैनी ने बच्चो व स्टाफ की मेहनत पर खुशी जताते हुए बच्चो को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि कम्पीटिशन के दौर में बच्चो का पास होना ही काफी नही है, क्योंकि एडमिशन से लेकर नोकरी पाने तक मे मेरिट में आना जरूरी है। प्रधानाचार्य प्रशांत अग्रवाल ने बच्चो की मेहनत की सराहना की।

**नागल।** कस्बे के सोफिया इंटरनेशनल स्कूल के छात्र कृष्णा सैनी ने सी बी एस इ कक्षा 10 की परीक्षा 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉप किया है।

प्रधानाचार्य मनोज कुमार अवस्थी ने बताया कि अर्पित और जतिन सिरोही ने 91% तथा अतुल्य ने 90% अंक प्राप्त किए। विषयवार प्रदर्शन में कृष्णा सैनी ने विज्ञान में 97%। हिंदी में कृष्णा सैनी और जतिन सिरोही ने 97% अंक हासिल किए। अंग्रेजी में दक्ष त्यागी ने 99%। सामाजिक विज्ञान में कृष्णा ने 95% अंक प्राप्त किए। छात्र छात्राओ की इस उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरमैन कोणार्क चौधरी ,को आर्डिनेटर अर्पिता विजन ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

विद्यालय परिवार ने यह संकल्प लिया है कि भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम देकर शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करता रहेगा।

**रामपुर मनिहारान।** विजीसीएफ की इकाई बिल क्लिंटन स्कूल का सीबीएसई बोर्ड का कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा जिससे स्कूल प्रबंधन और छात्र छात्राओं में हर्ष की लहर दौड़ गई।

सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 10 की परीक्षा में बिल क्लिंटन स्कूल के 117 छात्र छात्राओं ने भाग लिया था।स्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा।सारा सचदेवा 96 % अंकों के साथ प्रथम,रिषिका सैनी एवं आदित्य 94.4%अंको के साथ द्वितीय तथा रिया ठाकुर ने 93.2% अंक प्राप्त कर अपना व संस्था का नाम रोशन किया है।छात्र छात्राओं की इस सफलता पर संस्था के संस्थापक विनोद गुप्ता, चेयरमैन आशुतोष दयाल शर्मा, पूर्व चेयरमैन बीके गोस्वामी, बोर्ड सदस्यों पीके अग्रवाल, विनोद शोबिती, आरपी अग्रवाल, डीके गुप्ता, तनया शर्मा व राज जोशी ने बधाई संदेश प्रेषित किया है।रामरति एजुकेशन कॉम्प्लेक्स की प्रेजिडेंट श्रीमती राजकमल सक्सेना ने छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।राजकमल सक्सेना ने कहा कि यह छात्र छात्राओं और संस्था के स्टाफ की कड़ी मेहनत का परिणाम है।बिल क्लिंटन स्कूल की प्रधानाचार्या वीनू शर्मा ने कहा कि कड़ी मेहनत ही सफलता का आधार है।इस दौरान परीक्षा इंचार्ज भूपेश कुमार सहित स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

**गंगोह।** सीबीएसई 10वीं परीक्षा में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सिल्वर ओक पब्लिक स्कूल की सूफिया हारिम ने गंगोह में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा है।

विद्यालय की छात्रा सूफिया हारिम ने 97 प्रतिशत, रायमा 94.8 प्रतिशत, देवांशु व हर्ष गुप्ता 94.4 प्रतिशत, विनम्र मित्तल 93 प्रतिशत, शिवांश गर्ग 92.2 प्रतिशत, रिद्धि 92 प्रतिशत तथा अदिति 90.8 प्रतिशत ने भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर टॉपर्स में स्थान बनाया। विद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष शुभम गुप्ता, प्रबंधक आदेश गर्ग, मुकेश गुप्ता, नरेंद्र तायल, गौरव गर्ग, नितिन तायल, अमित गर्ग आदि ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण एवं विद्यालय की सुदृढ़ शैक्षिक नीतियों को दिया। प्रधानाचार्य भूपेंद्र सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है और इससे क्षेत्र में शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण को बल मिलेगा। विद्यालय के समस्त अध्यापक व अध्यापिकाओं ने विद्यार्थियों को उनकी इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी।

























Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# कम वर्षा की भविष्यवाणी

मौसम विभाग के मुताबिक अचानक गर्मी बढ़ने का सबसे बड़ा कारण पश्चिमी विक्षोभ का कमजोर पड़ना है। ऐसा मौसम 20 अप्रैल तक रहेगा, जिसके कारण पश्चिमी, मध्य और दक्षिण भारत में भीषण गर्मी पड़ेगी। दो सालों की घनघोर बारिश के बाद, भारत को आने वाले मानसून के दौरान बरसात में भारी कमी का सामना करना पड़ सकता है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अप्रैल में जारी अपने पूर्वानुमान में जून से सितम्बर के बीच आठ फीसदी की कमी, यानी सामान्य से कम वर्षा होने की भविष्यवाणी की है। इस अनुमान में पांच फीसदी की त्रुटि की संभावना है। लेकिन आईएमडी के पिछले रिकार्ड के मद्देनजर, ऐसे कई मौके आए हैं जब आईएमडी ने 'सामान्य' मानसून की भविष्यवाणी की है और भारत में सूखा पड़ा है। जबकि, सूखे की भविष्यवाणी करने और इसके गलत साबित होने के मामले इससे कहीं ज्यादा हैं। दरअसल, जब आईएमडी अप्रैल में बारिश की कमी की चेतावनी देता है, तो इतिहास गवाह है कि भारत में अक्सर सूखा पड़ता है। यह एजेंसी अपनी आधिकारिक शब्दावली में कभी भी सूखा शब्द का प्रयोग नहीं करती है और सिर्फ 90 फीसदी से नीचे की कमी को ही न्यून वाली स्थिति के रूप में संदर्भित करती है। अप्रैल 2015 में, आईएमडी ने 2015 के दक्षिण-पश्चिम मानसून के मौसम के लिए हसामान्य से कम मानसून का पूर्वानुमान जारी किया था। इसमें मौसमी वर्षा के दीर्घकालिक औसत के 93 फीसदी रहने का अनुमान लगाया गया था, जो फिर से सामान्य से कम था, लेकिन भारत में हालात कहीं ज्यादा ही खराब रहे और उसका दीर्घकालिक औसत (एलपीएद्ध 86 फीसदी रहा। आईएमडी को इस बार मानसून के दूसरे महत्वपूर्ण आधे हिस्से (अगस्त और सितम्बरद्ध में कमजोर मानसून की आशंका है। इसका कारण मौसम मॉडल द्वारा दर्शाए गए अल नीनो का संकेत है। अल नीनो एक ऐसी चक्रीय घटना है, जिसमें मध्य भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर का तापमान एक डिग्री सेल्सियस से ज्यादा बढ़ जाता है और 1950 के बाद से 16 में से 9 बार यह कमजोर मानसून से संबंधित रहा है। अल नीनो का समय महत्वपूर्ण होता है। अगर तापमान में बढ़ोतरी मानसून के महीनों के अलावा अन्य महीनों में होती है, तो मानसून पर इसका असर उतना खतरनाक नहीं होता है। मिसाल के तौर पर, 2019 में, आईएमडी ने अप्रैल में सामान्य से कम वर्षा की उम्मीद जताई थी क्योंकि अल नीनो जैसी स्थितियां बनती नजर आ रही थीं। विडंबना यह रही कि भारत में सामान्य से ज्यादा बारिश हुई क्योंकि अपेक्षा के मुता.बिक गर्मी तेज नहीं हुई। इस साल भी, आईएमडी को उम्मीद है कि हिंद महासागर डायपोल अल नीनो के शुष्क प्रभाव का प्रतिकार करेगा। इस साल जब पश्चिम एशिया में युद्ध जैसे हालात सबसे ज्यादा चिंताजनक बने हुए हैं, ऐसे में कमजोर बारिश के साथ-साथ गैस और उर्वरक की कमी से किसानों की हालत और भी खराब हो सकती है। लिहाजा सरकार को उर्वरकों का भंडार बढ़ाने, खासतौर पर पानी की कमी की आशंका वाले जलाशयों समेत पानी का समान वितरण सुनिश्चित करने और किसानों को बुवाई की सर्वोत्तम पद्धतियों के बारे में समय रहते सलाह देने की तैयारी फौरन शुरू कर देनी चाहिए।

## परिसीमन को बुल्डोज करने का काम



सरकार महिला आरक्षण के नाम पर परिस.ीमन कर संघीय ढांचे को कमजोर कर रही है, महिला आरक्षण को परिसीमन के साथ नहीं जोड़ना चाहिए, हम महिला आरक्षण का पूरा समर्थन करेंगे, भाजपा हर बात में राजनीति करती है, यह महिला आरक्षण लाने का यह विधेयक नहीं है, बल्कि पीछे के दरवाजे से परिसीमन करने का है, महिला आरक्षण को सुरक्षा कवच बनाकर राजनीतिक मंशा पूरा कर रही है, भाजपा महिला आरक्षण के पक्ष में नहीं हैं, इसलिए इसे विलंब से लेकर आई है, सरकार ने दवाब में जनगणना के साथ जाति जनगणना करने की बात मानी है, इन सबके बावजूद सरकार जाति जनगणना के पक्ष में नहीं है। वह महिला आरक्षण के माध्यम से विधेयक को जटिल बनाया जा रहा है, महिला आरक्षण के नाम पर परिसीमन को बुल्डोज करने का काम कर रही है सरकार।

**-गौरव गोगोई, सासंद, कांग्रेस**

# मोटर इंश्योरेंस में रखें इन बातों का ध्यान




हम में से अधिकतर लोग जब भी मोटर इंश्योरेंस का चुनाव करते हैं, तो सबसे पहले हमारी नजर उसके प्रीमियम पर होती है। सस्ती पॉलिसी हमें इसलिए आकर्षक लगती है, क्योंकि यह झटपट पैसों की बचत करती है, लेकिन सच्चाई यह है कि आज जो सौदा आपको सस्ता नजर आ रहा है, वहीं कल आपके लिए महंगा साबित हो सकता है। किसी भी इंश्योरेंस की असली कीमत इस बात से तय नहीं होती है कि शुरुआत में आपको कितने कम पैसे भरने पड़ रहे हैं, बल्कि इस बात से तय होती है कि अगर अचानक से आपको कुछ हो जाए तो यह किस तरह की सुरक्षा देता है। आइए जानते हैं कि आज की एक सस्ती पॉलिसी कल आपके लिए कैसे एक महंगा सौदा साबित हो सकती है। अगर आप यह सोचते हैं कि सस्ता मोटर इंश्योरेंस लेकर आपने पैसों की बचत की है, तो असल में यह आपका भ्रम है। पहले-पहल सस्ता प्रीमियम देखने में तो आकर्षक लगता है, लेकिन इनके भीतर कई तरह के जोखिम छिपे होते हैं। लुभावने लगने वाले यह इंश्योरेंस आमतौर पर सीमित कवरेज के साथ आते हैं जिससे कि जब आपको इसकी सबसे ज्यादा जरूरत होती है तब यह आपको सबसे कम सुरक्षा देते हैं। कई पॉलिसियों में दुर्घटना के मामले में छूट, रोडसाइड असिस्टेंस या यात्रियों के सामान की सुरक्षा जैसे अहम कवरेज तक शामिल नहीं होते हैं। ऐसे में जो बचत आज आपको सूझबूझ भरी लग रही है, वही बचत दुर्घटना के समय आपके लिए एक बेहद महंगा सौदा साबित हो सकती है। दुर्घटना के तुरंत बाद आपको एक सस्ते मोटर इंश्योरेंस की असली कीमत समझ आने लगती है। कई पॉलिसियों में तो मरम्मत भी पूरी तरह से कवर नहीं किए जाते हैं क्योंकि इनमें कुछ चुनिन्दा गैरेज ही शामिल होते हैं या फिर खर्चों की भी सीमा तय होती है, जिससे कि मरम्मत के दौरान आपको अच्छी गुणवत्ता वाली सुविधा तक नहीं मिलती है या फिर आपको अतिरिक्त बिल भरने पड़ते हैं। यहां तक कि क्लेम के बाद प्रीमियम में भी तेजी से बढ़त देखने को मिल सकती है, चाहे दुर्घटना में आपकी गलती हो या न हो। यानी जो छोटी सी बचत आप आज कर रहे हैं, उसकी वजह से भविष्य में आपको और ज्यादा पैसे भरने पड़ सकते हैं। इतना ही नहीं, सीमित कवरेज में अक्सर आपको टॉइंग, मेडिकल बिल या ऐसे खर्च जिनके बारे में आपको लगता था कि उसका भुगतान इंश्योरेंस कंपनी करेगी, उनके लिए भी आपको अपनी जेब से पैसे भरने पड़ते हैं। जो चीज शुरुआत में आपको किफायती लग रही थी, वहीं दुर्घटना के बाद आपके लिए एक आर्थिक बोझ बन जाती है। दुर्घटना का असर केवल आपकी कार पर नहीं होता, बल्कि यह आपके रिकॉर्ड को भी खराब करता है। फाइलों में क्लेम कई-कई सालों तक दर्ज रहता है। जब आप कोई सस्ती पॉलिसी लेते हैं, तो जब भी आप इसे रिन्यू करते हैं, तब यह बात आपको आर्थिक रूप से कचोटती है। कुल मिलाकर देखें तो एक स्मार्ट बचत जल्द ही आपके लिए एक भारी बोझ बन जाती है। इसमें केवल साधारण दुर्घटना ही शामिल नहीं होती है, बल्कि चोरी, आगजनी, प्राकृतिक आपदाएं, तोड़फोड़ और यहां तक कि अगर चालक के पास इंश्योरेंस न हो या फिर चालक के पास अपर्याप्त इंश्योरेंस होने पर भी आपको पूरी सुरक्षा मिलती है। इससे यह बात पक्की हो जाती है कि चाहे जैसी भी परिस्थिति हो आपको हर हाल में पूरी सुरक्षा मिलेगी। कॉम्प्रिहेंसिव पॉलिसियां आपको एक भरोसेमंद गैरेज चुनने की सुविधा तो देती ही हैं, साथ ही इनमें जेनुइन स्पेयर पार्ट्स भी कवर किए जाते हैं। इससे यह बात पक्की हो जाती है कि न तो आपको खर्चों की चिंता करने की जरूरत है, न ही आपको गुणवत्ता के साथ समझौता करना पड़ेगा। इको एश्योर रिपेयर प्लान में आपकी कार को सुरक्षा देने के साथ-साथ पर्यावरण का भी पूरा ख्याल रखा जाता है। इसमें मरम्मत के काम के लिए पर्यावरण अनुकूल दृष्टिकोण को अपनाया जाता है, जिसमें टिकाऊ विधि, ऊर्जा-बचत प्रक्रिया के साथ-साथ पर्यावरण अनुकूल चीजों का इस्तेमाल किया जाता है। इसका अर्थ यह है कि न केवल आपको विश्वनीय सेवा के साथ-साथ वाहन के जेनुइन पार्ट्स भी मिलते हैं, बल्कि आपके मन को सुकून मिलता है कि आपने कार्बन उत्सर्जन को घटाते हुए पर्यावरण में अहम योगदान दिया है। आर्थिक सुरक्षारू यह आपको अचानक से आने वाले खर्चों और अपनी जेब से भरे जाने वाले पैसों से सुरक्षा प्रदान करता है। चाहे टॉइंग की फीस हो या मेडिकल बिल या रिप्लेसमेंट कॉस्ट, कॉम्प्रिहेंसिव कवरेज आपको अचानक से आने वाले हर तरह के खर्चों से सुरक्षा प्रदान करता है। कई कॉम्प्रिहेंसिव प्लान में नो-क्लेम बोनस शामिल होते हैं, जिससे कि क्लेम के बाद प्रीमियम में होने वाली तेज बढ़त से आपको सुरक्षा मिलती है। साथ ही, जैसे-जैसे समय बीतता है वैसे-वैसे आपको सुरक्षित ड्राइविंग करने का फायदा यानी कि पुरस्कार भी मिलता रहता है। एनसीबी प्रोटेक्शन ऐड-ऑन कवर के जरिए आप क्लेम करने के बाद भी अपने जमा हुए बोनस को सुरक्षित बनाए रख सकते हैं। इसका अर्थ यह है कि आपका प्रीमियम स्थाई रहता है और आपने सुरक्षित ड्राइविंग करते हुए जो भी बोनस हासिल किए हैं, उनका लंबे समय में बचत के तौर पर लगातार फायदा उठा सकते हैं। कॉम्प्रिहेंसिव पॉलिसियों में अक्सर अतिरिक्त सुरक्षा जैसे कि रोडसाइड असिस्टेंस, रेंटल कार कवरेज और फटाफट क्लेम सैटलमेंट शामिल होते हैं, जिससे कि रिकवरी की प्रक्रिया न केवल सहज हो जाती है, बल्कि आप हरदम परेशानी-मुक्त भी रहते हैं। साधारण इंश्योरेंस की तुलना में कॉम्प्रिहेंसिव प्लान में किसी वस्तु के गिरने से होने वाला नुकसान, बाढ़ या आग से हुई क्षति जैसे जोखिम शामिल होते हैं जो अचानक से कभी भी हो सकते हैं और इनके लिए आपको भारी-भरकम नुकसान हो सकता है। कुछ कॉम्प्रिहेंसिव पॉलिसियों में जीरो डेप्रिसिएशन कवर जैसे फीचर शामिल होते हैं, जो यह बात पक्की करते हैं कि आपको पूरा-पूरा क्लेम मिलेगा और समय के साथ वाहन के पुराने होने पर इस्तेमाल के दौरान होने वाले टूट-फूट से भी आपको पूरी सुरक्षा मिलेगी। ऐड-ऑन्स जो आपकी पॉलिसी को और मजबूत बनाते हैं जब आप कॉम्प्रिहेंसिव कवरेज को चुनते हैं, तो अतिरिक्त सुरक्षा जोड़कर आप इसे विशेष जोखिमों से और मजबूत बनाते हैं। हालांकि ओन डैमेज कवरेज में जबरदस्त सुरक्षा तो होती है, लेकिन इसकी अपनी सीमाएं भी हैं। इसमें क्लेम के दौरान आपको अपनी जेब से भारी-भरकम रकम भरनी पड़ सकती है। ऐसे में ऐड-ऑन्स अहम भूमिका निभाते हैं। जीरो डेप्रिसिएशन कवर यह बात पक्की करता है कि इस्तेमाल के साथ-साथ आपकी कार जितनी भी पुरानी हो जाए और इसके पुर्जे जिस भी स्थिति में हों, इन सबके लिए आपको पूरा-पूरा क्लेम मिले। यह सहूलियत नई कार के मामले में और भी फायदेमंद होती है।

**इंजन प्रोटेक्शन कवर बाढ़, ऑयल लीकेज या मैकेनिकल खराबी जैसी स्थितियों में महंगे इंजन की मरम्मत से होने वाले खर्चों से सुरक्षा प्रदान करता है, जो कि आमतौर पर साधारण कवरेज में पूरी तरह से कवर नहीं किए जाते हैं। इसके अलावा, रिटर्न टू इनवॉयस (आरटीआई) वाहन के पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होने या चोरी जैसे मामलों में आपकी कार की पूरी इनवॉयस कीमत वापस दिलाता है, जिससे कि आपको कार की घटी हुई बाजार कीमत के बजाय असली खरीद कीमत प्राप्त करने में मदद मिलती है। कंज्यूमेबल्स कवर छोटे लेकिन कार के लिए बेहद अहम पुर्जे जैसे कि नट-बोल्ट, लुब्रिकेंट और ऑयल आदि के खर्च को कवर करता है, जो कि आमतौर पर साधारण क्लेम में शामिल नहीं किए जाते हैं।**

**राकेश कौल, चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर रिटेल बिजनेस, बजाज जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड (पूर्व नाम बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड)**

# भारतीय पत्रकारिता को कलंकित करता गोदी मीडिया

**अब तो उस पाकिस्तानी व्यक्ति की लोकप्रियता गोदी चैनल्स में इतनी बढ़ गई है कि वह व्यक्ति दूसरे चैनल्स पर भी नजर आने लगा है। वह खुद भी कह चुका है कि तुम हिंदुस्तानी चौनल वाले मुझे बुलाते ही इसलिए हो ताकि तुम्हारी टी आर पी बढ़े। सनसनी फैलाने, पक्षपात करने, सत्ता का गुणगान करने, भ्रामक रिपोर्टिंग करने, बहस में अपना एजेंडा थोपने, साम्प्रदायिकता फैलाने सत्ता के बजाय विपक्ष को कटघरे में खड़ा करने, मंहगाई, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर बहस न करने व इन मूल मुद्दों को न उठाने जैसी अपनी गैर जिम्मेदाराना हरकतों के चलते आज विदेशों में भी भारतीय मीडिया की छवि नकारात्मक बन चुकी है। भारतीय मीडिया को अक्सर सरकार का चमचा कहकर संबोधित करते हैं।**



**निर्मल रानी**

सत्ता की गुलामी करने में मदहोश देश का गोदी मीडिया तमाम अपमानों, जलालत, विरोध व आलोचनाओं के बावजूद अपनी प्रस्तुति, सामग्री व शब्दों के चयन के स्तर को दिन प्रतिदिन गिराता जा रहा है। हद तो यह है अपनी टी आर पी बढ़ाने के चक्कर में पाकिस्तान व अन्य देशों के अतिथियों को अपने साथ लाईव जोड़कर उनसे विवदित व बेतुके सवाल पूछकर उन्हें श्बदकलामी श करने के लिए जानबूझकर उकसाया जाता है। ताकि वे तीखा जवाब दें जिससे बहस में गर्मी पैदा हो और बहस में असंसदीय व अभद्र शब्दों का इस्तेमाल हो। और इसी शोर शराबे की आड़ में उनकी टी आर पी भी बढ़े उनका एजेंडा भी पूरा हो और उनके सरपरस्त श्आकाश भी खुश हो सकें। देश को कलंकित करने वाले ऐसे अनेक टी वी स्टूडियो में डिबेट के दौरान गाली गलौज, धक्का मुक्की मार पीट सब कुछ तो होता रहता है? अफसोस यह कि यह सब पूर्वनियोजित होता है और जानबूझकर करवाया जाता है।

सरकारी टीवी चैनल डीडी न्यूज के शो दो टूक के एंकर अशोक वास्तव द्वारा अपने इसी शो में पिछले दिनों की गई एक अत्यंत घटिया टिप्पणी को सुनकर भला कौन कह सकता कि यह भाषा किसी पत्रकार या टीवी एंकर की भाषा हो सकती है। एक लाइव डिबेट के दौरान अशोक वास्तव ने कहा कि राहुल गांधी सावरकर के चप्पल की धूल के एक कण के हजारवें हिस्से के बराबर भी नहीं हैं। राहुल गांधी सावरकर के जूते की नोक के बराबर भी नहीं हैं, और उस नोक पर लगी धूल के कण के भी हजारवें भाग के बराबर नहीं हैं। एंकर अशोक वास्तव द्वारा यह टिप्पणी सावरकर को श्रद्धांजलि देते समय राहुल गांधी से उनकी तुलना करने के बहाने से की गई थी। इस ओछी व घटिया टिप्पणी के बाद खासकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उबाल आ गया। कई विपक्षी नेताओं ने भी ऐसी घटिया टिप्पणी को अपमानजनक व असभ्य बताया। इसके बाद युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नई दिल्ली में दूरदर्शन मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने यह पत्रकारिता नहीं, सत्ता की दलाली है जैसे नारे लगाए। गोदी मीडिया का पुतला फूंका गया। इसके बाद यह सवाल भी खड़ा हुआ कि निजी टीवी चैनल तो भय लालच व्यवसायिकता अथवा वैचारिक कारणों से तो सत्ता की गोद में जाकर बैठ ही चुके हैं परन्तु आखिर देश के कर दाताओं के पैसों से चलने वाला सरकारी चैनल भी क्या अपनी निष्पक्षता खो चुका है? क्या DD News पर भी करोड़ों रुपये लेने वाले पत्रकार व टाई सूट में सजे धजे टीवी ऐंकर भी अब आई टी सेल या ट्रोलर्स की भाषा बोलने के लिए मजबूर हो चुके हैं?

इसी तरह एक निजी टीवी चैनल की एक एंकर हैं जिन्होंने पिछले दिनों इफ्तार पार्टी आयोजित कर कई राजनेताओं को दावत दी थी। उनकी यह दावत और आमंत्रित लोगों को देखकर यह समझने में देर नहीं लगी कि उनका राजनैतिक रुझान भी है और वह पत्रकारिता के बाद संभवतः राजनीति में ही अपना कैरियर बना सकती हैं। दरअसल गोदी पत्रकारों को यह मालूम है कि गोदी से उतरने के बाद वे इस लायक ही नहीं रहेंगे कि अपना कोई प्लेटफॉर्म खड़ाकर उसपर अपने जौहर दिखा सकें, क्योंकि हर पत्रकार सिद्धार्थ वरदराजन, रवीश कुमार, अजीत अंजुम, अभिसार शर्मा, अशोक पाण्डेय, पुण्य प्रसून वाजपेई, प्रज्ञा मिश्रा, आरिफा खानम या आशुतोष जैसे पत्रकारों के नक्शे कदम पर नहीं चल सकता। दरअसल ऐसी पत्रकारिता के लिए अध्ययन, साहस, ज्ञान, पत्रकारिता का दायित्वबोध आदि सब कुछ चाहिए जो चाटुकारिता या सत्ता की दलाली के लिए जरूरी नहीं। बहरहाल गोदी चौनल की यही मोहतरमा अपने चौनल पर एक पाकिस्तानी मेहमान को बार बार बुलाती हैं। यह जब उससे कोई तीखा सवाल जानबूझकर करती हैं तो वह शख्स इनसे भी तीखा जवाब देता है। मैंने उसे अपशब्द बोलते, गलियां निकालते भी सुना यहां तक कि उसकी कई टिप्पणियों से हमारे देश की तौहीन भी हुई। परन्तु यह आज भी उसे जानबूझकर बार बार बुलाती हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सामाजिक विभाजन को दूर किया पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने



**डा. हिमांशु**


चंद्रशेखर के अपने आज राजनीतिक दलों के बीच गहरी होती खाईयों, बढ़ते सामाजिक विभाजनों और नेताओं के परस्पर विशेष से ठप्प पड़ती समृद्ध सांसदीय परम्पराओं के इस दौर में चन्द्रशेखर जन्मशती वर्ष में ही नहीं रोजमर्रा में भी सांसदीय राजनीति के भीष्म पितामह और भारतीय राजनीति के अजातशत्रु सर्वश्रेष्ठ सांसद आंके गए पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चन्द्रशेखर का जागरूक जानकार लोगों को याद आना स्वाभाविक ही है। देश जनता के हित में अपने हितों की बलि देकर इन बाधाओं को पाटने के लिए ही शायद चन्द्रशेखर नीलकंठ बने थे।

साधारण किसान परिवार की पृष्ठभूमि से आए पर बड़े-बड़े पदों की उपलब्धता लम्बे समय तक होने के बावजूद दोस्तों के दोस्त, फक्कडमस्त, खांटी चन्द्रशेखर बिना किसी पद पर रहे सीधे प्रधानमंत्री बने। सिर्फ चन्द्रशेखर। चन्द्रशेखर के व्यक्तित्व के गलत आंकलन और अपने नासमझी के व्यवहार का अहसास होने पर सहज, सज्जन, राजीव गांधी ने उनसे इस्तीफा न देने का आग्रह किया। इस्तीफे बहुतों ने दिए पर आग्रह के बावजूद इस्तीफा वापस न लेने वाले सिर्फ चन्द्रशेखर। हालांकि जानकारों का यह भी मानना है कि यदि चन्द्रशेखर आग्रह मान इस्तीफा न देते या दोबारा शपथ के प्रस्ताव को मान लेते तो शायद भारतीय राजनीति की दशा दिशा कुछ और होती। बुद्ध-गांधी की तरह 1983 में 6 महीने पैदल कन्याकुमारी से दिल्ली भारत यात्रा करने वाले इस अजब गजब पदयात्री को इन्दिरा जी, राजीव जी से ज्यादा जानती मानती थी। 1964 में कांग्रेस में शामिल होने का इन्दिरा जी ने कारण चन्द्रशेखर जी से पूछा तो उनका सच्चा जवाब था कि वो कांग्रेस को समाजवादी बनाने आए है। न बना पाए तो अगला सवाल था। जवाब सीधा सपाट कि पार्टी तोड दूंगा। दलीय आसक्ति चन्द्रशेखर जी में कभी नहीं रही पर मुद्दों और विचाराधारा के प्रति निष्ठा हमेशा रही। 1972 में वे इन्दिरा जी के मना करने के बाद भी चुनाव समिति का चुना लड़े और सर्वाधिक मतों से जीते भी। इन्दिरा जी के बड़े-बड़े पदों के प्रस्ताव को नकार चन्द्रशेखर 1975 में इमरजेन्सी का विरोध कर 19 महीने जेल में रहे और 1984 में स्वर्ण मन्दिर गुरुद्वारे में आप्रेशन ब्लू स्टार के तरीके के विरोध का जोखिम भी उठाया पर दोनों नेताओं के बीच कभी कोई कटुता नहीं रही। 19 महीने इमरजेन्सी की जेल के बाद 1977 की जनता पार्टी सरकार में इन्दिरा जी पर ज्यादती हुई तो जनता पार्टी अध्यक्ष चन्द्रशेखर अपनी ही सरकार का विरोध करने से भी नहीं हिचके। 1990 में ऐसे कांग्रेस के बाहरी समर्थन से चन्द्रशेखर जी का अप्रत्याशित सरकार बनाना प्रधानमंत्री बनना उनके कुछ सहयोगियों को भी असहज कर गया, पर मंडल कमंडल की आड़ में जल रहे देश को सम्हालने की हिम्मत किसी नेता में नहीं दिखाई और देश समाज के हित में छवि की परवाह न करते हुए चुनौती स्वीकार करना नीलकंठ बनना चन्द्रशेखर जी के लिए स्वाभाविक था। उनका कोई पूर्व प्रशासनिक अनुभव न होने से आशंकित तत्कालीन राष्ट्रपति आर. वैंकटरमण अपनी किताब में प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर के कार्यकाल को सुखद आश्चर्य, यादगार और श्रेष्ठ आंकते है। विरासत में उनकी सरकार को साम्प्रदायिकता और जातिवाद से जलता देश, दर्जन राज्यों में कर्फ्यू आतंकवाद से झुलसता पंजाब, कश्मीर, तमिलनाडु और उत्तर पूर्व, खाडी युद्ध और भुगतान संकट से खस्ताहाल अर्थव्यवस्था के हालात मिलें। पूर्ववर्ती सरकारों को कोसने के बजा, समाधान करने को उन्होंने प्राथमिकता दी। जो नतीजे पूर्ण या प्रचंड बहुमत की पूर्णकालिक सरकारे हासिल न कर पाई, इस बाहरी समर्थन पर टिकी अल्पमत की 4 महीने की सरकार ने दिए और इसीलि, 4 महीने बनाम 40 साल के नारे पर उन्होंने अगला चुनाव लड़ा। चन्द्रशेखर जी को इसका यश और श्रेय तो मिला पर मंडल कमंडल और बाद में भूमंडलीकरण की राजनीति कदमताल न मिला पाने के कारण वोट के गणित में वो पिछड़ते चले गए। पिछले 30 सालों में भारतीय समाज व राजनीति साम्प्रदायिकता और जातिवाद से ऐसे अभिशप्त हुए कि चन्द्रशेखर की बुलन्द आवाज और रोजी, रोटी, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, सुरक्षा के मुद्दे हालांकि गायब तो नहीं हुए पर उनसे न्याय भी नहीं हो पाया। काश्मीर, असम, नेपाल, भ्रष्टाचार, आतंकवाद, अयोध्या विवाद, बोफोर्स, ब्लू स्टार, निजीकरण, विनिवेश, उदारीकरण, भूमंडलीकरण, अमरीका सम्बन्धों आदि विषयों पर 20-30 साल बाद उनके विचारों से सब तरफ सहमति दिखाई देती है पर तब उनकी दूरदर्शिता और साफगोई से उपजी और नासमझ स्वार्थी नेताओं द्वारा प्रयोजित तात्कालिक जनता की नाराजगी का राजनीतिक नुकसान उठाने का साहस चन्द्रशेखर जी ने हमेशा किया। हां इस कारण उन्हें दोस्तों की कमी कभी नहीं रही। पर इसका कारण भी दोस्त बनाने के उनके हुनर से ज्यादा दोस्ती निभाने का उनका माद्दा है जिसमें वो खुद विवादित होने तक का जोखिम उठा लेते थे। राजनीतिक छूआछूत से अलग उनके मित्र व प्रशंसक समाज के हर वर्ग, क्षेत्र, देश, दल में रहे। कांग्रेस से भाजपा तक, वामपंथ से दक्षिण पंथियों तक। विस्तृत प्रभामंडल के चन्द्रशेखर इन्दिरा जी से अटल, ज्योति बासु और कांशीराम तक के सम्मानित रहे। उनकी तुलना किसी भारतीय सांस्कृतिक मिथक से सम्भव है तो वो है भोलेशंकर, 'भोलेशंकर समाजवादी'। यही कारण है कि भैरासिंह, शरद पवार और मुलायम सिंह की संयुक्त समिति की देखरेख में अयोध्या विवाद 1991 में ही चन्द्रशेखर सरकार के कार्यकाल में समाधान के ,कदम करीब पहुंच गया था। पर सरकार चली गई। सावन में आम की दावत का शौकीन, आम आदमी की खास आवाज-ए-शख्सियत आज नाटकीयता, विशेष, विभाजन से अवरुद्ध व ग्रस्त संसद को स्नेह, मनुहार और जरूरत पडने पर डांट डपट से बाहर निकालने की क्षमता रखता था जिसकी जरूरत आज और भी बढ़ गई है। यह आवाज आज समाज में कमजोर, दबे कुचले की बेखौफ आवाज होती और देश के अन्दर बाहर राष्ट्रीय गरिमा से हर खिलवाड़ के खिलाफ राष्ट्रीय गौरव की अभिव्यक्ति बनती। सत्ताधीशों को चेताती और चुनौती स्वीकारती। भारत यात्रा केन्द्र में चन्द्रशेखर जी को भेंट की गई एक कविता मढ़ी रखी थी-

क्या हुआ, जो राजनीति में अपना वेश बदला?
क्या हुआ, जो धर्म के चेहरे पर कालिख पुत गई है?
क्या हुआ, जो कुंद बौने आज शासक बन गए हैं?
मैं सदा ही इस जाति की पहचान बताता रहूंगा।

आशा है चन्द्रशेखर के अपने इस विरासत को राजनीति और समाज में संस्थागत रूप देने का प्रयास करते रहेंगे और राष्ट्र अपने इस सपूत को शीघ्र भारत रत्न से विभूषित करेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)




# परमाणु-स्पेस पर रिसर्च करने वाले 5 अमेरिकी वैज्ञानिक गायब

## वैज्ञानिकों की मौत और गुमशुदगी के मामलों पर अब व्हाइट हाउस सवालों के घेरे में

**वाशिंगटन।** अमेरिका में न्यूक्लियर और स्पेस रिसर्च से जुड़े वैज्ञानिकों की मौत और गुमशुदगी के मामलों पर अब व्हाइट हाउस सवालों के घेरे में है। 2023 से अब तक ऐसे 10 मामले सामने आए हैं, जिनमें वैज्ञानिक या अधिकारी या तो लापता हो गए या संदिग्ध हालात में मरे।

व्हाइट हाउस ब्रीफिंग में पहली बार प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट से इन घटनाओं पर सवाल पूछा गया। जवाब में उन्होंने कहा कि मैंने अभी संबंधित एजेंसियों से इस बारे में बात नहीं की है। मैं ऐसा करूंगी और आपको जवाब दूंगी। उन्होंने आगे कहा कि अगर यह सही है, तो यह निश्चित तौर पर ऐसी बात है जिसे सरकार जांच के लायक मानेगा। उनके इस जवाब के बाद लोगों में नाराजगी देखने को मिली। कई लोगों ने आरोप लगाया कि सरकारी एजेंसियां इस पैटर्न को गंभीरता से नहीं ले रही हैं या फिर इसे छुपाने की कोशिश कर रही हैं। वैज्ञानिकों के लापता या मौत के सभी मामले अमेरिका की हाई-सिक्योरिटी रिसर्च संस्थाओं से जुड़े बताए जा रहे हैं। इनमें लास एलामोस नेशनल लैब, नासा का जेट प्रोपल्शन लैब और एमआईटी का प्लाज्मा साइंस एंड फ्यूजन सेंटर शामिल हैं। ये संस्थान न्यूक्लियर हथियार, एडवांस्ड प्रोपल्शन और नई ऊर्जा तकनीकों पर काम करते हैं।




■ वैज्ञानिकों के लापता या मौत के सभी मामले अमेरिका की हाई-सिक्योरिटी रिसर्च संस्थाओं से जुड़े बताए जा रहे हैं

रिपोर्ट्स के मुताबिक कई लापता वैज्ञानिक अपने घरों से अचानक पैदल निकल गए। उन्होंने फोन, वालेट और चाबियां तक पीछे छोड़ दीं। यही पैटर्न कई मामलों में देखा गया है, जिससे संदेह और बढ़ा है। रिटायर्ड एयर फोर्स जनरल विलियम नील मैककैसलैंड का मामला हाल में बहुत चर्चा में रहा। वे 27 फरवरी को अपने न्यू मैक्सिको स्थित घर से गायब हो गए थे। बताया गया कि वे अपने साथ सिर्फ पिस्टल लेकर निकले थे और उनकी पत्नी ने 911 पर कहा कि वे खुद को छिपाने की कोशिश कर रहे थे। मोनिका अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा के जेट प्रोपल्शन लैब से जुड़े एक प्रोजेक्ट में काम कर रही थीं। वहां वह नए मटेरियल और धातुओं पर काम देखने वाली एक टीम की चीफ थी। वह एक खास धातु पर काम कर रही थीं, जिसे मोंडालोय कहा जाता है। यह मटेरियल खास तौर पर राकेट इंजन के लिए बताया जाता है। यह भविष्य की स्पेस टेक्नोलाजी के लिए काफी अहम हो सकता था। मोनिका को आखिरी बार 22 जून की सुबह माउंट वाटरमैन इलाके में दो दोस्तों के साथ हाइकिंग करते हुए देखा गया था। उनके बारे में अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मोनिका का प्रोफेशनल कनेक्शन रिटायर्ड एयर फोर्स जनरल विलियम 'नील' मैककैसलैंड से था। वह 8 महीने बाद गायब हो गए। इसके बाद शक और बढ़ गया। विलियम अमेरिका के रिटायर्ड एयर फोर्स जनरल हैं। वह पहले एयर फोर्स रिसर्च लैबोरेट्री के कमांडर रह चुके हैं।

वहां वे अरबों डालर के साइंस और टेक्नोलाजी प्रोग्राम संभालते थे। यह लैब अमेरिकी सेना की सबसे अहम रिसर्च यूनिट्स में से एक है, जहां नई टेक्नोलाजी, हथियार सिस्टम, स्पेस से जुड़ी टेक्नोलाजी और एडवांस साइंस पर काम होता है। जिस प्रोजेक्ट में मोनिका रेजा काम कर रही थीं, उससे जुड़ी फंडिंग की देखरेख मैककैसलैंड ने की थी। मैककैसलैंड 27 फरवरी 2026 की सुबह न्यू मैक्सिको में अपने घर के पास आखिरी बार देखे गए थे। गार्सिया कंसास सरकारी ठेकेदार थे और सिटी नेशनल सिक्योरिटी कैंपस से जुड़े थे, जहां परमाणु हथियारों के गैर-न्यूक्लियर पार्ट बनाए जाते हैं। यहां काम करने वाले लोग सुरक्षा के लिहाज से काफी अहम माने जाते हैं।



आगरा। भीषण गर्मी के बीच ताजमहल का दीदार करते पर्यटक।

## तुर्की में गोलीबारी का समर्थन करने वाले 162 लोग गिरफ्तार

**अंकारा।** तुर्की में इस हफ्ते दो स्कूलों में हुई गोलीबारी के बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 162 लोगों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों पर आरोप है कि इन्होंने सोशल मीडिया पर गोलीबारी का समर्थन किया और ऐसे पोस्ट किए, जिनसे अपराध और अपराधियों को बढ़ावा मिला। मंगलवार और बुधवार को देश के अलग-अलग हिस्सों में दो स्कूलों में फायरिंग की घटनाएं हुईं। बुधवार को कहरामनमाराश के आयसेर चालिक सेकेंडरी स्कूल में हुए हमले में 8 छात्रों और एक शिक्षक की मौत हो गई, जबकि 13 लोग घायल हुए। घायलों में 6 की हालत गंभीर बताई जा रही है। 14 साल का हमलावर भी इस घटना में मारा गया। इससे एक दिन पहले दे एक हाई स्कूल में भी गोलीबारी हुई थी, जिसमें कम से कम 16 लोग घायल हुए थे।

## गैरकानूनी युद्ध के स्थायी अंत की शर्तों को प्राथमिकता: अराघची

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि देश पर थोपे गए 'गैरकानूनी युद्ध के निर्णायक और स्थाई अंत की शर्तें' उनकी प्राथमिकता हैं और अमेरिकी मीडिया में उसके रुख को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ईरान की स्थिति को अमेरिकी मीडिया गलत ढंग से प्रस्तुत कर रहा है। हम पाकिस्तान के प्रयासों के लिए आभारी हैं और हमने कभी इस्लामाबाद जाने से इन्कार नहीं किया। हमारे लिए अहम यह है कि हम पर थोपे गए इस गैरकानूनी युद्ध का निर्णायक और स्थाई अंत किन शर्तों पर होगा। अराघची ने बुधवार को तेहरान में पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर से मुलाकात के दौरान यह बात कही। उन्होंने अमेरिका-ईरान वार्ता की मेजबानी के लिए पाकिस्तान का आभार भी जताया। उच्चस्तरीय राजनीतिक-सुरक्षा प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे मुनीर के साथ पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय, सुरक्षा संस्थानों और तकनीकी विशेषज्ञों के प्रतिनिधि भी शामिल थे। अराघची ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि संवाद की मेजबानी के लिए पाकिस्तान का आभार व्यक्त किया, जो हमारे गहरे द्विपक्षीय संबंधों को दर्शाता है। क्षेत्र में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता मजबूत और साझा है।

# ट्रम्प को भारी पड़ रही ईरान से जंग

## अमेरिका ने माना लापता डफ-4सी ट्राइटन ड्रोन हुआ था क्रैश, अब तक 25 ड्रोन का नुकसान

**वाशिंगटन।** पिछले एक महीने से जारी ईरान-अमेरिका युद्ध अब डोनाल्ड ट्रम्प के लिए भारी पड़ता नजर आ रहा है। अमेरिका अभी तक इस युद्ध में सबसे उन्नत एफ-35 समेत कई विमान और ड्रोन को गंवा चुका है। अब अमेरिका ने माना है कि उसे हाल ही में बड़ी तादात में उन्नत ड्रोन खोने पड़े हैं। अमेरिकी नौसेना ने आधिकारिक पुष्टि की कि उसका लापता ड्रोन 'एमक्यू-4सी ट्राइटन' खाड़ी क्षेत्र में क्रैश हो गया। यह पहली बार है जब अमेरिका ने अपने बड़े नुकसान को कबूला है। यह जानकारी यूनाइटेड स्टेट्स नेवल सेफ्टी कमांड की हालिया रिपोर्ट में सामने आई है।

यह हाई-एल्टीटयूड, लान्ग-एंडयोरेंस (एचएलीई) निगरानी ड्रोन समुद्री इलाकों में जासूसी और दुश्मनों पर नजर रखने के लिए इस्तेमाल होता है, जिसकी कीमत करीब 2000 करोड़ रुपये से ज्यादा की बताई जा रही है। यह 24 घंटे तक हवा में रहने के लिए डिजाइन किया गया है। अमेरिकी नौसेना सुरक्षा कमांड की रिपोर्ट में स्पष्ट तौर पर लिखा है-9 अप्रैल 2026 (स्थान गोपनीय-आपरेशनल सिक्योरिटी) एमक्यू-4सी क्रैश। दरअसल, अमेरिकी रक्षा विभाग के नियमानुसार, 2.5 मिलियन डालर से अधिक नुकसान वाले हादसों को क्लास ये मिसहैप माना जाता है। ये भी इसी श्रेणी में बताया गया है यानी 2000 करोड़ रुपये के करीब होगा।



■ अमेरिका अभी तक इस युद्ध में सबसे उन्नत एफ-35 समेत कई विमान और ड्रोन को गंवा चुका

### सीनेट ने ईरान के खिलाफ अमेरिकी युद्ध रोकने की कोशिश को किया नाकाम

**मॉस्को।** अमेरिका की सीनेट ने ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई जारी रखने से रोकने वाले प्रस्ताव को बुधवार को खारिज कर दिया है, जिससे युद्ध रोकने की कोशिश विफल हो गई है। इस पहल का 52 सीनेटरों ने विरोध किया जबकि 47 सीनेटरों ने इसका समर्थन किया। यह वोट इस साल चौथी बार है जब सांसदों ने इसकी वैधता और दायरे को लेकर जताई गई चिंताओं के बावजूद औपचारिक मंजूरी के बिना ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजरायल के युद्ध को जारी रखने की प्रभावी अनुमति दी है। कुछ सीनेटरों ने एक स्पष्ट रणनीति की जरूरत को स्वीकार करते हुए बताया कि अमेरिकी कानून के तहत, कांग्रेस को 60 दिनों के भीतर सैन्य कार्रवाई को अधिकृत करना होता है और यह समय-सीमा इस महीने के अंत में पूरी होने वाली है।

अमेरिकी अधिकारियों ने साफ कहा कि ड्रोन किसी के हमले का शिकार नहीं हुआ, बल्कि 9 अप्रैल को ये 'क्रैश' हुआ था। मानवरहित ड्रोन होर्मुज में इंटरनेशनल एयरस्पेस में तीन घंटे के रूटीन मिशन पर निकला था। फारस की खाड़ी के ऊपर उड़ान भरते समय जब विमान अचानक आनलाइन फ्लाइट ट्रैकिंग साइट्स से गायब हो गया, ब्राडकास्ट इमरजेंसी कोड 7700 नजर आने लगा, जो आमतौर पर इन-फ्लाइट इमरजेंसी के लिए उपयोग में लाया जाता है। सूत्रों के हवाले से कहा गया कि उसे ईरानी हवाई सुरक्षा बलों ने मार गिराया था, हालांकि, इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई थी।

द वॉर जोन की एक रिपोर्ट के अनुसार, ड्रोन 50,000 फीट की ऊंचाई से तेजी से नीचे गिरा और 10,000 फीट से भी नीचे पहुंचने के बाद उसका संपर्क टूट गया था। नेवी ने आपरेशनल सुरक्षा कारणों से उसने दुर्घटना की सटीक जगह का खुलासा नहीं किया है। विमान में अमेरिका का कोई भी कर्मी सवार नहीं था, और किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है। ट्राइटन ड्रोन को नार्थराप ग्रुम्मन ने बनाया है। यह अमेरिकी नेवी के पावरबैंक का सबसे एडवांस मानवरहित एरियल सिस्टम है। इसे बेहद ऊंचाई पर उड़ने और लंबे वक्त के मिशन के लिए डिजाइन किया गया है। ग्रुम्मन की आधिकारिक साइट पर दावा किया गया है कि यह रक्षा के लिए सबसे उन्नत, ऊंची उड़ान भरने वाली और लंबे समय तक टिकने वाली क्षमता रखता है। मामला यहीं खत्म नहीं होता। इसी अवधि में अमेरिका ने अपने 24 और एमक्यू-9 रीपर ड्रोन भी गंवाए हैं। इनकी कुल कीमत लगभग 6727 करोड़ रुपये आंकी गई है। इस तरह कुल 25 ड्रोन के नुकसान ने अमेरिकी सैन्य रणनीति और क्षेत्रीय सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ट्राइटन, एमक्यू-4 ग्लोबल हाक का ही एक रूप है, और समुद्री निगरानी में विशेषज्ञता हासिल है। इस विमान की रेंज 13,000 किलोमीटर से भी ज्यादा है, जो बड़े इलाके की लगातार निगरानी के लिए जरूरी है।

## भारत-ऑस्ट्रिया के बीच शिक्षा क्षेत्र में सहयोग पर समझौता

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि ऑस्ट्रिया के चांसलर क्रिश्चियन स्टॉकर की भारत यात्रा से दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश के क्षेत्र में नई ऊर्जा आएगी और ऑस्ट्रिया की विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञता तथा भारत की गति और पैमाना दुनिया के लिए विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित करेगा। दोनों देश रक्षा, सेमीकन्डक्टर, क्वांटम और जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी अपनी साझेदारी को सुदृढ करेंगे।

भारत और आस्ट्रिया ने शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं और माइग्रेशन एंड मोबिलिटी एग्रीमेंट को नर्सिंग क्षेत्र में भी आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। दोनों देशों ने युवा आदान प्रदान कार्यक्रम के तहत हॉलिडे प्रोग्राम शुरू करने की भी घोषणा की है। मोदी ने भारत यात्रा पर आए स्टॉकर के साथ वार्ता के बाद गुरुवार को यहां संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा कि भारत-आस्ट्रिया साझेदारी को नवाचार और भविष्य की जरुरतों पर आधारित बनाए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों का मजबूती से मानना है कि सैन्य टकरावों से समस्याओं का समाधान संभव नहीं और हम यूक्रेन तथा पश्चिम एशिया में स्थाई शांति के पक्षधर हैं। उन्होंने कहा कि भारत और आस्ट्रिया दोनों ही वैश्विक संस्थाओं में सुधारों के प्रबल समर्थक हैं और आतंकवाद को जड़ से मिटाना, हमारी साझी प्रतिबद्धता है। वार्ता के बाद मोदी ने सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट में चांसलर स्टॉकर के साथ अपनी बातचीत को उपयोगी करार दिया। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रिया के चांसलर स्टॉकर के साथ अत्यंत उपयोगी चर्चा हुई। भारत में हम इस बात से प्रसन्न हैं कि उन्होंने पदभार संभालने के बाद यूरोप के बाहर अपनी पहली यात्रा के लिए हमारे देश को चुना।



**दोनों देश रक्षा, सेमीकन्डक्टर, क्वांटम और जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र में भी अपनी साझेदारी को सुदृढ़ करेंगे**

# अमेरिका-ईरान वार्ता के दूसरे दौर के लिए दबाव

## पाक प्रतिनिधिमंडल की आसिम मुनीर के नेतृत्व में ईरानी अधिकारियों के साथ बातचीत जारी

**तेहरान।** अमेरिका से मिले एक नए संदेश के साथ, पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल पश्चिम एशिया में तनाव कम करने के प्रयास में ईरान और अमेरिका के बीच वार्ता के एक नए दौर की संभावना पर ईरानी अधिकारियों के साथ बातचीत कर रहा है। सात अप्रैल को शुरू हुआ दो सप्ताह का नाजुक युद्धविराम 22 अप्रैल को समाप्त होने वाला है।

इस्लामाबाद में रविवार को बिना किसी समझौते के समाप्त हुई प्रारंभिक वार्ता के बाद पाकिस्तान आगे की वार्ता के लिए समन्वय कर रहा है। पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी भी मध्यस्थता प्रयासों में शामिल हैं जबकि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ राजनयिक वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए चार दिवसीय खाड़ी दौरे के पहले पड़ाव के रूप में सऊदी अरब में हैं। पाकिस्तानी अधिकारी दूसरे दौर की वार्ता के लिए युद्धविराम को बढ़ाने की उम्मीद कर रहे हैं और क्षेत्रीय साझेदारों को यह समझाने की कोशिश कर रहे हैं कि वे अमेरिका पर प्रभाव का इस्तेमाल करके ईरान के साथ फिर से बातचीत शुरू करें जिससे कोई राजनयिक गलती न हो। यह राजनयिक प्रयास अमेरिका और ईरान की नौसैनिक नाकाबंदी के कारण बढ़े तनाव के बीच किया जा रहा है जो क्षेत्रीय स्थिरता और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर दबाव डाल रहा है। हालांकि इस संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक समझौते की दिशा में संभावित प्रगति के संकेत मिल रहे हैं। गौरतलब है कि अमेरिका इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष में अब तक लगभग 3,000 लोग मारे गए हैं और यह पश्चिम एशिया में फैल गया है। अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता को उस समय और गति मिली जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने आने वाले 'अद्भुत दो दिनों' का वर्णन किया, जिससे संकेत मिला कि ईरान के साथ युद्ध अपने अंत के करीब हो सकता है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि समझौते की संभावनाएं आशाजनक लग रही हैं। इसके बावजूद, अमेरिकी सेना ने ईरान के सभी बंदरगाहों पर नौसैनिक नाकाबंदी की हुई है और वह 'मौजूद, सतर्क और अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए तैयार' हैं। ईरानी सेना ने इस नाकाबंदी को युद्धविराम का उल्लंघन बताया है और बुधवार तक इसके कारण नौ जहाजों को वापस लौटना पड़ा है। ईरान के संयुक्त सैन्य कमांडर अली अब्दुल्लाही ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका नाकाबंदी नहीं हटाता है तो तेहरान लाल सागर, खाड़ी और ओमान सागर के रास्ते व्यापार अवरुद्ध करके जवाबी कार्रवाई कर सकता है।



■ सात अप्रैल को शुरू हुआ दो सप्ताह का नाजुक युद्धविराम 20 अप्रैल को समाप्त होने वाला है

## सेना में कोलंबियाई नागरिकों की भर्ती कर रहा है यूक्रेन


**कीव।** यूक्रेन के सीमा रक्षक बल पोलैंड सीमा पर कोलंबियाई नागरिकों को अपनी सेना में भर्ती कर रहे हैं। यूक्रेन और मध्य पूर्व में भर्ती प्रक्रिया से जुड़े एक सूत्र ने 'स्पुतनिक' को यह जानकारी दी है। सूत्र के मुताबिक, कोलंबिया से आने वाले लड़ाके पोलैंड-यूक्रेन सीमा पर पहुंचते हैं, जहां से उन्हें सीधे सीमा सुरक्षा बलों में शामिल कर लिया जाता है। बताया जा रहा है कि ये लोग बिना किसी पहले के समझौते के ही यहां आते हैं, क्योंकि उन्हें पता होता है कि सीमा पर पहुंचते ही उन्हें सेना में भर्ती कर लिया जाएगा। लापता कोलंबियाई नागरिकों के परिजनों का कहना है कि उनके लोग सीमा पर पहुंचकर सेना में शामिल तो हो जाते हैं, लेकिन प्रशिक्षण के बाद उन्हें युद्ध के मैदान में भेज दिया जाता है।

# होर्मुज स्ट्रेट को खोलना अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की सर्वसम्मत मांगः चीन

**बीजिंग।** चीन के विदेश मंत्री वांग ई ने अपने ईरानी समकक्ष अब्बास अराघची से कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलना अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की सर्वसम्मत मांग है।

वांग ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से फोन पर बात करते हुए इस बात पर जोर दिया कि एक ओर जहां ईरान की संप्रभुता, सुरक्षा और एक तटीय राज्य के रूप में उसके वैध अधिकारों के सम्मान की आवश्यकता है, वहीं दूसरी ओर इस जलडमरूमध्य से नौवहन की स्वतंत्रता और समुद्री सुरक्षा की गारंटी भी दी जानी चाहिए वांग ने कहा कि इस जलडमरूमध्य से सामान्य आवागमन फिर से बहाल करने के प्रयास अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की ओर से एक सर्वसम्मत आह्वान का प्रतिनिधित्व करते हैं। वांग ने कहा कि वर्तमान स्थिति युद्ध और शांति के बीच एक नाजुक मोड़ पर खड़ी है लेकिन इसके साथ उन्होंने यह भी कहा कि कूटनीतिक समाधान के लिए अवसर का एक दरवाजा भी खुल रहा है। ईरानी सरकार ने होर्मुज जलडमरूमध्य के लिए एक 'विशेष व्यवस्था' परिभाषित करने का आह्वान करते हुए यह तर्क दिया कि यह जलमार्ग तेहरान के लिए एक 'विशेष संपत्ति' है। गौरतलब है कि यह जानकारी राज्य समाचार एजेंसी आईआरएनए ने दी। सरकारी प्रवक्ता फातिमा मोहजेरानी ने रूस की आरआईए नोवोस्ती को बताया कि उन सभी संपत्तियों की तरह जो अन्य देशों के साथ बातचीत के प्रकार और उसके नियमन के लिए एक साधन के रूप में काम करती हैं, उसी तरह से इस जलमार्ग के लिए भी एक विशेष व्यवस्था परिभाषित की जानी चाहिए।



देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से
M.B.B.S. ABROAD
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.

अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्डरी, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है 471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)

# लश्कर के को-फाउंडर आमिर हमजा पर फायरिंग

## अस्पताल में भर्ती, लाहौर में न्यूज चैनल के ऑफिस के बाहर हमला, पिछले साल भी अटैक हुआ था

**लाहौर।** पाकिस्तान के लाहौर में आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के संस्थापक सदस्य आमिर हमजा पर अज्ञात हमलावरों ने गोली चला दी। हमले के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हमलावरों ने लाहौर में एक न्यूज चैनल के दफ्तर के बाहर उन पर फायरिंग की।

हमला किसने और क्यों किया, यह अभी साफ नहीं हो पाया है। यह एक साल से भी कम समय में दूसरा मौका है, जब हमजा पर हमला हुआ है। इससे पहले पिछले साल मई में भी उनके घर के बाहर अज्ञात लोगों ने उन्हें गोली मारी थी। पिछले हमले के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया था। इसके बाद पाकिस्तानी अधिकारियों ने उनकी सुरक्षा बढ़ा दी थी, हालांकि उस घटना पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया था। आतंकी आमिर हमजा 1987 में लश्कर-ए-तैयबा की स्थापना में शामिल 17 लोगों में से एक है। वह आतंकी गतिविधियों, प्रचार, फंड जुटाने और लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े कई अखबारों और पत्रिकाओं का संपादन करता था। वह लश्कर की सेंट्रल एडवाइजरी कमेटी का सदस्य भी रहा है और अन्य आतंकी समूहों के साथ संबंध स्थापित करने में एक्टिव रहा है। हमजा ने हाफिज सईद के नेतृत्व में लश्कर-ए-तैयबा को दूसरे आतंकी समूहों से जोड़ने का काम किया। वह लश्कर से जुड़े एक चैरिटी संगठन का नेतृत्व करता था और लश्कर के यूनिवर्सिटी ट्रस्ट के बोर्ड में शामिल था, जिसे पहले हाफिज सईद संभालता था। हमजा ने 1980 के दशक में अफगानिस्तान में सोवियत संघ के खिलाफ युद्ध में हिस्सा लिया था। इसके बाद वह हाफिज सईद और अन्य आतंकियों के साथ जुड़ गया। वह हाफिज सईद और अब्दुल रहमान मक्की का करीबी है।



■ यह एक साल से भी कम समय में दूसरा मौका है, जब हमजा पर हमला हुआ है

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108